सुप्रभात
रांची, सोमवार
22.04.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024
सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net | चैत्र, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 278
12 एसबीआइ लाइफ ने लॉन्च किया आइडिएशनएक्स

# लोकतंत्र, संविधान बचायें मोदी को हटायें



## उलगुलान न्याय रैली में गरजे इंडी अलायंस के नेता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में झामुमो द्वारा रविवार को प्रभात तारा मैदान में आयोजित इंडिया ब्लॉक की न्याय उलगुलान महारैली में इंडी अलायंस के नेताओं ने भाजपा और पीएम मोदी को निशाने पर लिया। नेताओं ने पीएम मोदी को चैलेंज करते हुए कहा कि अबकी बार जनता उन्हें दिल्ली की गद्दी से बाहर कर देगी। जुमलेबाजी, बढ़ती महंगाई से जनता उब चुकी है। मोदी सरकार की विदाई तय है। रैली में झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने लोगों से उनका साथ देने की भावुक अपील की। कल्पना सोरेन ने मंच से हेमंत सोरेन का संदेश पढ़ा। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, हेमंत सोरेन हिम्मतवाला नेता है। जेल जाना मंजूर किया, पर झुका नहीं। राजद नेता तेजस्वी ने कहा कि झारखंड की जनता इसबार मोदी और भाजपा से बदना लेने को तैयार है। यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश ने कहा, भाजपा ने झारखंड के शेर को पिंजड़े में भले ही बंद किया है, पर उसकी दहाड़ को नहीं सकती। झारखंड के सीएम चंपई सोरेन ने कहा, भाजपा झारखंड के इतिहास, अस्तित्व और गौरव को मिटाना चाहती है।

### कल्पना ने सुनाया हेमंत का संदेश



**कल्पना सोरेन** ने मंच से हेमंत सोरेन का संदेश पढ़ा। कहा कि उलगुलान की धरती पर न्याय महारैली में देश भर से लोग जुटे हैं। वे खुद रैली में जनता के बीच नहीं हैं। उन्हें बेबुनियाद आरोपों से जेल में केंद्र की सरकार ने बंद करके रखा है। दिल्ली में भी अरविंद केजरीवाल को भी साथियों के साथ जेल में बंद रखा है। आजादी के बाद पहली बार ऐसा हुआ है जब नेताओं को जेल में बंद किया जा रहा है। वे जिस लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं, वहीं प्रयास देश भर के नेता कर रहे हैं। उलगुलान का मतलब ही है कि अब देश में ठगों की सरकार नहीं चलेगी। संविधान खत्म नहीं होने दिया जायेगा।

### भाजपा, झारखंड का इतिहास मिटाना चाहती है : चंपई



सीएम चंपाई सोरेन ने उलगुलान न्याय रैली में कहा कि भाजपा झारखंड के इतिहास, अस्तित्व और गौरव को मिटाना चाहती है। इस चुनाव में आपको ऐसा सांसद चुनना है जो राज्य के मुद्दों पर संसद में बात करे। उन्होंने कहा कि हमारे राज्य में जब डबल इंजन की सरकार थी तब आदिवासियों की स्थिति अच्छी नहीं थी। जब हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनी तो हमलोगों ने आदिवासियों की बेहतरी के लिए योजनाएं बनायी। सीएम ने कहा कि विदेश में पढ़ाई के लिए छात्रवृत्ति दी जा रही है, लेकिन भाजपा को इससे परेशानी हुई। इन्ही सब कारणों से केंद्र सरकार ने हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया गया है।

### भाजपा से बदला लेगी जनता : तेजस्वी यादव



राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा है कि हेमंत सोरेन के साथ नाइंसाफी हो रही है। इसका बदला झारखंड की जनता भाजपा से लेगी। यह भी कहा कि इस उलगुलान न्याय महारैली का संदेश साफ है- भाजपा हटाओ देश बचाओ, भाजपा हटाओ देश का लोकतंत्र बचाओ।

### अरविंद की हत्या की जाजिश हो रही : सुनीता



अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा कि जेल में उन्हें दिल्ली के सीएम कोइंसुलीन नहीं दी जा रही है। जेल में उन्हें ये लोग मारना चाहते हैं। सुनीता केजरीवाल ने कहा कि हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल दोनों को नरेंद्र मोदी ने जेल में डाल दिया। उनका क्या कसूर था। क्या आपलोग इस तानाशाही को बर्दाश्त करेंगे।

### शेर को गिरफ्तार किया है दहाड़ को नहीं : अखिलेश



सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने कहा जब मैदान में पहलवान हारने लगता है, तो हर हथकंडे अपनाता है। यही हाल भाजपा है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा ने शेर को गिरफ्तार किया है, लेकिन उसकी दहाड़ को रोका नहीं जा सकता। झारखंड की जनता भाजपा से इसका बदला लेगी।

### रैली में ही भिड़े राजद-कांग्रेसी

महारैली में तमाम दिग्गज नेताओं की मौजूदगी में ही कांग्रेस और राजद कार्यकर्ता आपस में भिड़ गये। चतरा से गठबंधन के उम्मीदवार केएन त्रिपाठी के गुट से मारपीट हो गयी। इसमें कई कार्यकर्ता घायल हो गये। दोनों दलों के कार्यकर्ता एक-दूसरे पर कुर्सी, डंडा आदि लेकर टूट पड़े। इससे रैली में अफरा-तफरी मच गयी। प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के भाई गोपाल त्रिपाठी का सिर फट गया।

### ये दिग्गज थे मौजूद

महारैली में झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन, सीएम चंपाई सोरेन, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पंजाब के सीएम भगवंत सिंह मान, अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता, राजद नेता तेजस्वी यादव, जम्मू कश्मीर के पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला, यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव , वामनेता दीपांकर भट्टाचार्य, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित इंडी अलायंस के कई नेता, झारखंड के कई मंत्री, विधायक मौजूद थे।

### आदिवासी कभी डरता नहीं हेमंत हिम्मतवाले हैं : खड़गे



**कांग्रेस** के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि इस बार हमारा गठबंधन अटूट है। भाजपा, पीएम मोदी हो या कोई भी हमारी शक्ति को तोड़ नहीं सकता। हम इतने मजबूत हैं कि वे हमें डराने की कोशिश कर रहे हैं। हेमंत सोरेन-अरविंद केजरीवाल को जेल में डालकर हमें डरा रहे हैं, लेकिन हम डरने वालों में से नहीं हैं। हेमंत सोरेन हिम्मत वाले है। उन्होंने गठबंधन का साथ छोड़ने की जगह जेल जाना मंजूर किया। यह हमारी ताकत है। श्री खड़गे ने झारखंड की धरती पर भगवान बिरसा मुंडा, बाबा तिलका मांझी, वीर बुधू भगत, सिदो कान्हो को नमन करते हुए लेट से आने पर माफी मांगी। उन्होंने कहा कि जो नहीं डरता वो कभी नहीं मरता। आदिवासी उन्हीं में से एक है। वह जंगल में रहता है, अंधेरे में रहता है उसे कोई नहीं डरा सकता। जनता देश के लोकतंत्र, संविधान की रक्षक है। इस देश में आप चाहे कितनी भी दबाने की कोशिश करो लेकिन पार्टियां जिंदा रहेगी।

## न्यूज डायरी

### कई गांवों में चुनाव विरोधी पोस्टरबाजी

**चाईबासा।** पश्चिम सिंहभूम जिले के नक्सल प्रभावित मनोहरपुर प्रखंड के जराईकेला थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने पोस्टरबाजी कर लोकसभा चुनाव का विरोध किया है। नक्सलियों ने रवांगदा, डोमलोई, पंचपाहिया और जराईकेला इलाके में कई जगहों पर पोस्टरबाजी की है। सिंहभूम संसदीय सीट पर लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया जारी है। यहां 13 मई को मतदान होगा। इसको लेकर लगातार पुलिस नक्सल प्रभावित इलाकों में लगातार सघन छापेमारी अभियान चला रही है। पुलिस ने पोस्टर को जब्त कर मामले की जांच कर रही है।

### चतरा में अफीम के साथ पिता-पुत्र गिरफ्तार

**चतरा।** नशे के सौदागरों के खिलाफ अभियान में चतरा पुलिस ने करीब डेढ़ करोड़ रुपए कीमत की अवैध अफीम बरामद की है। साथ ही मामले में पुलिस ने दो तस्करों को धर दबोचा है। दोनों गिरफ्तार तस्कर पिता और पुत्र हैं। सिमरिया अनुमंडल पुलिस ने 28.005 किलोग्राम अवैध अफीम के साथ गिद्धौर चौक निवासी महेंद्र डांगी और उसके पुत्र दीपेंद्र डांगी को धर दबोचा। इसकी अनुमानित कीमत एक करोड़ 40 लाख से अधिक आंकी जा रही है। पुलिस ने गिरफ्तार महेंद्र दांगी के मवेशी शेड से अवैध अफीम और दो मोबाइल फोन भी बरामद किया है। मवेशियों के लिए बनाये गये शेड के अंदर अवैध अफीम का खेप छुपाकर रखा गया था।

### टायर गोदाम में आग, लाखों की क्षति

**गिरिडीह।** पचंबा थाने के शांतिनगर में रविवार की दोपहर संकट मोचन टायर गोदाम में असामाजिक तत्वों ने आग लगा दी। आग लगने से इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। पूरा इलाका धुआं-धुआं हो गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मेहनत के बाद आग बुझाया। वहां काफी संख्या में टायर जमा कर रखा गया था। स्थानीय लोगों का मानना है कि किसी शरारती तत्वों ने आग लगाया है। आग धीरे-धीरे पूरे गोदाम में फैल गयी। इस घटना में दो से तीन लाख के नुकसान का अनुमान है।

### सरकार बनी तो सीएए रद्द करेंगे : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने कहा कि केंद्र में अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो संसद के पहले ही सत्र में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) रद्द कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इरादा सीएए को रद्द करने का है, भले ही उसके घोषणापत्र में इसका उल्लेख नहीं किया गया हो। मीडिया से बातचीत में चिदंबरम ने दावा किया कि घोषणापत्र में सीएए का उल्लेख इसलिए नहीं किया गया था क्योंकि यह बहुत लंबा हो गया था।

### गहना आभूषण


| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 69500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 90000 रु./प्रति किलो |




## भगवान महावीर का 2623वां जन्म कल्याणक महोत्सव



### गर्मी से राहत: आज कल बारिश के आसार



**रांची।** झारखंड में चिलचिलाती धूप के दो दिन थोड़ी राहत की उम्मीद है। राज्य के कई जिलों में 22 व 23 को बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने इसके साथ ही वज्रपात की भी आशंका को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार दो दिन कहीं-कहीं गरज के साथ वज्रपात की भी आशंका जतायी गयी है। 25 अप्रैल को कोल्हान व संताल के जिलों में कहीं-कहीं लू (हीट वेब) चलने को लेकर चेतावनी जारी की गयी है। इसे लेकर भी येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनसार 22 को दोनों सिंहभूम, सरायकेला खरसावां व सिमडेगा में बारिश हो सकती है। वहीं 23 को रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़ इलाके में बारिश की संभावना है।

### कांग्रेस ने दीपिका को बदला, प्रदीप यादव को उतारा
## रांची से यशस्विनी को टिकट

खबर मन्त्र ब्यूरो



यशस्विनी सहाय





**रांची।** कांग्रेस ने गोड्डा से अपना उम्मीदवार बदल दिया है। दरअसल पहले घोषित प्रत्याशी दीपिका पांडेय सिंह को ले कर पार्टी में ही खासी नाराजगी थी। लगातार प्रत्याशी बदले की मांग हो रही थी। रविवार को पार्टी नेतृत्व की ओर से जारी सूची के अनुसार कांग्रेस आलाकमान ने दीपिका पांडेय सिंह का टिकट काटकर प्रदीप यादव को नया उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपनी एक और लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में गोड्डा से प्रत्याशी दीपिका को हटा कर वहां से नये प्रत्याशी के रूप में प्रदीप यादव को मैदान में उतारने की सूची जारी की। प्रदीप यादव भी वर्तमान में विधायक हैं। पूर्व में वह भाजपा में भी रह चुके हैं। गोड्डा संसदीय सीट से अब भाजपा के लगातार तीन बार के सांसद निशिकांत दुबे का मुकाबला प्रदीप यादव से होगा। कांग्रेस ने रांची सीट से भी प्रत्याशी का एलान कर दिया है। यहां से पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय की बेटी यशस्विनी सहाय को टिकट दिया है। टिकट की आस में कांग्रेस में शामिल हुए रामटहल चौधरी को निराशा हाथ लगी है। इससे पहले हाल में ही कांग्रेस में शामिल रामटहल चौधरी और पार्टी के वरिष्ठ नेता सुबोधकांत सहाय टिकट की होड़ में थे।

वहीं रांची में यशस्विनी का मुकाबला भाजपा उम्मीदवार संजय सेठ से होगा। कांग्रेस ने जब से गोड्डा से दीपिका पांडे सिंह को उम्मीदवार बनाया था, इसका लगातार विरोध किया जा रहा था।

कांग्रेस कार्यकर्ता लगातार उस मामले में कांग्रेस हाई कमांन को फिर से सोचने के लिए कह रहे थे। कार्यकर्ताओं का कहना था कि यहां से सिर्फ प्रदीप यादव ही हैं जो निशिकांत दुबे को हरा सकते हैं। पिछले कई दिनों से हो रहे विरोध के कारण आखिरकार पार्टी को अपना फैसला बदलना पड़ा।

## इंडी नेता अपने बच्चों को सेट करने में जुटे हैं : मोदी

- परिवारवाद और भ्रष्टाचार देश को खोखला कर दिया
- कांग्रेस की दुकान में बिकता है भ्रष्टाचार

एजेंसी



नयी दिल्ली। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर देने का आरोप लगाते हुए कहा है कि देश उसे इन्हीं पापों की सजा दे रहा है। वह राजस्थान के जलौर और बांसवाड़ा में चुनावी सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कांग्रेस और सोनिया गाधी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग चुनाव जीत नहीं सकते वे इस बार राजस्थान में आये हैं। उन्होंने कांग्रेस के साथ-साथ इंडिया गठबंधन पर निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने सवाल किया, अस्थिरता की प्रतीक कांग्रेस पार्टी और उनका कुनबा, देश को चला सकता है क्या। उन्होंने कहा कि इन्होंने अवसरवादी इंडी अलायंस बना लिया है, जिसकी पतंग उड़ने से पहले ही कट गयी है। उन्होंने कहा कि जिस पार्टी के कभी 400 सांसद जीते थे, आज वो 300 सीट पर चुनाव नहीं लड़ पा रही है। कांग्रेस की हालत यह है ?कि उन्हें उम्मीदवार नहीं मिल पा रहे हैं। कांग्रेस ने देश पर 60 वर्षों तक राज किया। इसी कांग्रेस ने हमारी माताओं बहनों को शौचालय, गैस, बिजली, पानी, बैंक अकाउंट जैसी छोटी-छोटी चीजों के लिए तरसाया। श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस की कमजोर सरकार को आते-जाते लोग भी धमकाते थे, हर कोई देश को लूटने में जुटा था। प्रधानमंत्री को तो कोई पूछता ही नहीं था, सरकार रिमोट कंट्रोल से चला करती थी। कैबिनेट से पास हुए अध्यादेश को उनकी पार्टी के ही एक नेता मीडिया की मीटिंग बुला कर फाड़ कर फेंक देते हैं।

गठबंधन के तमाम नेता सिर्फ अपने बेटे-बेटियों को फिट करने में लगे है। वहीं मोदी आपकी संतानों के भविष्य के लिए खप रहा है और दिन-रात मेहनत कर रहा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी गरीब कल्याण के लिए समर्पित है, भाजपा ईमानदारी से काम करती है, लेकिन कांग्रेस की दुकान में भ्रष्टाचार ही बिकता है। (शेष पेज 11 पर)

### लालू के लालटेन व पंजे के साथ अन्याय, भूखमरी, गरीबी
## एनडीए की सरकार में ही बिहार आगे बढ़ेगा : शाह

एजेंसी



पटना। गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार में लालू और राबड़ी देवी के शासन काल की याद जनता को दिलाते हुए पूछा कि क्या आप फिर से बिहार को जंगल राज की ओर ले जाना चाहते हैं। उन्होंने रैली में आये लोगों से पूछा कि आपको याद है ना राजद के शासनकाल में किस तरह दलितों, पिछड़ों पर अत्याचार किया जाता था। ये लोग आज भी ओबीसी समाज पर अत्याचार करना चाहते हैं। कटिहार में चुनावी सभा में उन्होंने दावा किया कि बिहार में सभी 40 सीटें एनडीए के खाते में जा रही हैं। अमित शाह ने कहा कि लालू जी के लालटेन व पंजे के साथ अन्याय, भूखमरी, गरीबी तो एनडीए के साथ आने पर डबल इंजन सरकार मिलेगी। डबल इंजन की सरकार बिहार को आगे बढ़ायेगी।

**परिवारवाद और जातिवाद पर हमला :** शाह ने कहा कि पीएम मोदी ने परिवारवाद और जातिवाद व तुष्टिकरण को समाप्त किया। कांग्रेस पार्टी व इनके साथी लालू जी कहते थे गरीबी हटाओ लेकिन गरीबी नहीं हटती थी। पीएम सरकार के मुफ्त अनाज योजना का बखान अमित शाह ने किया। कांग्रेस और राजद एक होकर भाजपा-जदयू के खिलाफ लड़ रही है। लालू ने बिहार को जंगलराज में बदलकर रख दिया था। पति-पत्नी की शासनकाल आप याद किजिये। एनडीए की सरकार बनी तो सबके साथ अत्याचार बंद हुआ। (शेष पेज 11 पर)

## इंडी गठबंधन के नेताओं ने बीजेपी पर बोला हमला

# देश बचाना है तो भाजपा को हटाना होगा

**कुबेर सिंह**

**रांची।** इंडी गठबंधन द्वारा प्रभात तारा मैदान में रविवार को आयोजित उलगुलान न्याय महारैली में आये दिग्गजों ने बीजेपी पर निशाना साधा। हर कोई नेता देश में बढ़ रहे भ्रष्टाचार, महंगाई, बिगड़ती विधि-व्यवस्था को लेकर जमकर भड़ास निकाली। इंडी गठबंधन के नेताओं ने कहा कि देश को बचाना है तो उन्हें एकजुट होकर लड़ाई लड़नी है। भाजपा को हर हाल में सत्ता से हटाना होगा। मौके पर कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### भाजपा न भूले कि उसने शेर को गिरफ़्तार किया है, दहाड़ को नहीं : अखिलेश यादव



इंडिया ब्लॉक की उलगुलान न्याय महारैली में समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने बीजेपी पर निशाना साधा। अखिलेश यादव ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री और दिल्ली के मुख्यमंत्री को जेल भेजा, उसी वक्त वे चुनाव हार गये। इसलिए ये लोग अन्याय पर उतर आये हैं। उन्होंने कहा कि मैदान में जब पहलवान हारने लगता है तब कई तरह के हथकंडे अपनाता है। भाजपा यह न भूले कि उसने शेर को गिरफ़्तार किया है उनकी दहाड़ अभी भी गिरफ़्तार नहीं हुई है। अब एलानल कर रही है कि बदलाव का समय आ गया है। जनता को बताने के लिए इनके पास अब कुछ भी नहीं है।

### कोई आरोप सिद्ध नहीं हुआ, फिर भी अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन जेल में : सुनीता



सुनीता केजरीवाल ने उलगुलान न्याय महारैली में केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मेरे पति अरविंद केजरीवाल और झारखंड के चहेते सीएम हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया। उनपर कोई आरोप सिद्ध नहीं हुआ। पूछने पर कहते हैं कि जांच चल रही है। ये तानाशाही है। क्या आपलोग इसे बर्दाश्त करेंगे। अरविंद केजरीवाल ने सरकारी स्कूलों को अच्छा किया। अस्पताल बनवाए और मोहल्ला क्लिनिक खुलवाया। देशभक्ति उनमें कूटकर भरी हुई है।

मेरे से जब शादी तय हुई तो उन्होंने मुझसे सवाल किया, मैं समाजसेवा करना चाहता हूं उससे तुम्हें कोई दिक्कत तो नहीं होगी। ऐसे शख्स को इनलोगों ने जेल में डाल दिया। अरविन्द केजरीवाल उसूलों के पक्के हैं। पहली बार सीएम बने तो 49 दिनों में ही इस्तीफा दे दिया। उन्हें सत्ता से कोई मोह नहीं है। बस देश की सेवा करनी है और नंबर वन बनाना है। केजरीवाल कहते हैं कि पढ़े लिखे लोग राजनीति में नहीं आएंगे तो देश आगे कैसे जाएगा, लेकिन कई लोग कहते हैं कि राजनीति गंदी चीज है।

### भारतीय जनता पार्टी के हैं तीन जमाई- ईडी, आईटी और सीबीआई : तेजस्वी



बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि इस रैली का यह संदेश साफ है कि झारखंड से बीजेपी को भगाना है। ये मैदान रैली के लिए छोटा पड़ गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा को भगाओ देश बचाओ। तेजस्वी यादव ने कहा कि भाजपा के तीन जमाई ईडी, आईटी, सीबीआई। भाई हेमंत सोरेन जी को जेल में डाल दिया। केजरीवाल को जेल में डाला गया। संजय जेल में रहकर आये हैं। मेरे पिता को भी जेल भेजा गया। हमपर केस मुकदमा किया गया लेकिन हमारा कोई नेता बीजेपी की गीदड़ भभकी से नहीं डरने वाले हैं। देश को जो बदहाल कर दिया उसका बदला लेना है।

### मंच पर बोले भगवंत मान- ये दोनों खाली कुर्सियां ही बीजेपी की सभी कुर्सियां खाली करा देगी : भगवंत



उलगुलान न्याय महारैली में पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कहा कि यह राजनीतिक रैली नहीं है। संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए संकल्प लेने के लिए इकटठा हुए हैं। दो बहनें सुनीता केजरीवाल और कल्पना सोरेन के पति बहुत लोकप्रिय सीएम रहे हैं। क्या कसूर है उनका, लोगों को सहूलियत देना चाहते थे। गरीबी मिटाना, बेरोजगारी मिटाना, बिजली, अस्पताल, शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं देना चाहते थे। उन्हें जेल में तो आपने डाल दिया, लेकिन उनकी सोच को कैसे कैद करोगे। उन्होंने मंच पर दो खाली कुर्सियों के बहाने बीजेपी पर निशाना साधा। कहा कि ये दोनों खाली कुर्सियां ही बीजेपी की सभी कुर्सियां खाली करा देगी। ये समझते है कि हम जेल में डालकर आवाज दबा देंगे, पार्टी खत्म कर देंगे। अगर मोदी की लहर पर भरोसा है तो हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल से डरते क्यों हो।

### झारखंड को झुकाने की साजिश कोई नई नहीं: दीपांकर भट्टाचार्य



सीपीआई (एम) के दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि आपने नारा दिया है झारखंड झुकेगा नहीं और झारखंड रुकेगा नहीं। झारखंड को झुकाने की ये साजिश कोई नयी नहीं है। जब से झारखंड बना है तब से ही सका नाम खराब करने की कोशिश जारी रही। बीजेपी और आरएसएस का बस चलता तो राज्य का नाम वनांचल हो गया होता। झारखंड आंदोलन की देन है तो नाम नहीं बिगाड़ पाए। हेमंत सोरेन को उठाकर जेल में डाल दिया गया।

### केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार से दो-दो हाथ करने के लिए हम भी सड़कों पर उतर आये हैं : संजय सिंह



आम आदमी पार्टी के संजय सिंह ने कहा कि हमारे बीच दो विरांगनाएं बैठी हैं। ये जब अपने घरों से बाहर निकल सकती हैं तो हम क्यों नहीं। आज नरेंद्र मोदी सरकार से दो-दो हाथ करने के लिए हम भी सड़कों पर आए। बिहार के अंदर भारतीय जनता पार्टी की दुकान बंद कराने का जिम्मा जिस नौजवान ने अपने कंधों पर उठाया। मैं बधाई देना चाहता हूं तेजस्वी यादव को, जो बिहार से बीजेपी का सफाया करने का काम कर रहे हैं। जनता से उन्होंने कहा कि आप सभी यहां आए हैं। उन्होंने कहा कि छह महीने मुझे भी नरेंद्र मोदी ने जेल में रखा। अरविंद केजरीवाल, सत्येंद्र जैन, मनीष सिसोदिया जेल में हैं। उन्होंने बीजेपी के नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग कह रहे हैं 400 सीट दे दो संविधान बदल देंगे। अरे ये लोग संविधान बदलेंगे और आरक्षण को खत्म कर देंगे।

### फारूख बोले- हम प्यार से देश को ले जाना चाहते हैं आगे



**रांची।** रांची में उलगुलान न्याय महारैली में शामिल होने आये जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि वे हम लोग संविधान को बचाना चाहते हैं। हमारी जो धर्मनिरपेक्षता की परंपरा रही है, उसको बचाना चाहते हैं और हम देश को प्यार से आगे ले जाना चाहते हैं।

### पूरा देश चाहता है केंद्र में सत्ता नेतृत्व परिवर्तन हो पूरे देश में फैलेगा उलगुलान : आलमगीर आलम



कांग्रेस नेता आलमगीर आलम ने कहा कि उलगुलान महारैली में आज जल, जंगल, जमीन का नेतृत्व करने वाले शिबू सोरेन, सीएम चंपाई सोरेन समेत सभी मंत्री, विधायक व नेताओं का आभार व्यक्त करता हूं। हम कहना चाहते हैं कि झारखंड प्रदेश में वीरों का स्थान है। उन्होंने कहा कि आजादी के पहले से लेकर हमारे उपर तानाशाही और कुचलने का प्रयास किया है। इसके विरोध में झारखंड के लोगों ने उलगुलान किया है। झारखंड का आदिवासी मूलवासी के लोगों में क्रांति भरी हुई है। यह 2024 के चुनाव में दिखाना होगा। हमारे यहां जो भाजपा की नीति चल रही है। सरकारी तंत्र का दुरुपयोग किया जा रहा है। इसके खिलाफ आवाज उठाना चाहिए। 2019 के चुनाव में यहां की सरकार को हमलोगों ने काटकर फेंकने का काम किया था। आज पूरा देश चाहता है कि केंद्र में नेतृत्व परिवर्तन होना चाहिए। हमारी सरकार ने सर्वजन पेंशन लाकर खुली चुनौती दी कि सबके लिए काम किया। 24 लाख वृद्धा पेंशन दिया। यह उलगुलान शुरू होकर पूरे देश में फैलेगा।

**ये देश का उलगुलान :** स्टीफन मरांडी ने कहा कि गठबंधन का ये उलगुलान महारैली आयोजित है। दिशोम गुरु इसकी अध्यक्षता कर रहे है। आज इंडिया गठबंधन के सभी नेता इस उलगुलान में हमारे हेमंत सोरेन जी के गिरफ्तारी के विरोध में उत्साह बढ़ाने के लिए पहुंचे हैं।

### राहुल बीमार पड़े रैली में नहीं आये




रांची। राजधानी में उलगुलान न्याय महारैली में राहुल गांधी को भी शामिल होना था। सुबह में दिल्ली से सूचना आयी कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी बीमार होने के कारण रांची में आयोजित उलगुलान न्याय महारैली में शामिल नहीं हो पाएंगे। फिलहाल नई दिल्ली से बाहर नहीं जा सकते हैं।

### उलगुलान न्याय महारैली में शामिल होने रांची पहुंचीं प्रियंका चतुर्वेदी, भाजपा को बताया वैक्यूम क्लीनर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी में इंडिया गठबंधन की संयुक्त उलगुलान न्याय महारैली में शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी भी शामिल हुईं। जेएमएम सांसद महुआ माजी ने रांची एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि हम तानाशाही के खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे। जिस तरीके से जनप्रतिनिधि चुनकर आये हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल उनपर ईडी, सीबीआई, आईटी की जांच लगाकर उनको जेल में डालने का काम किया है।



प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि बीजेपी ने जिनको सनातन विरोधी और भ्रष्टाचारी कहा, वो सभी अब भाजपा में इनके कंधे से कंधे मिलाकर खड़े हैं। ये वैक्यूम क्लीनर बन गये हैं। भ्रष्टाचारी को अपनी पार्टी में शामिल करके उनको क्लीन चीट दे देते हैं। प्रियंका ने कहा कि जो लोग ऐसी तानाशाही के खिलाफ लड़ रहे हैं, वो लड़ते रहेंगे। जनता उनका साथ देगी।

**झारखंड में अबतक की सबसे बड़ी महारैली : महुआ माजी**

सांसद महुआ माजी ने कहा कि उलगुलान न्याय महारैली बहुत बड़ी रैली हुई है। मुझे नहीं लगता कि झारखंड में इतनी बड़ी रैली कभी हुई होगी। इंडिया गठबंधन हमारे साथ है। जनता सब जानती है और सब देख भी रही है। कहा कि झारखंड उलगुलान के लिए हमेशा से जाना जाता है। केंद्र में जो पार्टी है वो लगातार विपक्षी पार्टियों को तंग कर रही है।

## नशीला पदार्थ के उत्पादन व कारोबार को लेकर डीजीपी करेंगे समीक्षा बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नशीला पदार्थ के उत्पादन और कारोबार को लेकर डीजीपी अजय कुमार सिंह समीक्षा बैठक करेंगे। 23 अप्रैल को डीजीपी जिले के एसएसपी, एसपी के साथ ऑनलाइन समीक्षा बैठक करेंगे। गौरतलब है कि राज्य के विभिन्न जिलों के 24 थानों में नशे (ब्राउन शुगर, अफीम, गांजा, डोडा या दूसरे मादक पदार्थ) का कारोबार सबसे अधिक होता है। चतरा जिला का सदर थाना क्षेत्र पहले पायदान पर है। वहीं राजधानी का सुखदेवनगर थाना क्षेत्र 12वें, लोअर बाजार थाना क्षेत्र 19वें और नामकुम थाना क्षेत्र 22वें नंबर पर है। थानावार दर्ज



किये गये केस के विश्लेषण से यह स्पष्ट है कि राज्य के 24 थाना ऐसे हैं, जहां ब्राउन शुगर, अफीम, गांजा, डोडा या दूसरे मादक पदार्थ की बरामदगी को लेकर सर्वाधिक केस दर्ज किये गये। स्पष्ट है कि इन थाना क्षेत्रों में सबसे अधिक नशे का कारोबार होता है। इस सूची में चतरा जिला टॉप पर है। यहां उक्त अवधि में एनडीपीएस एक्ट के तहत सबसे अधिक 21 प्रतिशत केस दर्ज हैं।

### भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ गुरू प्रकाश पासवान ने इंडी गठबंधन की उलगुलान न्याय महारैली पर दी प्रतिक्रिया

## हिम्मत थी तो पिछले 5 साल का रिपोर्ट कार्ड जारी करते

**संविधान व न्यायपालिका का घोर अपमान कर रहा है इंडी गठबंधन**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ गुरु प्रकाश पासवान ने कहा कि झामुमो में हिम्मत था तो रैली में पिछले 5 वर्ष का रिपोर्ट कार्ड देते। डॉ प्रकाश रविवार को पार्टी के मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनता को बताते कि पिछले 5 साल में उन्होंने झारखंड के लिए क्या किया है। पिछले 5 साल में उनके द्वारा किए गए दावे और वादे



सब खोखले रहे। उन्होंने 5 लाख नौकरियां देने का वादा किया था। हर साल एक जेपीएससी कराने की बात कही थी। मंच साझा करने वाली पार्टियां झारखंड की निर्माता नहीं क्रेता और विक्रेता रही हैं। आदिवासी हित की बात इनके मुंह शोभा नहीं देती है। देश के सर्वोच्च पद पर आदिवासी बेटी के बैठने के पर भी उनके नेताओं द्वारा लगातार अपशब्द कहा गया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आदिवासी बेटी को दिया गया सम्मान सहन नहीं हुआ।

उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूख अब्दुल्ला सामाजिक न्याय और संविधान की बात करते हैं। कश्मीर में धारा 370 हटाने के बाद ही वहां आदिवासी, दलित और महिलाओं को सम्मान और हक मिला है। आरक्षण लागू हुआ है। आम जनता इस बात को नहीं भूली है कि लालू प्रसाद यादव ने कहा था कि उनकी लाश पर झारखंड बनेगा। उन्होंने कहा कि यहां जुटी सभी पार्टियों में सिर्फ परिवारवाद है। अरविंद केजरीवाल ही शुरू से अब तक उसके मुख्य संयोजक बने हुए हैं। मोदी जी के सत्ता में आने के बाद डॉक्टर अंबेडकर को भारत रत्न दिया गया। उनसे जुड़े हर स्थान को तीर्थ का दर्जा दिया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल का घोटाला सामने आया है। न्यायालय के आदेश पर यह दोनों जेल में है। संविधान की दुहाई देने वाली पार्टियां न्यायपालिका का अपमान कर रही हैं। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, अशोक बड़ाईक, राफिया नाज और तारिक इमरान मौजूद थे।

### इंडी गठबंधन की रैली पूरी तरह से फ्लॉप रही : दीपक प्रकाश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने इंडी गठबंधन की रैली को फ्लॉप बताया है। जनता ने इंडी गठबंधन में शामिल दलों को नकार दिया है। झारखंड़ की वर्तमान सरकार ने सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करने के बावजूद भी रैली को सफल नहीं कर सकी। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे अपने राजनीतिक परिवारों को बचाने का प्रयास कर रहे विपक्षी दलों की यह कोशिश फेल हो गयी। इन लोगों का दावा था कि रैली में 5 लाख लोग आयेंगे जो पूरी तरह से एक कोरी कल्पना मात्र साबित हुई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, झामुमो, राजद, आम आदमी पार्टी और समाजवादी पार्टी के नेताओं ने लोगों को धोखा देने और लूटने का काम किया है। झारखंड़ की जनता इस घपले, लूट और भ्रष्टाचार में शामिल लोगों को अच्छी तरह से पहचान चुके हैं। इसलिये जनता अपने आपको इस रैली से दूर रखा।

### चुनाव विश्लेषण 2024 : कोडरमा संसदीय सीट पर होगा रोचक मुकाबला

## अबतक के 13 आम चुनावों में छह बार जीती है भाजपा, पांच बार सांसद रहे रीतलाल वर्मा

**रांची।** लोकसभा चुनाव की तारीख का ऐलान होते ही कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में भी सरगर्मी बढ़ने लगी है। कोडरमा लोकसभा सीट की बात करें, तो यहां का परिणाम अधिकतर चौंकाने वाला रहा है। भाजपा के गढ़ कोडरमा पर पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सीटिंग एमपी डॉ रवींद्र राय का टिकट काट राजद से भाजपा में शामिल अन्नपूर्णा देवी को चुनाव लड़ाया। अन्नपूर्णा देवी यहां से करीब साढ़े चार लाख वोट के भारी अंतर से जीतीं। इस सीट पर अब तक 12 बार आम चुनाव और एक बार उप चुनाव हो चुके हैं। इसमें छह बार भाजपा चुनाव जीती है। यहां से पांच बार रीतलाल प्रसाद वर्मा सांसद रहे हैं। बाबूलाल मरांडी एक बार निर्दलीय और एक बार झाविमो और एक बार बार भाजपा के टिकट से चुनाव जीते हैं।

भाकपा माले ने कोडरमा लोकसभा सीट से इस बार बगोदर विधायक विनोद सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। महागठबंधन ने वामदलों के लिए राज्य में सिर्फ कोडरमा सीट छोड़ी थी, जिस पर पार्टी ने प्रत्याशी उतारने की घोषणा की। इससे पहले पार्टी यहां से राजकुमार यादव को प्रत्याशी बनाती रही है, लेकिन इस बार विनोद पर दांव खेला है। वहीं भाजपा से अन्नपूर्णा देवी यहां से प्रत्याशी होंगी। ऐसे में अब यहां अन्नपूर्णा और विनोद सिंह के बीच आमने-सामने का मुकाबला होगा। विनोद सिंह बगोदर से तीसरी बार विधायक हैं। वर्ष 2005 में पिता महेंद्र सिंह की हत्या के बाद भाकपा माले ने उन्हें बगोदर से उम्मीदवार बनाया था। ये जीतकर विधानसभा पहुंचे। इसके बाद 2009 और 2019 में भी वे विधायक चुने गए। विनोद सिंह बीएचयू से एमए की शिक्षा ली है।

### कोडरमा में यादव-कोयरी समीकरण प्रभावी

इंडिया गठबंधन में कांग्रेस के दावे वाले इस सीट पर इस बार झामुमो भी दावा ठोक रहा था। हालांकि इस बार इंडिया गठबंधन की सीट शेयरिंग में कोडरमा सीट भाकपा माले के खाते में आयी है। कोडरमा लोकसभा सीट पर वामदल से भाकपा माले पिछले तीन चुनाव से मजबूत दावेदार रहा है। माले से राजकुमार यादव लगातार चुनाव लड़े हैं। 2014 में उन्हें ढाई लाख से भी ऊपर मत मिले थे।

### तीन जिलों तक फैली है कोडरमा लोस सीट

कोडरमा लोकसभा सीट तीन जिलों तक फैली है। इसमें छह विधानसभा क्षेत्र पड़ते हैं। कोडरमा विधानसभा सीट पर भाजपा की डॉ नीरा यादव का कब्जा है। वहीं गिरिडीह जिला में पड़ने वाले धनवार सीट से खुद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, जमुआ से भाजपा के केदार हाजरा विधायक हैं। बगोदर विधानसभा क्षेत्र में भाकपा माले की धाक है। यहां से माले के विनोद सिंह विधायक हैं। गांडेय से झामुमो के सरफराज अहमद विधायक चुने गये थे, पर हाल में राज्य में बदले समीकरण में उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया है। गांडेय लोकसभा चुनाव के साथ ही विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव भी होना है। हजारीबाग जिला के बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय अमित यादव विधायक हैं।

### बदहाल माइका उद्योग को लेकर सरकार ने जगायी थी आस, परिणाम शून्य

कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में एक समय था जब माइका की चमक थी। खास कर इस लोकसभा क्षेत्र के कोडरमा व गिरिडीह इलाके में माइका कारोबार से लोग खुशहाल थे, लेकिन अब यह उद्योग पूरी तरह बर्बाद हो चुका है। वर्षों पूर्व सरकारी नीतियों का यह उद्योग शिकार हो गया। दूसरी तरफ अवैध तरीके से कुछ जगहों पर माइका का कारोबार हो रहा है। कोडरमा में माइका-ढिबरा उद्योग की बदहाली सबसे बड़ा मुद्दा है। करमा मेडिकल कॉलेज का निर्माण बड़ी मांग थी, पर इसका निर्माण समय पर नहीं हो पाया। निर्माण करा रही पहली कंपनी को टर्मिनेट करने के बाद हाल में नयी कंपनी ने कॉलेज का निर्माण शुरू किया है।

**मनोज कुमार सिन्हा (लेखक राजनीतिक विश्लेषक और सहित्यकार हैं)**

### रविवार को अवकाश होने के कारण एक भी नामांकन नहीं

## वोटर अवेयरनेस फोरम अपने संस्थान के लोगों को मतदान करने के लिए करें जागरूक: सीईओ

**वोटर अवेयरनेस फोरम मतदताओं की प्रतिक्रिया से आयोग को कराएं अवगत**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि पूरे राज्य में वोटर अवेयरनेस प्रोग्राम जारी है। मतदान के उपरांत सभी वोटर अवेयरनेस फोरम अपने संस्थान से जुड़े मतदाताओं की प्रतिक्रिया से आयोग को अवगत कराएंगे। इसके लिए गैर सरकारी संस्थानों में वोटर अवेयरनेस फोरम गठित है। इनका काम अपने संस्थान से जुड़े मतदाताओं को उनके परिवार सहित मतदान के लिए प्रेरित करना है। यह बातें उन्होंने रविवार को मीडिया के प्रतिनिधियों से प्रेस कांफ्रेंस में कही। उन्होंने कहा कि वोटर अवेयरनेस फोरम अपने संस्थान के लोगों ने मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश का सदुपयोग किया है, इसकी पुष्टि के लिए मतदान केंद्रों पर उन्हें सेल्फी लेने के लिए जरूर प्रेरित करेंगे। साथ ही अगर मतदान करने में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना करना पड़ा हो, तो उससे आयोग को अवश्य अवगत कराएं, ताकि भविष्य के निर्वाचनों में उसका समाधान किया जा सके।

### पर्चा भरने के लिए अंतिम तिथि 25 अप्रैल

उन्होंने कहा कि राज्य में चौथे चरण के चुनाव के लिए नामांकन के लिए आज रविवार होने के कारण किसी भी प्रत्याशी ने अपना पर्चा नहीं भरा। चौथे चरण के चुनाव में प्रत्याशियों के पर्चा भरने के लिए अंतिम तिथि 25 अप्रैल 2024 तक है।



### राज्य में पहली बार मीडिया आवश्यक सेवाओं के रूप में हुआ अधिसूचित

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि राज्य में पहली बार मीडिया को आवश्यक सेवाओं के रूप में अधिसूचित किया गया है। सभी आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मियों के लिए फॉर्म 12-डी भरकर जमा करना है, ताकि वे मतदान के दिन अपने कर्तव्य पर रहते हुए भी पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव कवरेज के लिए मीडिया के प्रतिनिधियों के प्राधिकार पत्र निर्गत किये जा चुके हैं। वैसे मीडिया के प्रतिनिधि, जो अपना मताधिकार का इस्तेमाल पोस्टल बैलेट के माध्यम से करना चाहते हैं, वे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मीडिया प्राधिकार पत्र की छायाप्रति अपने मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति एवं फॉर्म 12-डी भरकर जिले के पोस्टल बैलेट कोषांग में जमा करा सकते हैं। इससे वे अपने कर्तव्य पर रहते हुए भी अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगें।

स्पीड न्यूज

## अर्जुन मुंडा कल दाखिल करेंगे नामांकन, रक्षा मंत्री भी रहेंगे उपस्थित

**जमशेदपुर।** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा 23 अप्रैल, 2024 (मंगलवार) को खूंटी संसदीय सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी भी उपस्थित रहेंगे। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद रोड शो एवं विशाल जनसभा खूंटी के पतरा टोली मैदान में होगी।

## 23 को निकलेगी तैलिक साहू महासभा की शोभा यात्रा

**जमशेदपुर।** रविवार को अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा की एक बैठक वरीय उपाध्यक्ष शिवलोचन शाह के आवासीय कार्यालय जुगसलाई में संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राकेश साहू ने की। बैठक मैं 23 अप्रैल मंगलवार को महा दानवीर भामाशाह की जयंती समारोह को राष्ट्रीय गौरव दिवस के रूप में मनाने एवं कार्यक्रम को सफल करने पर विचार विमार्श किया गया। मौके पर राकेश साहू ने कहा कि 23 अप्रैल को सुबह 10 बजे से एग्रीको ट्रांसपोर्ट मैदान से विशाल शोभा यात्रा निकाला जाएगा जो एग्रिको सिग्नल से भालूबासा गोल चक्कर, साकची गोलचक्कर, साकची अंबेडकर चौक से एमजीएम भामाशाह गोल चक्कर तक शोभा यात्रा निकालकर भामाशाह जी का जयंती मनाया जाएगा। दोपहर 12 बजे भामाशाह गोल चक्कर में लगे प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आम लोगों के बीच में शरबत, गुड़, चना एवं प्रसाद का वितरण किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से जिला कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार, जिला महामंत्री पप्पू साहू, वरीय उपाध्यक्ष शिवलोचन साह, रंजीत कुमार साव, अदित्य धनराज साह, पप्पू साव, जुगसलाई थाना क्षेत्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र शाह आदि मौजूद थे।

## पैदल अयोध्या जा रहे राम भक्त का स्वागत



**चांडिल।** उड़ीसा के आसनबनिया से पैदल चलकर अयोध्या राम मंदिर जा रहे राम भक्त पंचानन देवरी का चांडिल के चावलीबासा पहुंचने पर बजरंग दल के प्रखंड संयोजक नयन सिंह के नेतृत्व में उनका स्वागत किया गया। बजरंग दल ने अयोध्या जा रहे रामभक्त का पैर धोकर जलपान कराया। इसके बाद भगवा वस्त्र देकर सम्मानित किया, तथा उन्हें अयोध्या के लिए रवाना किया गया। मौके पर नयन सिंह, राज कुमार महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

## 25 से युवाओं लिए अभिनय कार्यशाला

**जमशेदपुर।** मानगो गुरुद्वारा रोड स्थित गीता थिएटर के कार्यालय में रविवार को प्रेस सम्मेलन कर गीता थिएटर की अध्यक्ष गीता कुमारी ने मीडिया को दी। जानकारी के अनुसार बताया कि गीता थिएटर जमशेदपुर के अभिनय में रुचि रखने वाले युवाओं के लिए 25 से 30 अप्रैल 2024 तक पांच दिवसीय अभिनय कार्यशाला आयोजित करने जा रही है जिसमें हिस्सा बनने की योग्यता 10वीं पास होगी अर्थात् जमशेदपुर के दसवीं पास कोई भी युवा जो अभिनय तथा थिएटर करने में रुचि रखते हो वो इस अभिनय कार्यशाला का हिस्सा बन सकता है। अभिनय कार्यशाला में युवाओं को आज के समय का थिएटर ज्ञान एवं थिएटर करके कैसे फिल्मों और शॉर्ट फिल्म में काम कर अपनी पहचान बना सकते हैं इन सभी की बारीकियां से जानकारी दी जायेगी। इसमें युवाओं को सबसे बड़ी समस्या तनाव से कैसे निकाला जाए उसके बारे में योग एवं मेडिटेशन से प्रशिक्षण मिलेगा। इससे संबंधित किसी प्रकार की जानकारी के लिए जमशेदपुर के युवा गीता थिएटर द्वारा जारी किये गये नंबर 72094 41698 पर संपर्क कर सकते हैं। जनरल सेक्रेटरी प्रेम दीक्षित ने बताया कि इस पांच दिवसीय कार्यशाला में विशेष प्रशिक्षक झारखंड के पहली राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय स्नातक जीतराई हांसदा को आमंत्रित किया गया।




संस्थापक की प्रतिमा के उद्घाटन समारोह का दीप प्रज्ज्वलन करते निदेशक शेखर डे और उनके पुत्र सुशांतो डे व अन्य।

# संस्थापक स्व सुरेश चंद्र डे की 113वीं जयंती पर श्रीलेदर्स परिवार ने उन्हें दी श्रद्धांजलि

### बिष्टुपुर शोरूम के मुख्य प्रवेश द्वार पर स्व सुरेश चन्द्र डे की मूर्ति का अनावरण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** स्व सुरेश चन्द्र डे स्वाधीनता संग्राम के कर्मयोगी, निष्ठावान और दूरदर्शी वीर सेनानी ने विषम परिस्थितियों में अथक परिश्रम से श्रीलेदर्स की स्थापना कर समस्त देशवासियों को विकास की गति प्रदान की। श्रीलेदर्स परिवार आज उनकी 113वीं जयंती पर जमशेदपुर के बिष्टुपुर के रोड स्थित भव्य शोरूम के मुख्य प्रवेश द्वार पर स्व सुरेश चन्द्र डे की मूर्ति का अनावरण किया गया। इस अवसर पर श्रीलेदर्स के पार्टनर शेखर डे, ज्योत्सना डे, सुशांतो डे, पुजारिनी डे, नील भट्टाचार्य, उषाशी डे, भावेश देब एवं अन्य गणमान्य लोगों ने संस्थापक स्व सुरेश चन्द्र डे की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्री शेखर डे ने कहा कि पिता स्व सुरेश चन्द्र डे के मित्रों में सिर्फ एक ही मित्र भावेश देब जीवित है उन्हे देखकर काफी खुशी महसूस होता हैं। शारीरिक परेशानियों के बीच श्री देब श्रद्धांजलि देने पहुंचे मैं उनका आभार प्रकट करता हूं।

अपने संबोधन में श्रीलेदर्स के पार्टनर शेखर डे ने कहा कि, 72 वर्ष पूर्व 1952 में श्रीलेदर्स के संस्थापक सह स्वंतत्रता सेनानी सुरेश चंद्र डे ने जमशेदपुर में छोटे से व्यवसाय से कंपनी की नींव रखी थी। आज श्रीलेदर्स देश के लगभग हर राज्य के शहरों में शोरूम खोलकर अपनी पहुंच बनाने में कामयाब रही है। कंपनी की कमान अब श्रीलेदर्स परिवार के नई पीढ़ी के हाथों में है। नई पीढ़ी संस्थापक के सोच को आगे बढ़ाते हुए अपने विस्तार कार्यक्रम को जारी रखा है। श्रीलेदर्स आज देशभर में 36 से ज्यादा एक्सक्लूसिव शोरूम खोलकर प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से लाखों लोगों को रोजगार से जोड़ा हैं साथ ही कम कीमत पर हाई क्वालिटी का उत्पाद अपने ग्राहकों को उपलब्ध करा रही हैं।

मौके पर श्रीलेदर्स के पार्टनर सुशांतो डे ने बताया कि कंपनी का झारखंड, बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडू, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में एक्सक्लूसिव शोरूम है। इसके अलावा कंपनी अन्य राज्यों में भी अपनी विस्तार करने के बारे में सोच रही है। कहा, श्रीलेदर्स स्पोर्ट्स शू के रेंज बढ़ाने पर काम कर रही हैं।

# जमशेदपुर सीट पर अबकी बार विद्युत दा होंगे चार लाख पार : सुदेश महतो

- आजसू पार्टी का लोकसभा स्तरीय सम्मेलन को आजसू सुप्रीमो ने किया संबोधित
- सम्मेलन में आजसू पार्टी ने दिया विद्युत महतो को जीत का मंत्र, जुटे हजारों लोग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** रविवार को आजसू की पूर्वी सिंहभूम जिला समिति द्वारा डिमना में लोकसभा जमशेदपुर लोकसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने की जबकि संचालन अप्पू तिवारी और प्रकाश विश्वकर्मा ने किया वही स्वागत भाषण बुद्धेश्वर मुर्मू ने किया तो धन्यवाद ज्ञापन जिला परिषद सदस्यता गीतांजलि महतो ने की ।

इस अवसर पर आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने बताया कि वर्तमान सरकार और महागठबंधन के लोग का चाल और चरित्र धीरे धीरे दिखाई पड़ रहा है क्योंकि ये लोग सरकार के 5 वर्ष पूरे होने को है और अब तक स्थानीय नीति और नियोजन नीति नही बना पाई है। और झारखंड की मौजूदा सरकार बात करती है कि केंद्र सरकार की योजना धरातल पर नही उतारने देती है बल्कि ऐसा नही है अगर कुछ ऐसा है तो इन्हे लूट की छूट चाहिए और इसके लिए इन महागठबंधन वालो ने उलगुलान रैली कर रहे है।

सुदेश महतो ने कहा कि उलगुलान का मतलब क्रांति है और ऐसा क्रांति हुआ कि आपस में किसी को नेता मानने को तैयार नहीं है। इन लोगो की हालत ऐसी है कि जमशेदपुर के लोकसभा प्रत्यासी विद्युत दा के सामने कोई अभी तक प्रत्याशी नही दे पा रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री मोदी जी का नारा 400 पार लेकिन जमशेदपुर का नारा होगा विद्युत दा 4 लाख पार से जीत सुनिश्चित करना है। इसके लिए आजसू पार्टी के सभी नेताओ कार्यकताओं को संकल्प लेना है ।

देश में कुछ लोग राजनीति करने के लिए आते और कुछ लोग राजनीति सीखने आते है लेकिन आजसू पार्टी मंच नही पंच सजाने का कार्य करती है और उन्ही के हाथो में स्थानीय मुद्दों के साथ संघर्ष करने का कार्य किया जाता है ।



सुदेश महतो, रामचंद्र सहिस एवं सांसद विद्युतवरण महतो का अभिनंदन करते आजसू कार्यकर्ता।

**आजसू पार्टी एनडीए का हमेशा सहयोगी रहा है : विद्युत महतो –** भारतीय जनता पार्टी के नेता और जमशेदपुर के लोकसभा सांसद सह प्रत्याशी विद्युत महतो ने बताया की आजसू पार्टी एनडीए का हमेशा सहयोगी रहा है और इनके सहयोग से देश के सांसद में 10 वर्षो तक रहने और जमशेदपुर में सेवा करने का अवसर मिला है। इस बार भी आजसू के सहयोग से अपार जनसमर्थन मिल रहा है और उम्मीद है आजसू हमेशा एक भाई के रूप में सहयोग की भूमिका में रहेगी।

**देश राममय हुआ है इसे मोदीमय बनाना है : सहिस–** आजसू पार्टी के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने कहा कि देश राम मय हुआ है और इसे मोदी मय बनाना है वर्तमान समय में आजसू पार्टी ने एनडीए के प्रत्यासी और जमशेदपुर के लोक सभा के हैट्रिक मैन लोकप्रिय नेता विद्युत महतो जी को भारी मतों से जितना है इस राज्य का विकास झामुमो समर्थित कांग्रेस और राजद से नही होगा।

## एक नजर में

### लोकसभा चुनाव में इंडी अलायंस का अलाइनमेंट बिगाड़ देगी झारखंड की जनता : बाउरी



**जमशेदपुर।** झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं चंदनकियारी के विधायक अमर बाउरी ने इंडी अलायंस के उलगुलान रैली को परिवार बचाओ और भ्रष्टाचारी बचाओ रैली करार देते हुए इसे सुपर फ्लॉप बताया। उन्होंने इंडी अलायंस को परिवारवादियों और भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा बताते हुए कहा कि ऐसे स्वार्थी दलों को देश के विकास से कोई मतलब नहीं है ये सिर्फ अपना राजनीतिक भविष्य और अपने परिवारों को बचाने में लगे हैं। अमर बाउरी रविवार को जमशेदपुर महानगर के जिला भाजपा कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, जिला महामंत्री अनिल मोदी एवं मीडिया प्रभारी प्रेम झा मौजूद रहे। अमर बाउरी ने कहा कि उलगुलान रैली के माध्यम से मैडम कल्पना सोरेन को राजनीति में लांच करने की मंसूबे धराशायी हो गए हैं। अमर बाउरी ने कहा कि देश की जनता के पास एक तरफ एनडीए है, जो पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। तो वहीं, दूसरी तरफ, इंडी गठबंधन है, जो भ्रष्टाचारियों को बचाने और परिवारवादी पार्टियों के राजनीतिक भविष्य को बचाने के लिए टिकी हुई है। झारखंड की जनता आगामी लोकसभा चुनाव में इनके झांसे में नही आने वाली है। इस लोकसभा चुनाव में झारखंड की जनता इंडी अलायंस का पूरा अलाइनमेंट बिगाड़ देगी।

### डीडीसी ने किया अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट का निरीक्षण



**जमशेदपुर।** स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में बहरागोड़ा प्रखंड के जामशोला में पश्चिम बंगाल की सीमा पर स्थापित बारिसोल का उप विकास आयुक्त श्री मनीष कुमार द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में चेकनाका में पंजी संधारण की जांच की गई। साथ ही एसडीओ एवं प्रखंड के अधिकारियों को भी चेकनाकाओं के औचक निरीक्षण का निर्देश दिया। दो– पहिया, चार पहिया, मालवाहक व वीआइपी वाहनों की भी सघनता से जांच करने का निर्देश दिया गया। लोकसभा आम चुनाव 2024 की तिथियां घोषित होने के साथ ही जिले में अंतर्राज्यीय एवं अंतर जिला चेकनाका सक्रिय हैं। जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों से अवैध शराब, पैसा, ड्रग्स या किसी प्रकार के उपहार का अवैध परिवहन नहीं होने पाये जिससे चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित किया जा सके इसके मद्देनजर चेकनाका सक्रिय हैं तथा मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल द्वारा छोटे–बड़े वाहनों की गहन जांच की जा रही है। निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### तुलसी भवन में मुकेश रंजन की पत्रिका अप्रतिम का हुआ लोकार्पण



**जमशेदपुर।** तुलसी भवन के प्रयाग कक्ष में युवा सम्पादक मुकेश रंजन की पत्रिका अप्रतिम का लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षिका विजयलक्ष्मी वेदुला ने की। मुख्य अतिथि के तौर पर तुलसी भवन के मानद महासचिव प्रसेनजित उपस्थित तिवारी थे। कार्यक्रम का प्रारंभ नीता सागर चौधरी की सरस्वती वंदना से हुई। तत्पश्चात मुख्य वक्ता डॉ संध्या सिन्हा ने संपादक मुकेश रंजन के व्यक्तित्व और कृतित्व पर बिल्कुल अनोखे ढंग से एक लंबी कविता के रूप में प्रकाश डाला। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मामचंद अग्रवाल, शाहनवाज कमर, मनोज जायसवाल, राजेन्द्र सिंह, रीना सिन्हा उपस्थित थे। मुख्य अतिथि प्रसेनजित तिवारी ने मुकेश रंजन के संघर्षमय व्यक्तित्व की प्रशंसा की ओर तुलसी भवन की ओर से हर तरह के सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन युवा कवयित्री लक्ष्मी सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन मुकेश रंजन ने दिया।

### अमल संघ में बांग्ला नववर्ष पर सांस्कृतिक संध्या



**जमशेदपुर।** सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था अमल संघ क्लब के तत्वधान में बांग्ला नव वर्ष 1431 सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद विद्युत वरण महतो, समाजसेवी तरुण दे ने किया। कार्यक्रम में सुष्मिता गांगुली ने कविता पाठ किया। तत्पश्चात शहर के संगीत शिल्पी श्वेता मुखर्जी ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर उपस्थित श्रोताओं का मंत्र मुक्त किया। कार्यक्रम में अमल संघ के अध्यक्ष सामंत कुमार महासचिव संदीप सिन्हा चौधरी, रंजन बनर्जी मनोरंजन सरकार, संतोष पत्रों, विश्वनाथ गुप्ता, बादल पत्रों, हेमंत दास, आलोक कुमार दत्ता, तपती बनर्जी, श्रावणी मित्रो, बापादित्य पाल , ज्ञानंद्र मालाकार, शांतनु राय, मिठू दत्ता आदि उपस्थित थे।

## शहर की बेटी अनुष्का को गोल्ड

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील की अप्रेंटिस प्रशिक्षु से हाल ही में स्थाई हुई अनुष्का कश्यप ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित 34 वे सी आई आई नेशनल वर्क स्किल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल कर शहर और टाटा स्टील कंपनी दोनों का नाम रोशन किया है। अनुष्का ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता एवं टाटा स्टील एस एन टी आई के शिक्षक श्री मिथुन अधिकारी को दिया है । फरवरी 2023 में कोलकाता में संपन्न सी आई आई ईस्टर्न रीजन वर्क स्किल प्रतियोगिता में भी अनुष्का ने टाटा स्टील के लिए स्वर्ण पदक हासिल किया था। अपने पिता को प्रेरणा स्त्रोत मानने वाली अनुष्का बचपन से ही विलक्षण प्रतिभा की रही है। अनुष्का ने बताया कि बिना किसी ट्यूशन के इसने ट्वेल्थ तक की पढ़ाई अपने पिता के मार्गदर्शन में ही किया है। इसकी प्रारंभिक शिक्षा डी ए वी एन आई टी से हुई है 10वीं बोर्ड में इसने 95.6% मार्क्स लाकर अपने स्कूल का नाम रोशन किया था।




गोल्ड मेडल प्राप्त करती अनुष्का कश्यप।

### यूपीएससी टॉपर स्वाति शर्मा का विश्वकर्मा समाज ने किया अभिनंदन

## कहा- विश्वकर्मा समाज को अपनी बेटी पर गर्व

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज ने आज विश्वकर्मा सांस्कृतिक भवन, न्यू बाराद्वारी में यूपीएससी की परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 17 हासिल करने वाली सुश्री स्वाति शर्मा का गर्मजोशी के साथ अभिनंदन किया। इस अवसर पर स्वाति के माता-पिता क्रमश : आशा देवी और संजय शर्मा के अलावा बड़े भाई संजीव शर्मा भी उपस्थित थे। विश्वकर्मा समाज की ओर से गुलदस्ता देकर और शॉल ओढ़ा कर स्वाति का अभिनंदन किया गया। इसके पश्चात समाज की विभिन्न इकाइयों के प्रमुखों ने भी शॉल एवं बुके देकर स्वाति की हौसला अफजाई की। समारोह में उपस्थित विश्वकर्मा समाज की महिलाओं और पुरुषों को संबोधित करते हुए स्वाति के माता-पिता ने उसके संघर्ष पर प्रकाश डाला। स्वाति के पिता संजय शर्मा ने कहा कि मैंने अपने दोनों बच्चों को उनकी पसंद का क्षेत्र चुनने के लिए प्रेरित किया। उन्हें जो सीमित साधन में मदद देनी थी दिया। मां आशा देवी ने कहा कि वे इंटरनेट से कई प्रेरक विडियो डाउनलोड कर स्वाति को भेजती थीं जबकि भाई संजीव शर्मा जो टाटा स्टील में असिस्टेंट मैनेजर हैं ने कहा कि उनका एक ही काम था, स्वाति को पढ़ाई के तनाव से फ्रेश रखना।




विश्वकर्मा समाज के पदाधिकारी यूपीएससी टॉपर स्वाति का अभिनंदन करते।

## टाटा स्टील के सीइओ व वीपी के खिलाफ फैक्टरी इंस्पेक्टर ने दर्ज करायी प्राथमिकी

- मामला ठेका कर्मचारी बबलू गोप की एलडी वन प्लांट में काम के दौरान मौत का

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील के एमडी सीईओ टीवी नरेंद्रन और कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट (शेयर सर्विसेज) प्रोबाल घोष पर फैक्ट्री इंस्पेक्टर धीरेंद्र मुंडा ने केस दायर किया है। फैक्ट्री इंस्पेक्टर ने दोनों को जांच में लापरवाही का दोषी पाते हुए जमशेदपुर कोर्ट के मुख्य न्यायायिक दंडाधिकारी की अदालत में केस दायर किया है।



टाटा स्टील के सीइओ टीवी नरेंद्रन और वीपी प्रोबाल घोष।

बता दें कि टाटा स्टील के सीइओ टीवी नरेंद्रन जमशेदपुर प्लांट के दखलकार हैं जबकि प्रोबाल घोष फैक्ट्री मैनेजर हैं। कंपनी के दोनों वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ फैक्ट्री एक्ट 1948 की धारा 7 ए, 2 सी, 2 डी,रूल 55 ए (1) और सब सेक्शन 32 के तहत केस दायर किया गया है।

न्यायालय में दाखिल वाद में में कहा गया है कि कंपनी में जिस तरह का सुरक्षा इंतजाम होना चाहिए था उतना नहीं था जिसके कारण 5 अप्रैल को ही दुर्घटना में ठेका मजदूर बबलू गोपी की मौत हो गई। बता दें कि करीब 4 साल बाद कोई केस कंपनी के शीर्ष अधिकारियों के खिलाफ दर्ज हुई है।

## उलगुलान रैली में भीड़ देख उड़ गयी विरोधियों की नींद: मंगल

खबर मन्त्र ब्यूरो




**जमशेदपुर।** झारखंड की राजधानी रांची में इंडिया गठबंधन की उलगुलान महारैली में झारखंड मुक्ति मोर्चा के जुगसलाई से विधायक मंगल कालिंदी अपने हजारों समर्थकों के साथ शामिल हुए। रैली समाप्त होने के बाद विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि उलगुलान रैली मैं लाखों लोग शामिल हुए इस भीड़ को देख विरोधियों की नींद उड़ गई है। जेल का ताला टूटेगा हेमंत सोरेन छूटेगा का नारो से रांची प्रभात तारा मैदान गूंज उठा। भीड़ से अंदाजा लगाया जा सकता है कि लोकसभा चुनाव में झारखंड की जनता भाजपा को उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। इतनी तपती गर्मी में भी आमजन और कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाया उसके लिए उनका आभार प्रकट करता हूं।

## ब्रह्मर्षि विकास मंच का छठा दो दिवसीय सामूहिक उपनयन संस्कार समारोह 25 से

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** ब्रह्मर्षि विकास मंच, जमशेदपुर के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 6 वीं सामूहिक उपनयन संस्कार आगामी 25 एवं 26 अप्रैल को अमल संघ मैदान सिदगोड़ा में आयोजित किया जाएगा। इसकी जानकारी मंच थे अध्यक्ष रामप्रकाश पांडेय द्वारा दी गयी। इसकी तैयारी काफी जोर शोर से चल रही है।

ज्ञात हो कि मंच द्वारा लगातार पांच बार सफलता पूर्वक इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा चुका है। सामूहिक उपनयन हुलासगंज, बिहार के सुप्रसिद्ध आचार्य डॉ रंगेश शर्मा एवं उनके ५ सदस्यीय विद्वान आचार्य के द्वारा संपन्न कराया जाएगा। कार्यक्रम के लिए बरुआ का निबंधन जारी है। उपनयन कराने के लिए प्रत्येक बरूआ द्वारा मात्र 5100 रू कमिटी के पास जमा करना होगा। इसके बाद उपनयन का सारा खर्च कमिटी द्वारा वहन की जाएगी।

बरूआ के परिवार को किसी भी प्रकार का कोई भी खर्च नहीं करना पड़ेगा। बरूआ के वस्त्र से लेकर पूजन सामग्री में उपयोग होने वाले सभी सामग्री, बरूआ के परिवार के सभी सदस्यों का ठहरने से लेकर नाश्ता एवं भोजन की व्यवस्था कमिटी के द्वारा की जाएगी। 25 अप्रैल को अपराह्न 12 बजे मंडपाछादन, 2 बजे से सत्यनारायण भगवान का पूजन एवं कलश स्थापना, 3 बजे मटकोर, 4 बजे हल्दी, संध्या 6 बजे से संस्कार पर प्रवचन एवं रात्रि 8 बजे से भतखई होगी। 26 अप्रैल को प्रातः 8 बजे से मुंडन एवं उपनयन , संध्या 5 बजे से संस्कार पर प्रवचन एवं रात्रि 8 बजे से सम्मान समारोह एवं रात्रि भोज का आयोजन किया जाएगा।



सामूहिक उपनयन का मूल उद्देश्य समाज को धर्म एवं संस्कार से जोड़ना, फिजूलखर्ची एवं दिखावेपन को समाप्त करना एवं उस पैसे को शिक्षा एवं जरूरत के खर्च करने के लिए प्रेरित करना है।

कार्यक्रम की तैयारी के लिए मंच के केन्द्रीय कमिटी द्वारा प्रत्येक क्षेत्रीय इकाईयों में लगातार बैठकें की जा रही है। बरूआ के निबंधन के लिए 9431754349, 9431117847, 8789842199 , 7004300927 पर संपर्क कर सकते हैं।


## स्पीड न्यूज

### उलगुलान न्याय महारैली की घटना निंदनीय यह भाजपा-आरएसएस की देन: बिट्टू पाठक



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जयेश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि चतरा लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के विरोध में शनिवार को उलगुलान न्याय महारैली के दौरान जो घटना घटी वह पूरे तरीके से निंदनीय है और इस घटना के पीछे आरएसएस और भाजपा का षडयंत्र है। क्योंकि सभी को पता है कि कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार केएन त्रिपाठी भारी मतों से चुनाव जीत रहे हैं और जनता का रुझान उनकी ओर है। इसलिए भाजपा वाले घबराये हुए हैं और उल्टा सीधा काम कर रहे हैं। इस घटना का जवाब चतरा के मतदाता वोट देकर केएन त्रिपाठी को जीताकर देंगे।

### पूर्वडीहा में अगलगी से अरहर जला



**चैनपुर पलामू।** थाना क्षेत्र में ग्राम पूर्वडीहा में रविवार की दोपहर 12 बजे अचानक आग लगने से अरहर फसल जलकर खाक हो गया। खबर लिखे जाने तक आग लगने के कारण का पता नहीं चल सका है। अगलगी से प्रभावित कुंदन दुबे झारखंड पुलिस के जवान हैं जिनके घर के सामने अरहर के लगभग 150 बोझा रखा हुआ था जिसमें अचानक आग लग जाने से आसपास में हड़कंप मच गया। दमकल पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों की तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया अन्यथा बड़ी घटना घट सकती थी, क्योंकि बगल में ही ट्रैक्टर खड़ी थी जिसका आंशिक हिस्सा आग से क्षतिग्रस्त हुआ है। जैसे ही पड़ोसियों ने आग लगने का शोर सुनी सारे लोग बाल्टी और डब्बा में पानी लेकर आग बुझाने दौड़े और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हवा के तेज झोंकों के बीच बगल में खपड़ैल मकान में आग फैलने का खतरा था लेकिन एकजुटता का परिचय देते हुए ग्रमीणों ने आग बुझाया। आग बुझाने वालों में संदीप दुबे, भरत दुबे, सौरभ दुबे, अविनाश, विक्रांत, सुमित, मनु, रिशु, बडू सहित कई ग्रामीण शामिल थे।

### हॉस्टल में रहकर बेहतर शिक्षा ग्रहण करेंगे बच्चे : निदेशक संजीव तिवारी




**मेदिनीनगर।** कामेश्वर अवध इंटरनेशनल स्कूल में हॉस्टल खोला गया। जहां पर बच्चों को रहने के लिए अच्छी सुविधा दी जा रही है। विद्यालय के चेयरमैन संजीव कुमार तिवारी ने फीता काटकर हॉस्टल का शुभारंभ किया। मौके पर संजीव ने कहा कि स्कूल में हॉस्टल की सुविधा होने से बच्चे यहीं रहकर आसानी से शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। बच्चों को अब स्कूल से घर की दूरी शिक्षा ग्रहण करने में बाधा नहीं बनेगा। उन्होंने बताया कि आवासीय विद्यालय संचालित किया है जो अभिभावक कल्पना करते हैं जिसमें कम खर्चे में अच्छी फैसिलिटी देने का काम कर रहे हैं। इसमें बच्चों को एसी कमरा, अच्छा खान-पान एवं समय-समय पर चिकित्सक द्वारा बच्चों का जांच भी करवाते हैं और उन्हें अच्छी शिक्षा भी दे रहे हैं। कैंपस में खेलने की सुविधा एवं अनेक सुविधा बच्चों को प्रदान किया जा रहा है। विद्यालय के वेबसाइट पर हॉस्टल एक्टिविटी या फिर सीसीटीवी द्वारा अभिभावक अपने बच्चों को अपने घर से ही देख सकते हैं। अभिभावक घर रह कर भी बच्चों की एक्टिवीटी देख सकते हैं कि उनका बच्चा क्या कर रहा है। उन्होंने बताया कि नर्सरी से कक्षा सातवीं तक की नामांकन ली जा रही है। मौके पर अर्क अरूनीश, विजय कुमार दुबे, मुकेश सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

### कार्यकर्ता बीडी राम को जिताने के लिए अपने क्षेत्र में लग जायें : अमित तिवारी



**पाटन पलामू।** प्रखंड के बरवाडीह में भाजपा की चार पंचायत की बूथ कमेटी से सभी स्तर के पदाधिकारी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह और संचालन पाटन मंडल मंत्री आनंद सिंह ने किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार, पाटन प्रभारी उदय शुक्ला, जिला कार्यकारिणी सदस्य वशिष्ठ पांडेय, श्यामदेव सिंह, अशोक तिवारी, ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राधेश्याम मेहता, अनुसूचित मोर्चा के मंडल अध्यक्ष शिव कुमार राम, मंडल उपाध्यक्ष जितेंद्र सोनी, मंडल मंत्री पशुपति शर्मा, अर्जुन तिवारी, पंचायत संयोजक गुड्डू सिंह, बूथ अध्यक्ष तुलसी सिंह, भोला भुइयां, बबलू सिंह, उमा सिंह, मंडल मंत्री पुनम देवी, पंचायत संयोजक मनु सिंह समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे। कार्यकर्ताओं के बीच भाजपा के पूरे कार्यक्रम के लिए तैयारी की गयी। साथ ही नामांकन का प्रारूप तैयार हुआ। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ता सासंद बीडी राम को जिताने के लिए अपने अपने क्षेत्र में जनता को प्रेरित करें। पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव में भाजपा के 400 पार के लक्ष्य को पाने के लिए लग जायें। मौके पर विस प्रभारी सह पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र पांडेय भी थे।

### जिन घरों में माता-पिता वहां भगवान विराजमान हैं : अविनाश वर्मा



**मेदिनीनगर।** पांकी रोड स्थित दायित्व ट्रस्ट के आवासीय कार्यालय में ट्रस्ट की पूर्व सदस्या स्व नीरा वर्मा की तीसरी पुण्यतिथि मनायी गयी। ट्रस्ट के चैयरमैन सह उनके पुत्र अविनाश कुमार वर्मा ने उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। विदित हो कि 21 अप्रैल 2021 को कोरोना से नीरा वर्मा की मृत्यु हो गयी थी, संयोग से वह दिन रामनवमी का था। 21 को पारिवारिक सदस्यों ने उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि कर नमन किया। पुष्पांजलि करने के पश्चात अविनाश कुमार वर्मा ने अपनी मां को याद करते हुए कहा कि मेरी मां घर परिवार के साथ सबों को एक साथ लेकर चलने वाली उच्च विचार की महिला थी जो अनन्यास कोरोना के काल में समा गयी।

# आपका एक वोट क्षेत्र की तकदीर लिखेगा : आनंद शंकर

- होटल ज्योतिलोक के सभागार में हुई पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की एक महत्वपूर्ण बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** होटल ज्योतिलोक के सभागार में पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की एक महत्वपूर्ण बैठक शहरी क्षेत्र में वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में चेंबर अध्यक्ष ने कहा कि गांव में वोट का प्रतिशत शहर से ज्यादा होना शहर के लिए चिंतनीय है जबकि शहरी क्षेत्र में वोट के महत्व समझने वाले पढ़े लिखे लोग ज्यादा रहते हैं।

श्री शंकर ने वोट प्रतिशत बढ़ाने हेतु व्यवसायियों से कई सुझाव मांगे जिसमें कई महत्वपूर्ण सुझाव आये। सुझाव में ई-रिक्शा मित्र स्टैंड शहर के चार भाग में बनाने, जहां लोग नंबर डायल कर महिलाएं बुजुर्ग असहाय के लिए ई रिक्शा मंगा कर बूथ तक जा सकते हैं। सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों में अपने कर्मियों को पेड हॉलीडे देने का निर्णय लिया गया बशर्ते सेल्फी के साथ उनके उंगली में वोटर इंक लगा होना चाहिए।

छोटी गाड़ियां बूथ से 100 मीटर पहले तक जाने की अनुमति प्रशासन से मांगी जाएगी, व्हीलचेयर की व्यवस्था, प्रचंड गर्मी को देखते हुए बूथ पर ठंडा पानी, कुर्सी, टेंट एवं ग्लूकोज की व्यवस्था, व्यवसाईयों के प्रतिष्ठानों में वोट देने आने जाने वाले लोगों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था प्रमुख है। व्यवसाईयों ने वोट प्रतिशत बढ़ाने हेतु रेस्टोरेंट, गोल्ड, ऑटोमोबाइल, मॉल, कपड़ा एवं कई चीजों में आकर्षक इंसेंटिव स्कीम दो दिनों के लिए देने की घोषणा की है। इसे लेकर एक कमेटी बनायी गयी है, जो चुनाव से पहले शानदार स्कीम की घोषणा करेगा जिसे वोट देने के उपरांत सेल्फी लेने वालों को सेल्फी दिखाने पर दी जायेगी। चेंबर अध्यक्ष ने कहा कि आपका एक वोट क्षेत्र की तकदीर लिखेगा।



पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की बैठक को संबोधित करते आनंद शंकर।

**खास बातें :** बैठक में व्यावसायिक संघ के संरक्षक नवल तुलस्यान, स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष धनंजय सोनी, डालटनगंज चेंबर के अध्यक्ष विनोद उदयपुरिया, लायंस क्लब के अध्यक्ष आलोक माथुर, स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव लाली, चेंबर के उपाध्यक्ष कृष्ण अग्रवाल, स्कूल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अविनाश वर्मा, शौंडिक समाज के अध्यक्ष सतीश साहू, ड्रग एसोसिएशन के संरक्षक अमिताभ मिश्रा, रिंकू दुबे, राजदेव उपाध्याय, प्रेम जायसवाल, राजहंस अग्रवाल एवं काफी संख्या में व्यवसायी उपस्थित थे। बैठक में शहर के बेहतरीन केक बनाने वाली संस्था माही केक के ऑनर लाली जी ने घोषणा की है कि 13 /14 मई को जिसका भी जन्मदिन होगा उन्हें वोट देने के उपरांत सेल्फी एवं आधार कार्ड दिखाने पर नि:शुल्क केक दिया जायेगा। श्री शंकर ने बताया कि ऐसी कई आकर्षक स्कीम और भी आयेंगे। उन्होंने कहा कि जल्द चैंबर की महिला विंग 18 वर्ष से ऊपर की लड़कियों को प्रोत्साहित करने के लिए जगह-जगह पर बैठक करेंगी। बैठक का संचालन चेंबर के सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन श्रीनिवेदन अग्रवाल ने किया।

# जरूरत पड़ी, तो जेल भी भरेंगे झामुमो कार्यकर्ता: दीपक तिवारी

- न्याय के लिए पलामू से दीपक तिवारी का उलगुलान
- रांची महारैली में सैकड़ों समर्थक के साथ हुए शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड झुकेगा नहीं, इंडिया रूकेगा नहीं। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को फंसाने की साजिश करने वालों को इस बार जनता करारा जवाब देगी। केंद्रीय नेतृत्व का आदेश होगा तो प्रभात तारा मैदान के बाद झामुमो कार्यकर्ता जेल भी भरेंगे। ये बातें झामुमो युवा नेता दीपक तिवारी ने कही।

श्री तिवारी झामुमो के सैकड़ों समर्थकों के साथ रांची में आयोजित इंडिया उलगुलान न्याय महारैली में पलामू से शामिल होने पहुंचे थे। झारखंड सरकार मंत्री मिथलेश ठाकुर के आह्वान पर युवा नेता दीपक तिवारी, पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य देवेंद्र तिवारी सैकड़ों समर्थक के साथ हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ आक्रोश जताने महारैली में पहुंचे। जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा के निर्देशन में नगरनिगम एवं सदर प्रखंड क्षेत्र के समर्थकों को दीपक एवं देवेंद्र ने प्रभात तारा मैदान पहुंचाया।



कार्यक्रम के दौरान दीपक तिवारी व उनके समर्थक।

**खास बातें :** दीपक तिवारी ने बताया कि राष्ट्र को ठगने वालों ने झामुमो से टकराने की गलती कर दी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा इस राज्य से आदिवासी, दलित, पिछड़ों के हक पर हमला करने वालों को मुक्त करने का उलगुलान शुरू किया है। पलामू प्रमंडल में मंत्री मिथलेश ठाकुर की एक आवाज पर भाजपा को उखाड़ फेंकने के लिए आदिवासी, दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक, मजदूर, किसान, युवा एक होकर मंहगाई, टैक्स, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार बढ़ाने वालों को सत्ता से हटायेगी। मौके पर वरिष्ठ नेता देवेंद्र तिवारी ने बताया कि एक पार्टी एक गिरोह की तानाशाही चलाने का काम कर रही है। इडी सीबीआई का इस्तेमाल करके झारखंड के लोकप्रिय नेतृत्व को झूठा फंसाने की साजिश की है।

# मोबाइल स्टोर से अंग्रेजी शराब बरामद, संचालक हुए गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़ पलामू।** थाना क्षेत्र के नावाडीह गोरे के मोबाइल स्टोर में अंग्रेजी शराब की बिक्री किये जाने पर पुलिस ने कार्रवाई की। संचालक सुधीर कुमार को गिरफ्तार किया गया, जबकि मौके से कई लीटर अंग्रेजी शराब और बीयर बरामद की गई। पुलिस ने किंगफिशर स्ट्रांग बियर 650 एमएल में 8 पीस, गॉडफादर क्लासिक स्ट्रांग बियर 650 एमएल में 9 पीस एवं काउंटर से स्ट्रिलिंग रिजर्व 7 की व्हिस्की 180 एमएल में 9 पीस, इसी कंपनी की 375 एमएल में 6 पीस, रॉयल स्टैग प्रीमियम व्हिस्की 375 एमएल में एक पीस एवं 180 एमएल में 9 पीस बॉटल शराब बरामद की गई। रामगढ़ के थाना प्रभारी नीलेश कुमार ने जानकारी दी की गुप्त सूचना मिली थी कि नावाडीह गोरे के अनिष्का मोबाइल स्टोर में अंग्रेजी शराब की बिक्री की जाती है। जमावड़ा लगाकर शराब पिलाई जाती है। सूचना के आलोक में टीम बनाकर कार्रवाई की गई। यहां से उपरोक्त सभी कंपनियों की शराब और बीयर बरामद की गई। दुकान संचालक का सत्यापन कर उसे गिरफ्तार किया गया। रविवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने कहा कि इस तरह की गतिविधि अगर अन्य जगहों पर भी पाई जाती है तो तत्काल कार्रवाई की जायेगी। छापेमारी अभियान में थाना प्रभारी के साथ पुलिस अवर निरीक्षक विजय मंडल, चालक आरक्षी सुनिल यादव, रिजर्व गार्ड अशोक कुमार पासवान, शशि कुमार शामिल थे।



## एनएच-39 ब्रहमोरिया मोड़ पर बने डायवर्सन में देर रात फंसीं गाड़ी, छह घंटे आवागमन बाधित

- जाम के कारण सड़क के दोनों ओर गाड़ियों की लगी लंबी कतार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** एनएच-39 ब्रहमोरिया मोड़ पर निमार्णाधीन फ्लाईओवर के लिए बनाये गये डायवर्सन में शनिवार की देर रात एक ट्रक फंस गई। जिसके कारण आवागमन बाधित हो गई। सड़क के दोनों किनारे गाड़ियों की लंबी कतार लग गई जिसके कारण लगभग 6 घंटे सड़क पर आवागमन बाधित रहा। जानकारी के अनुसार ब्रहमोरिया मोड़ पर फ्लाईओवर का निर्माण कार्य हो रहा है जिसके कारण गाड़ियों की नियमित परिचालन को लेकर मिट्टी मोरम डालकर डायवर्सन बनाया गया है। डायवर्सन संकीर्ण होने के कारण आवागमन में परेशानी होती है। शनिवार की देर रात लगभग 2 बजे एक ट्रक संकीर्ण डायवर्सन में खराब होने से अन्य गाड़ियों का निकलना बंद हो गया। सड़क के दोनों किनारे गाड़ियों की लंबी कतार लग गई जिससे आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया।



## श्री रूद्र महायज्ञ सह प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अटरिया से निकली कलश यात्रा

- शोभा यात्रा में शामिल हुए सैकड़ों श्रद्धालु, हर हर महादेव से गूंजा क्षेत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर प्रखंड के अटरिया गांव में आयोजित पांच दिवसीय श्री रुद महायज्ञ सह प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान को लेकर रविवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। बाजेगाजे के साथ निकली विशाल जलयात्रा में दर्जनों गांवों के श्रद्धालु शामिल हुए। श्रीमन नारायण नारायण, लक्ष्मी नारायण नारायण और हर हर महादेव के उदघोष से क्षेत्र गूंज उठा जिससे पूरे इलाके में भक्ति की धारा प्रवाहित हो गयी। सैकड़ों महिला पुरुष श्रद्धालु कलश के साथ कतारबद्ध होकर पैदल लगभग छह किमी चलकर तोलरा गांव के आराध्य देव स्थल शोखा बाबा परिसर पहुंचे। जहां पूजन करते हुए कोयल नदी पहुंच वैदिक मंत्रों चारण के साथ जल भरकर श्रद्धालु वापस अटरिया गांव स्थित यज्ञस्थल पर पहुंचे। जहां विधि विधान के साथ कलश को स्थापित किया गया। बताते चलें कि अटरिया गांव में एक भव्य शिव मंदिर का निर्माण हुआ है।




### नगर आयुक्त से नियमित पेयजलापूर्ति की मांग

**मेदिनीनगर।** राजद नेता विश्वनाथ राम घूरा ने मेदिनीनगर नगर निगम आयुक्त से शहर के सभी मुहल्लों में नियमित पेयजलापूर्ति कराने की मांग की है। श्री राम ने नगर आयुक्त से कहा है कि इन दिनों जिले में भीषण गर्मी पड़ रही है। अधिक गर्मी से कोयल नदी सूख चुका है। इस कारण लोगों के समक्ष पानी की समस्या उत्पन्न हो रही है। कहा कि कई मुहल्लों में पानी की किल्लत हो रही है। कई चापाकल मरम्मत के अभाव में बेकार पड़े हैं। सप्लाई पानी से शहर के लोग कुछ हद तक पेयजल समस्या से निजात पाते हैं। उन्होंने कहा कि शहर के सुदना, आबादगंज, हमीदगंज, बेलवाटिका, बीएन कॉलेज रोड, पुलिस लाईन रोड , अघौर आश्रम रोड में पानी की घोर किल्लत है। लोग पानी के लिए परेशान हैं। गर्मी में लोगों को पानी से निजात दिलाने के लिए नियमित पेयजलापूर्ति कराई जाये। ताकि लोगों को पेयजल समस्या से राहत मिल सके।

### कोलसार और खलिहान में आग, लाखों की क्षति





**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज व पिपरा प्रखंड क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों पर रविवार की दोपहर में कोलसार और खलिहान में आग लग गयी। इससे संबंधित किसान को लाखों रुपए का नुकसान बताया जाता है। पिपरा प्रखंड के सरैया पंचायत अंतर्गत बरवाडीह गांव के समीप ईख के कोलसार में अचानक आग लग जाने से किसान बिराज सिंह, मुरारी सिंह तथा बृजबिहारी तिवारी का तीन डीजल पंप सेट जलकर खाक हो गया। वहीं कोलसार में रखे ईख पेराई की मशीन ,ईख सहित पास में खेतों में लगी करीब डेढ़ बीघा में प्याज जलकर नष्ट हो गया। बताया जाता है कि ईख की पेराई की जा रही थी। इसी बीच कोलसार में आग लग गई । तेज पछुआ हवा के बीच ग्रामीणों के द्वारा काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जबतक आग पर काबू पाया जाता तब तक तीन डीजल पंप सेट आदि जलकर खाक हो गए। अगलगी की इस घटना में तकरीबन ढाई लाख रुपए से अधिक का नुकसान बताया जाता है। इधर हरिहरगंज प्रखंड के ढकचा पंचायत अंतर्गत पड़रिया गांव में सुबोध सिंह के खलिहान में आग लग जाने से वहां रखे गेहूं के 300 बोझा तथा अरहर के 50 बोझा सहित पास में रखे पुआल जल कर खाक हो गया। वहीं पास में लगे कई शीशम के पेड़ भी जल गया है। जबकि खलिहान के पास बंधी एक गाय भी आंशिक रूप से जल गयी। इस घटना में किसान को 60 हजार से अधिक का आर्थिक नुकसान होने की बात बतायी जाती है।

## चोरी की बकरी के साथ तीन धराये

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के नावाजयपुर थाना की पुलिस ने तीन चोरों को चोरी के समान के साथ गिरफ्तार कर लिया है। चोरी कांड के प्राथमिक अभियुक्त अरुण कुमार विश्वकर्मा, पिता- नंदु विश्वकर्मा, विकाजय हिन्द मैंम का नाम शामिल है। इस कांड के अभियुक्त अरुण कुमार विश्वकर्मा, पिता- नंदु विश्वकर्मा , विकास कुमार, पिता- गिरेंद्र ठाकुर, दोनों ग्राम पिंडरा व संजय कुमार सिंह, पिता- दुखन सिंह, ग्राम घुटवा सभी थाना- लेस्लीगंज को चोरी के बकरी के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। इन चोरों पर पूर्व में भी चोरी करने का आरोप था। उक्त चोर महुलिया चुरादोहर से पुनः बकरी चोरी करते हुए पकड़े गये। पुलिस ने तीनों को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। नावा जयपुर थाना प्रभारी ने बताया कि इन चोरों से लोग परेशान थे।



### नगड़ी जंगल से वृद्ध का शव बरामद

**सतबरवा पलामू।** प्रखंड मुख्यालय से 15 किमी दूर सुदूरवर्ती गांव पिंडरा के गुर्जर यादव (65) का शव रविवार को सड़े गले अवस्था में नगड़ी जंगल से बरामद किया गया है। जंगल में मवेशी चराने गये चरवाहों को शव से बदबू आने के बाद पास में जाकर देखा तो एक वृद्ध की लाश बोरा में बंद था। जिसकी सूचना ग्रामीणों को दी गयी। बताया जाता है कि ओझा-गुनी विवाद में वृद्ध की हत्या कर जंगल में फेंक दिया गया है, इसकी चर्चा ग्रामीणों में है। 18 को गुर्जर अपने घर से कुबूआ बाजार गया था।

## जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती पर पंचमुहान से निकली शोभायात्रा

- अहिंसा परमो धर्म के लगाये गये नारे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जैन धर्म के 24वें तीथंर्कार भगवान महावीर की जयंती रविवार को पारंपरिक तौर तरीके से और उत्साह के साथ मनायी गयी। पंचमुहान स्थित भगवान महावीर के मंदिर में जैन समाज के लोगों ने विशेष पूजा अर्चना की। जैन समाज के महिला व पुरूषों ने भगवान महावीर की आरती उतारी। इसके बाद दोपहर में मंदिर परिसर से भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा में जैन समाज के काफी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। शोभा यात्रा में सभी नाचते गाते खुशियां मनाते चल रहे थे। एक सुसज्जित रथ पर भगवान महावीर विराजमान थे। सभी लोग अहिंसा परमो, धर्म जियो और जीने दो, जीवों पर दया करो जैसे नारे लगाते चल रहे थे। पर्व को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला।



# जयमारन पथरा में पीएचडी विभाग से पेयजल के लिए बनी जलमीनार खराब

- भीषण गर्मी में पीन के पानी का घोर संकट

**मनीष दुबे**

**पाटन पलामू।** प्रखंड के जयमारन पथरा ग्राम में पीएचडी विभाग से बनाया गया पेय जल के लिए जलमीनार खराब पड़ा हुआ है जिससे पानी का घोर संकट उत्पन्न हो गयी है। जयमारण पथरा ग्राम में पेय जल के लिए पीएचडी विभाग से तीन जलमीनार का निर्माण वर्ष 2022 में किया गया था लेकिन दो चार महीने के बाद तीनों जलमीनार खराब हो गई और ठीकेदार के द्वारा घटीया सोलर लगा दिया गया जिससे जलमीनार से पानी ग्रामीण को नहीं मिल पा रहा है। जयमारण पथरा ग्राम के अजय सिंह, अवधेश सिंह, गोखुल सिंह, नीरज सिंह, अमरिका सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने इसकी शिकायत विभाग को की है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस भीषण गर्मी में पानी लोगों को नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इसकी शिकायत को लेकर पलामू उपायुक्त को किया जायेगा। मालूम हो कि ऐसा मामला पाटन प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का है जहां पर पेय जल के लिए बनाये गये जलमीनार खराब पड़े हुए हैं लेकिन इसकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है। ग्रामीणों के द्वारा विभाग को बताया जाता है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। पाटन प्रखंड में कई ऐसे गांव है जहां पानी की घोर किल्लत हो गई है और इस गर्मी के मौसम में पीएचडी विभाग सोया हुआ है। इससे ग्रामीणों में विभाग के प्रति आक्रोश व्याप्त है।



2022 में बनायी गयी जलमीनार।

# सेवा का बेहतर वातावरण कायम करने में जुटा समूह : रागिनी राय

- श्री सर्वेश्वरी समूह ने बाइपास रोड में खोली पनशाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** श्री सर्वेश्वरी समूह की डालटनगंज शाखा द्वारा शहर के बाइपास रोड में स्थित ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल परिसर में पनशाला खोला गया। इसकी शुरुआत समूह के स्थानीय शाखा की उपाध्यक्ष सह ब्राइट लैंड स्कूल की चैयरमैन रागिनी राय ने परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम और गुरू पद संभव राम जी की पूजा अर्चना कर किया। मौके पर श्रीमति राय ने कहा कि परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम ने मानव सेवा को ही सबसे बडा धर्म बताया है। पलामू में भीषण गर्मी पड़ रही है जैसा कि एक्सपर्ट कह रहे हैं। उसके मुताबिक इस साल जलवायु परिवर्तन के कारण अन्य वर्षों की तुलना में इस साल अधिक गर्मी पड़ेगी। ऐसे में पनशाला खुलने से आम लोगों को राहत मिलेगा। श्रीमति राय ने कहा कि समूह सेवा के 19 सूत्री लक्ष्य को लेकर निरंतर काम कर रही है। समूह अध्यात्म के साथ समाज में सेवा का बेहतर वातावरण कायम करने के लिए सक्रियता के साथ कार्य कर रहा है। मौके पर समूह के स्थानीय शाखा के व्यवस्थापक योगेंद्र सिंह, प्रचार मंत्री अनुराग सिंह, रंजीत राय, अजय बक्स राय, सुमन शाही, हरेराम सिंह, डॉ नरसिंह, ललित नारायण सिंह, सुधीर सिंह, शुभम राज आदि मौजूद थे।




पनशाला के उद्घाटन के मौके पर उपस्थित लोग।

### सीसीएल की हठधर्मी की सजा भुगत रही है स्कूल की बच्चियां

# तपती धूप में सड़क के किनारे खड़े होने को मजबूर, ग्रामीणों में भारी आक्रोश

- जिसकी जमीन से सीसीएल कोयला उत्पादन वही विस्थापित गांव छात्र छात्राओं के साथ सौतेला व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जायेगा : इस्लाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** आज दोपहर उस समय एक दिल को हिला देने वाला दृश्य उस समय देखने को मिला जब बोकारो थर्मल स्थित कॉर्मेल स्कूल में छात्र छात्राओं की छुट्टी हुई और सभी बच्चे तपती धुप मे सड़क के किनारे खड़ा हो कर घर लौटने की साधन का इंतजार करते धुप से हलकान नजर आये। बच्चों की भीड़ देख जब मामले को जानने का प्रयास किया गया तो इस संबंध में जो बाते सामने आई उसके अनुसार सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र ने खेतको, जारंगडीह से चलने वाले स्कूल बस को लगभग दो महिनों से बंद कर यह कह दिया कि बस पुराना हो गया है जिस कारण यह चलने लायक नहीं है। इस बात से जारंगडीह कथारा खेतको गांव के ग्रामीण काफी आक्रोशित दिख रहे हैं और सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के जीएम और पीओ को काफी कोश रहे हैं। दुसरे शब्दों में कहें तो यह सीसीएल के हठधर्मी ही कही जायेगी जिसका खामियाजा मासुम छात्र छात्राएं भुगत रहे हैं। इस संबंध में खेतको, जारंगडीह व कथारा के विस्थापित नेता सह विस्थापित मोर्चा के अध्यक्ष मो इस्लाम अंसारी ने इस पर अपनी तिखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस मामले को लेकर बीते दो माह भीतर सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के जीएम और जारंगडीह पीओ से कई दौर की वार्ता की गई मगर सीसीएल का सिर्फ टाल मटौल निती लगातार जारी है। जिसका परिणाम गांव के मासुम स्कूली बच्चे व बच्चियों को उठाना पड़ रहा है। उसने सीसीएल कथारा प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कहे की सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र मे दो नये स्कूल बस आये मगर दोनों ही बस को सेंत पॉल स्कूल को दे दिया गया जबकि खेतको, असनापानी, जारंगडीह, कथारा आदि से बच्चों को कार्मल स्कूल आने जाने की बस की कमी थी। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि जिन विस्थापितों की जमीन लेकर जारंगडीह परियोजना आज कोयला उत्पादन कर रही है उसी विस्थापित गांव के छात्र छात्राओं के साथ सीसीएल यह सौतेला व्यवहार कर रही है। उन्होंने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि अगर जल्द ही सीसीएल प्रबंधन इस ओर ध्यान नहीं दिया तो खेतको गांव के विस्थापित जारंगडीह परियोजना को ठप कर देगे। उन्होंने सीसीएल कथारा प्रबंधन पर यह भी आरोप लगाया कि खदान के भीतर सर्वे ऑफ गाड़ियां और भारी भारी मशिने चल सकती हैं मगर स्कूल के बच्चों के लिए एक अदद सीसीएल बस मुहैया नही करवा सकती। बस के अभाव के कारण इस चिलचिलाती धूप मे बच्चों को सड़क के किनारे घंटो खड़े होकर घर लौटने के साधन के इंतजार करते व हलकान होते देखा जा सकता है। क्षेत्र में दर्जनों श्रमिक संगठन के नेता सक्रिय नजर आते हैं मगर स्कूल के बच्चों का यह दर्द उन्हें दिखाई नही देता जो काफी दुख की बात है। उन्होंने सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि कार्मल आने जाने के लिए बस का जल्द से जल्द इंतजाम करे अन्यथा खेतको, जारंगडीह, असनापानी, कथारा आदि के अभिभावकों को साथ लेकर विस्थापित मोर्चा एक बड़ा आंदोलन खड़ा करेगी। कहा कि सीसीएल प्रबंधन की यह हठधर्मी किसी भी किमत पर बर्दाश्त नही किया जायेगा।

## पुलिस लाइन मैदान में मतदाता जागरूकता रैली में शिविर का आयोजन किया गया



**साहिबगंज।** रविवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत आयोजित मतदाता जागरूकता रैली में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए एलआईसी एचएफएल सीएसआर के सहयोग से निर्देश संस्था के द्वारा एलआईसी एचएफएल हृदय परियोजना के अंतर्गत असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, साहिबगंज के निदेर्शानुसार पुलिस लाइन मैदान में मतदाता जागरूकता रैली में शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्लूकोज और ओआरएस की व्यवस्था की गई थी। रैली में उपस्थित सभी लोगों ने इसका लाभ उठाया। ग्लूकोज और ओआरएस हमारे शरीर में निर्जलीकरण को रोकता है और हमें तरोताजा रखता है। इस शिविर में निर्देश संस्थान के कार्यक्रम प्रबंधक राजीव रंजन झा, कार्यक्रम पदाधिकारी नैन्सी गुप्ता, रविकांत ठाकुर, ग्राम समन्वयक विशाल कुमार, गौतम ठाकुर, सपना कुमारी, पिंकी आदि ने भाग लिया। असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा इस आयोजन की सराहना की गई तथा निर्देश संस्थान के सभी कर्मचारियों और एलआईसी एचएफएल सीएसआर को धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

## सभी पीएसयू अपने पदाधिकारी व कर्मियों को मतदान करने को करें प्रेरित : डीईओ सह डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** समाहरणालय स्थित सभागार में डीईओ सह डीसी श्रीमती विजया जाधव ने जिले में संचालित विभिन्न कोल परियोजनाओं पब्लिक सेक्टर यूनिट व अन्य परियोजनाओं से संबंधित प्रबंधनों के साथ बैठक की। मौके पर डीपीएलआर मेनका अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी एसडीओ चास ओपी गुप्ता जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार सिंह एसडीओ बेरमो अशोक कुमार आदि जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और कोई भी मतदाता मतदान करने से वंचित नहीं रहें को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिया गया। श्रीमती जाधव ने सभी पीएसयू को अपने अधिनस्थ कार्यरत पदाधिकारियों/कर्मियों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने को कहा। कहा कि अभी भी अगर किसी का मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं है तो वह फार्म छह भरकर अपने नजदीकी बीएलओ/वीएएफ को जमा करें। आगामी 26 अप्रैल तक मतदाता सूची में नाम दर्ज करने को लेकर आवेदन प्राप्त किया जाएगा। मौके पर उपस्थित स्वीप नोडल पदाधिकारी प्रभाष दत्ता ने सभी पीएसयू में वीएएफ की गतिविधियों को सुचारु व प्रभावी ढंग से संचालित करने पर जोर दिया। मौके पर सीसीएल बीसीसीएल इलेक्ट्रोस्टील वेदांता ओएनजीसी बीएसएल डीवीसी टीवीएनएल बीटीपीएस एनएचएआई आदि के महाप्रबंधक/प्रबंधक/प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## कांग्रेस के राधेश्याम दूबे सहित अन्य हुए भाजपा में शामिल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** स्थानीय सेक्टर 1 स्थित भाजपा विधायक आवास के पं दीनदयाल सभागार में प्रदेश भाजपा द्वारा जनसंपर्क जोड़ो अभियान के तहत आयोजित मिलन समारोह में कांग्रेस एवं इंटक छोड़ कर 200 से अधिक कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लु महतो एवं मुख्य सचेतक विरोधी दल बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने लोकसभा क्षेत्र के सहसंयोजक रोहितलाल सिंह भाजपा बोकारो जिलाध्यक्ष श्री जयदेव राय जी बोकारो विधानसभा क्षेत्र संयोजक वीरभद्र प्रसाद सिंह भाजपा नेता शशीभूषण ओझा मुकुल आदि की उपस्थिति में सभी को माला व भाजपा का अंगवस्त्र पहना कर उनका स्वागत किया। विधायक सहित सभी वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुए धनबाद संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के जीत के प्रति विश्वास प्रकट किया।

## गर्मी को देखते हुए स्कूल का समय बदला, आदेश जारी

बोकारो ।अत्यधिक गर्मी पड़ने एवं लू को ध्यान में रखते हुए सभी कोटि के सरकारी गैरसरकारी सहायता प्राप्त गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालयों में कक्षा केजी से कक्षा 08 तक की कक्षाएं सुबह 7 बजे से 11.30 बजे तक एवं कक्षा 09 से ऊपर की कक्षाएँ सुबह 7 बजे से 12 बजे तक संचालित की जाएगी। इस अवधि में प्रार्थना सभा या खेलकूद एवं अन्य गतिविधियां धूप में संचालित नहीं की जाएगी परन्तु मध्याह्न भोजन का संचालन जारी रहेगा। उक्त आदेश अगले आदेश जारी होने तक लागू रहेगा। इस बाबत उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने बताया कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के प्रभारी सचिव द्वारा स्कूल के समय बदलाव को लेकर आदेश जारी किया गया है। जिले के सभी कोटि के सरकारी गैरसरकारी सहायता प्राप्त गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालयों में उक्त आदेश को सुनिश्चित कराने को लेकर डीईओ एवं डीएसई को जरूरी निर्देश दिया गया है। विभाग द्वारा जारी निर्देश में स्पष्ट है कि। इस अवधि में बच्चों की पढ़ाई में होनेवाली क्षति की भरपाई के संबंध में अलग से निर्णय लेते हुए संसूचित किया जायेगा।

## मजदूर नेता जितेंद्र दूबे की नतनी श्रुति इंडिगो की पायलट बनी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** सम्पूर्ण ब्राहम्ण समाज के केंद्रीय अध्यक्ष सह बेरमो कोयलांचल क्षेत्र के वरिष्ठ मजदूर नेता जितेंद्र दूबे की नतनी श्रुति तिवारी इंडिगो की पायलट बनी। इंडीगो एयरलाइंस ने हाल ही में एक नई उड़ान का आरंभ किया है, और इसमें झारखंड की बेटी, श्रुति तिवारी, ने अपने सपनों को पंख दिया है। सिर्फ 22 साल की उम्र में, श्रुति ने दिल्ली में रहकर इंडिगो के पहले राउंड में ही सभी पेपर को सफलता पूर्वक पार किया। श्रुति का सफर झारखंड से दिल्ली तक का नहीं, बल्कि एक सपने का सफर है। उनकी मेहनत और लगन ने उन्हें इंडिगो के पहले राउंड में सफलता दिलाई, जो उनकी प्रेरणा बनी। श्रुति तिवारी का यह सफर दिखाता है कि अगर इरादे मजबूत हैं, तो सपने हकीकत में बदल सकते हैं। उनकी कामयाबी को सलाम करते हैं और उनके आने वाले उड़ान में शुभकामनाएँ देते हैं। श्रुति तिवारी ने कहा कि माता-पिता और नाना-नानी सहित पूरे परिवार का सहयोग तथा प्रोत्साहन से सफलता मिली है।

# ट्रक का टायर ब्लास्ट होने से 30 वर्षीय चालक की घटनास्थल पर ही हुई मृत्यु

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**साहिबगंज।** शनिवार रात्रि साढ़े दस बजे के करीब राधानगर थाना के करीब पत्थर चीप्स से लदी ट्रक के टायर ब्लास्ट होने से हुई मृत्यु हो गई। रिंकू सेख (30 वर्षीय), पिता-मुस्ताक अली, पो.जलालपूर, थाना-मानीकचौक, जिला-मालदा, पश्चिम बंगाल, साल्टी, उधवा से पत्थर चीप्स लोडकर फेरी घाट राजमहल आ रहा था, उसी क्रम में राधानगर थाना पारकर गाड़ी को खड़ा कर टायर में फंसे गिट्टी को निकाल रहा था। उसी वक्त टायर ब्लास्ट हो गया और चालक खुन लथपथ हो गया। आनन-फानन में गाड़ी में बैठा एक व्यक्ति तुरंत पास के ही एक क्वाक डाक्टर के पास ले गया डाक्टर तुरंत राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल ले जाने को कहा, उसके बाद चालक रिंकू सेख को राजमहल लाया गया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आश्चर्य की बात है कि घटना के लगभग दो घंटा बीत जाने के बाद भी राधानगर थाना से कोई भी कर्म घटनास्थल पर नहीं आया। मृतक अपने पीछे एक पुत्र जिसकी उम्र मात्र तीन बर्ष है और पत्नी खालिदा के साथ मां-पिता जी को छोड़कर चले गये।

आज जितनी भी वाहन से घटना घट रही है उसका मुख्य कारण है राजमहल अनुमंडलीय क्षेत्रों में जर्जर सड़क का होना। आये दिन चालक अनियंत्रित होकर किसी व्यक्ति, मोटरसाइकिल, कार, आदि से टकरा जाते हैं जिससे सामने वाला और खुद भी जिन्दगी से हाथ धो लेते हैं। सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि इंसान पैदल तक चलना लना नहीं चाहते हैं। जिस जगह पर शनिवार को रात में टायर ब्लास्ट हुई है उस जगह तो लगता कि सड़क में गड्ढा है कि गड्ढा में सड़क। आज उधवा से राजमहल हो या उधवा से फरक्का या राजमहल से सरकंडा सभी सड़कों की स्थिति दयनीय है। ट्रकों में चिप्स पत्थर लोड होने के कारण टायरों में भारी दबाव बना रहता है जिसके कारण किसी भी बड़ी हादसा होने का डर रहता है। पहले स्कूल में बच्चे जाने वक्त और आने वक्त, न्यायालय में कर्मी जाने वक्त और आने वक्त शहर में बड़े वाहनों का प्रवेश निषेध था पर आज आने जाने का कोई पाबंदी नहीं है। राजमहल बाजार से ट्रक पत्थर चिप्स लोड कर पास करते हैं उस समय काफी देर तक जाम लगा रहता है अगर किसी भी प्रकार से टायर ब्लास्ट करता है तो बहुत बड़ी घटना घट सकती है। बड़ी दुःख के साथ कुछ दुकानदारों ने बताया कि हमलोगों को हमेशा मौत के सायों में जीना पड़ रहा है। सड़क की स्थिति जर्जर हो चुकी है लोग घर से निकलना बंद कर दिया है। बिक्री बंद हो गई है, राजमहल के हवा में जहरीली धुल मिला है। हमेशा सड़क से गुजरने वाले वाहन से गिट्टी, पत्थर, आदि दुकान में आकर गिरता है जिससे शो केश का कांच चुर हो जाता है और हमलोगों को भी लग जाता है। आज राजमहल के जनता ने जिसे अपना जनप्रतिनिधि चुना वो भी आज लाचार है। हमारे जन प्रतिनिधि सिर्फ वोट की राजनीति करते हैं, और जनता के दुःख के समय नहीं आ रहे हैं, सिर्फ वोट के समय आते हैं। आज अगर सड़क सही रहता तो रिंकू सेख जैसे लोगो की जान नहीं जाती।काश हमारे जनप्रतिनिधि थोड़ी सी भी ध्यान देते तो आज रिंकू सेख टायर ब्लास्ट से नहीं मरते, दुकानदार आज टीवी जैसे बिमारी से ग्रसित नहीं होते।आज जाने वाले तो चलो गये पर हम अनुमंडल वासी को एक मेसेज देकर गये कि आज मैं जा रहा हूं अगर कल आप सतर्क नहीं हुए तो अगली बारी आपकी।

## मनुष्य जन्म से नहीं कर्म से महान बनता है : अनिल

**बेरमो।** अवध बिहारी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जरीडीह बाजार के वंदना सभा में भगवान महावीर जयंती मनाई गई। जिसका शुभारंभ सचिव समाज सेवी अनिल अग्रवाल प्रधानाचार्य अजय पाठक जी के द्वारा भगवान महावीर के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पार्चन कर किया गया। अतिथि का परिचय आचार्य सुभाष जी के द्वारा किया गया, प्रधानाचार्य अजय पाठक ने बताया कीभगवान महावीर जैन धर्म के चौंबीसवें तीर्थंकर थे। भगवान महावीर का जन्म करीब ढाई हजार वर्ष पहले, वैशाली गणराज्य के क्षत्रियकुंड वैशाली में अयोध्या इक्ष्वाकुवंशी क्षत्रिय परिवार हुआ था। तीस वर्ष की आयु में महावीर ने संसार से विरक्त होकर राज वैभव त्याग दिया और संन्यास धारण कर आत्मकल्याण के पथ पर निकल गये। समाज सेवी अनिल अग्रवाल ने कहा कि भगवान महावीर का अनेकांत का सिद्धांत जैन दर्शन को सर्वधर्मो में गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त करता है उनके उपदेश हर काल में प्रसंगीत है मनुष्य जन्म से नहीं कर्म से महान बनता है, जियो और जीने दो अहिंसा परमो धर्म जैसे अनेक परोपकारी संदेश सदैव जीवित रहेंगे मौके पर सभी आचार्य दीदी जी और भैया बहन उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### चास रोटरी ने बाई पास चास में की प्याऊ की व्यवस्था



**बोकारो।** रोटरी क्लब चास द्वारा चल रही हीट वेव को ध्यान में रखते हुए राहगीरों को राहत देने की उद्देश्य से बाय पास रोड चास में प्याऊ की व्यवस्था की गई। रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष पूजा बैद ने कहा कि चास मुख्य बाजार होने के कारण बड़ी संख्या में यहां ग्रामीण खरीददारी करने आते हैं परंतु भीषण गर्मी में उन्हें पीने के पानी की किल्लत झेलनी पड़ती है। अब उन्हें परेशानी नही होगी। समाजसेवी संपतमल ने प्याऊ का शुभारंभ करते हुए जनोपयोगी सेवा के लिए रोटरी क्लब चास की प्रशंसा करते हुए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के संयोजक धनेश बंका ने कहा कि तेज धूप और गर्मी से परेशान लोगों को पीने के पानी के लिए इधर उधर नहीं भटकना पड़ेगा। क्लब की सचिव डिंपल कौर ने कहा कि रोटरी क्लब अपने कर्तव्य का पालन कर पथिकों की सेवा कार्य कर रही है। डिंपल ने बताया कि यह अस्थाई प्याऊ गर्मी भर लोगों की सेवा के लिए तत्पर रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय बैद मंजीत सिंह बिनोद चोपड़ा आनंद अग्रवाल गणेश महतो धनंजय शर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### बोकारो स्टील को 250 एमवीए अतिरिक्त बिजली उपलब्ध कराएगा डीवीसी



**बोकारो/चंद्रपुरा।** बोकारो स्टील लिमिटेड और डीवीसी के बीच हुए समझौते के अनुसार डीवीसी द्वारा बीएसएल को 250 एमवीए की अतिरिक्त बिजली की आपूर्ति की जायेगी। इस संबंध में डीवीसी और बीएसएल के बीच बोकारो स्टील सिटी में उनके बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया है। वर्तमान में डीवीसी बीएसएल, सेल को 220 एमवीए बिजली की आपूर्ति करता है और एमओयू के अनुसार अतिरिक्त आपूर्ति 2027-28 से शुरू होगी। सूत्रों ने बताया कि उक्त समझौता बीएसएल के आसन्न विस्तार के कारण अतिरिक्त बिजली की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए किया गया है। डीवीसी विभिन्न प्रतिष्ठानों में स्थापित की जा रही अपनी आगामी ब्राउन फील्ड थर्मल पावर परियोजनाओं से बढ़ी हुई मांग को पूरा करेगा। डीवीसी की ओर से सदस्य वित्त अरूप सरकार कार्यकारी निदेशक वाणिज्यिक संजीव श्रीवास्तव ईडी सिस्टम डीके सिंह ईडी वित्त जॉयदीप मुखर्जी इस अवसर पर उपस्थित थे जबकि बीएसएल की ओर से ईडी वर्क्स ईडी परियोजनाएं और ईडी वित्त के अलावा दोनों पक्षों के उच्च अधिकारी उपस्थित थे।

### आंदोलनकारियों ने भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन से भेंट कर कोयला रैक हटाने का किया मांग



**दुमका।** रेलवे स्टेशन पर बने कोयला रैक हटाने की मांग को लेकर आंदोलनरत स्थानीय लोगो ने भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन से मुलाकात कर कोयला रैक हटाने की मांग रखी। आंदोलनकारियों को सीता सोरेन ने कहा कि तत्काल संबंधित कंपनी से वह 24 घंटे स्प्रिंगलर चलाने को लेकर बात करेंगी। सीता सोरेन ने आंदोलनकारियों को आश्वस्त किया कि चुनाव के बाद इस गंभीर विषय को लेकर यहां से कोयला रैक हटाने का प्रयत्न करेंगी। यहां बताते चलें कि इसके पहले गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे ने भी दुमका रेलवे स्टेशन पर बने कोयला रैक को 2024 तक कोयला रैक हटाने की बात सार्वजनिक रूप से कही थी। गौरतलब है कि दुमका रेलवे स्टेशन पर बने कोयला रैक से आसपास के ग्रामीणों का जीना दुर्भर हो गया है। कोयला रैक से प्रदुषण इतना हो रहा है कि आस पास के छतों पर कोयला डस्ट की मोटी परत प्रत्येक दिन जम जा रहा है। आंदोलनकारियों का नेतृत्व कर रहे रवि शंकर मंडल ने बताया कि जब तक यहां से कोयला रैक नहीं हटाया जाएगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। मौके पर शत्रुघन पंडित, अमन सिंह, जगन्नाथ पंडित, हेमंत श्रीवास्तव, ध्रुव मंडल, मनोज पंडित, एनएन पंडित, सुरेंद्र शर्मा, विष्णु यादव, अभय गुप्ता, मनोज चंद्रवंशी, आशीष तिवारी आदि मौजूद थे।

### मोटर मजदूर यूनियन के अध्यक्ष अरुण सिंह पर जानलेवा हमला, बाल-बाल बचे



**दुमका।** संताल परगना मोटर मजदूर यूनियन के अध्यक्ष अरुण सिंह पर रविवार की सुबह साढ़े तीन बजे कोर्ट परिसर के समीप ई-रिक्शा सवार तीन लोगों ने जान मारने की नीयत से कनपटी पर पिस्टल सटा दिया। अध्यक्ष श्री सिंह ने साहस दिखाते हुए पिस्टल पकड़ लिया। करीब 20 मिनट तक छीनाझपटी चलती रही। गोली नहीं चला पाने पर दो लोगों ने उनकी जमकर पिटाई की और सड़क पर दूर तक घसीटा। इसमें वे बुरी तरह से घायल हो गए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को हिरासत में लिया है। बाकी दो की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही बचे हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। अध्यक्ष अरुण के बयान पर पुलिस ने तीन के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गिलानपाड़ा निवासी अरुण सिंह यूनियन के अध्यक्ष के अलावा एक दैनिक अखबार की एजेंट भी है। वे सुबह अखबार का वितरण करने के लिए बाइक से बस पड़ाव आ रहे थे। कचहरी चौक के समीप ई-रिक्शा खड़ा था । अचानक उसमें से दो व्यक्ति उतरे और उनकी बाइक को रोक लिया। जबकि एक युवक रिक्शा में बैठा रहा। दोनों में एक हमलावर ने पिस्टल निकालकर उनकी कनपटी पर सटा कर गोली करने का प्रयास किया तो अरुण सिंह ने पिस्टल पकड़ कर उसका मुंह मोड़ दिया और हमलावर से भिड़ गए। करीब बीस मिनट तक हमलावार पिस्टल छीनने का प्रयास करते रहे। किसी तरह से पिस्टल छीनने के बाद अरुण पर लात घूसों से हमला कर दिया। अरूण के शोर मचाने पर दोनों पुलिस को बताने पर जान मारने की धमकी देकर भाग निकले।

### पर्शियन कैट का मौत, डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप



**दुमका।** पालतू पर्शियन कैट की हुई मौत का मामला रविवार को नगर थाना पहुंचा। जहां डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए थाना क्षेत्र के दुधानी निवासी अब्दुल नदीम ने नगर थाना में एक आवेदन दिया है। जिसमें बताया है कि उसने कोलकाता से एक पर्शियन कैट खरीद कर लाया था। जिसे अपने घर में पालतू बना कर रखा था। आज सुबह तबीयत बिगड़ने पर पर्शियन कैट को इलाज के लिए दुमका के रेफरल पशु अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने बीमार पर्शियन कैट की जांच की और चार इंजेक्शन लिखा। बाजार से इंजेक्शन लाकर उसने अस्पताल के कंपाउंडर को दिया। कंपाउंड द्वारा पर्शियन कैट को चारों इंजेक्शन लगाया गया। इंजेक्शन लगाने के कुछ देर बाद ही उसके मुंह से झाग आने लगा और बाद में मुंह से खून भी निकलने लगा। कुछ देर बाद ही पालतू पर्शियन कैट की मौत हो गई। आरोप है कि डॉक्टर ने इलाज में लापरवाही बरती और कंपाउंड द्वारा गलत तरीके से इंजेक्शन देने के कारण पर्शियन कैट की मौत हुई। आवेदन में अब्दुल नदीम ने डॉक्टर और कंपाउंड पर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग किया है। मामले को लेकर थाना प्रभारी अमित लकड़ा ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पृथ्वी के संकट को गंभीरता से लेने का समय

## संकट में पृथ्वी

आधुनिक आदमी की सोच में मनुष्य ने पृथ्वी को जड़ मान अपने को अलग कर उस सम्पदा का स्वामी मान बैठा। उसे जीवन को संचालित करने के लिए विकास का एक नया मंत्र मिला गया जिसका आशय निरंतर आगे बढ़ना है और दुनिया के सारे संसाधनों का उपयोग करना है। दुनिया, जगत या पृथ्वी हमारे लिए साधन हैं जिनका मन मजी से उपयोग करना है। मनुष्य सब कुछ का केंद्र बन गया और उसके स्वार्थ की सिद्धि को प्रमुख मान लिया गया। पृथ्वी के सभी संसाधनों का अंधाधुंध दोहन शुरू हुआ। अनियंत्रित विकास के चलते एक ओर पृथ्वी की उर्वरा शक्ति कम होने लगी तो दूसरी ओर कूड़ा-कचरा का ढेर लगाने लगा। जो जितना विकसित हुआ उसने उतने ही ज्यादा कूड़ा पैदा किया। देखते-देखते राजधानी दिल्ली जैसे बड़े महानगरों में कूड़े के कई पहाड़ खड़े हो गए जिनका निस्तारण असंभव सी परियोजना हो गयी। मातृभूमि का एक भौतिक आधार है पर वह सांस्कृतिक संकल्पना है। भौतिक विस्तार के क्षेत्र का घट-बढ होता रहा है। मातृभूमि राष्ट्रीय संस्कृति का मुख्य अंश रहा है। सुजलां , सुफलां, मलयजशीतलां मातरं, बंदे मातरम् का आवाहन हमें कर्म और त्याग के साथ ह्यमातृदेवो भवह्ण के संकल्प की ओर अग्रसर करता है। मातृभूमि की वंदना राष्ट्रीय संस्कृति का मुख्य भाग रहा है। यह राष्ट्रीय आस्था का विषय है। धरती के साथ हिंसा किसी भी तरह से स्वीकार्य नहीं हो सकती।खेती-बारी, काम-धंधा, सुख-स्वास्थ और सामाजिक-आर्थिक उन्नति से जुड़ी सारी गतिविधियां धरती पर ही टिकी हैं। हम पृथ्वी का हर प्रकार से दोहन कर रहें हैं। लेकिन पृथ्वी के संरक्षण और जल,जंगल, जमीन, वायु और मिट्टी की गुणवत्ता समाप्त होने की दिशा में उत्पन्न भयावह प्रलय की चिंता पर गंभीर नहीं है।

## खत

उपनिवेशवाद के चलते पूरी दुनिया का शोषण करने वाले यूरोपीय व पश्चिमी देश लोकतांत्रिक स्वरूप वाले विश्व में भी व्यापारिक हथकंडों के जरिये विकासशील देशों का दोहन कर रहे हैं। दरअसल, खाद्य पदार्थों व शीतल पेयों में अधिक चीनी व नमक के जरिये युवाओं को भी इन उत्पादों की लत लगाई जाती है। जिससे कालांतर गैर संक्रमणीय रोगों का खतरा बढ़ जाता है। इस अस्वस्थ खाना-पान से कई रोग उत्पन्न होते हैं। इन स्वास्थ्य समस्याओं में वजन बढ़ना, मोटापा और कालांतर मधुमेह जैसे रोग हो सकते हैं। इसी तरह शीतल पेय, डिब्बा बंद जूस तथाकथित एनर्जी ड्रिंक्स तथा बिस्कुट में चीनी की मात्रा काफी अधिक होती है। इन उत्पादों की गिनती अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड के रूप में होती है। हाल के दिनों में एक ब्रिटिश जनरल में खुलासा हुआ कि ऐसे खाद्य पदार्थों से उम्र पर भी नकारात्मक असर पड़ता है। भारतीय चिकित्सक खुलासा कर रहे हैं कि यदि आपकी डाइट में अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड की मात्रा दस प्रतिशत से ज्यादा होती है तो व्यक्ति के शरीर में कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग व अवसाद जैसे रोग उत्पन्न हो सकते हैं। भारत में हाल के दिनों में इन रोगों से ग्रस्त लोगों की संख्या में तेजी से विस्तार हुआ है। हम देश में उपभोक्ताओं को जागरूक करें। साथ ही हर उत्पाद में इस बात का उल्लेख होना चाहिए कि किसी खाद्य या पेय पदार्थ में कितनी मात्रा में नमक या चीनी का उपयोग किया गया है। दरअसल, इन उत्पादों में चीनी-नमक की मात्रा की निगरानी वाले तंत्र को मजबूत बनाने की जरूरत है। साथ ही देश में ऐसे प्रयोगशालाओं की स्थापना हर राज्य में की जाए जो लोगों के उत्पादों की जांच-पड़ताल कर सके। साथ ही दोषी पाये जाने वाली कंपनियों पर कठोर कार्रवाई की भी व्यवस्था होनी चाहिए।

## पशु स्वभाव

विचार-प्रवाह

सुभाष काक

**बुद्ध** ने अपने प्रत्यक्ष अनुभव के आधार पर वैदिक जगत के विभिन्न तत्वों की पुष्टि की है। इनमें हैं कई स्वर्ग, नरक और देव, असुर और राक्षस जैसी पराशक्तियां। बुद्ध ने अपनी दैवीय दृष्टि से इन प्राणियों और लोक को देखने का दावा किया है। उन्होंने यह दावा भी किया है कि किस तरह भावुक प्राणी देह बदलने की प्रक्रिया में अस्तित्व के इन विभिन्न रूपों से गुजरते हैं। इसलिए बुद्ध ने इसे वैदिक ब्रह्मांडीय भूगोल समझा, जहां ये सभी प्राकृतिक और अलौकिक प्राणी रहते हैं। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि जगदला मठ के एक बौद्ध महंत ने बुद्ध पर 30 श्लोक लिखे, जबकि शिव पर 73 और विष्णु पर 40।

दार्शनिक और मानव विज्ञानी आश्चर्य करते हैं कि एक बौद्ध ग्रंथ में शिव और विष्णु क्या कर रहे हैं। न ही वे यह बता सकते हैं कि वैदिक देवता किस तरह महायान का हिस्सा हैं। उनके ग्रंथों में एक बौद्ध के रूप में जापान और चीन के वैदिक देवों का बेतुका वर्णन है। कथाओं के मुताबिक जब बुद्ध ने उपदेश देना शुरू किया तो वे उसके अनुयायी बन गए। महायान परंपरा में बुद्ध ज्ञान का सिद्धांत हैं, जो वैदिक खांचे में पूरी तरह सही बैठते हैं। इसका सबसे सशक्त रूप हमें लोटस सूत्र या सद्धर्म पुंडरिका सूत्र में दिखता है। अलग-थलग रहते हुए कश्मीरियों ने अपने बहुत से पुराने रिवाजों को बचाए रखा है। हालांकि उनके हाल के इतिहास के चलते कई समारोहों का अर्थ खो गया है। उदाहरण के लिए, हमें अस्तित्व की छह मनोवैज्ञानिक स्थितियों के बारे में बताया गया है। यहां सबसे निचली तीन स्थितियों के प्रतिनिधि हैं, बुरे लोगों के विचार, अधूरी इच्छाओं के भूत और हमारा पशु स्वभाव।

कार्टून वर्ल्ड




लेटर टू एडिटर

### जीवन बचाएं

**अगर** सभी प्रकार की दुर्घटनाओं की जानकारी एक ही स्थान या स्रोत से मिल जाए तो बहुत सारी दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। लेखक ने सड़क दुर्घटनाओं, उद्योगों, खानों, खेत-खलिहान, प्लांटेशन, निर्माण कार्य, सफाई कार्य आदि में होने वाली दुर्घटनाओं का वर्णन करते हुए सुझाव दिया है कि अगर समय रहते सावधानी बरती जाए।

**– शिवशंकर उरांव, गुमला**

### जीवन से खिलवाड़


**दवाइयां** मरीजों की प्राण रक्षा के लिए बनती हैं। मगर आज मरीज नकली और अमानक दवाओं के मकड़जाल के बाजार में उलझा हुआ है। हिमाचल के दवा उद्योगों में बनी 20 दवाओं में कमियां पाई गई हैं। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रक संगठन द्वारा जारी मार्च के ड्रग अलर्ट में देशभर के विभिन्न राज्यों में 59 दवाओं को गुणवत्ता के अनुरूप नहीं पाया गया है।

**– रविशंकर सिंह, रांची**

**पृथ्वी दिवस (22 अप्रैल) पर विशेष**

पृथ्वी, धरती, वसुंधरा, भूमि आदि विभिन्न नामों से जाने जाने वाली सता को हजारों साल से माता कहा जाता रहा है। अथर्ववेद के पृथ्वी सूक्त में माताभूमिः पुत्रोहं पृथिव्याः का उद्घोष मिलता है। माता के रूप में पृथ्वी जाने कब से मनुष्य, पशु-पक्षी, कीट-पतंग आदि सभी जीवित प्राणियों यानी अपने आश्रितों का निर्व्याज भरण-पोषण करती आ रही है। माता का स्वभाव है कि वह स्वयं कष्ट सह कर भी अपना सारा प्रेम शिशुओं के ऊपर उड़ेलती रहती है क्योंकि वह अपनी संततियों को अपने अस्तित्व से अलग नहीं रखती। वे उसी के अभिन्न अवयव या अंश होते हैं । वैसे भी सारी दुनिया में जो कुछ भी स्थित है वह ईश्वर का आवास है: ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किंचित् जगत्यां जगत । इसलिए उस पर हमारा कोई अधिकार नहीं बनता । तभी भारत के आदमी ने सोचा कि पृथ्वी पर जीवन सिर्फ. बसता नहीं है । वह प्राण शक्ति है और वह उसी की बदौलत जीता है । हमारी भाषा, विचार और शरीर-रचना सब पर इस भूमि का अनिवार्य प्रभाव पड़ता है। पृथ्वी प्राणियों के लिए आश्रय ही नहीं है वरन उसी से ही जीवन संभव हो पाता है। हम सब पृथ्वी के तत्वों से निर्मित होते हैं। मिट्टी की सबसे विलक्षण शक्ति उसकी उर्वरा क्षमता में निहित है। इस जीवनी शक्ति के चलते रूखे-सूखे बीज का रूपांतरण होता है, अंकुरित होकर वह बीज हरी-भरी घास, अन्न की लहलहाती फसल, नाना प्रकार के चित्ताकर्षक सुगंधित पुष्प, भाँति-भाँति के सुस्वादु रसीले फल वाले, औषधीय और अन्य कि स्म के वृक्ष-वनस्पतियाँ आदि जानें क्या-क्या बन जाता है।





- गिरीश्वर मिश्र

> उद्घोषणा को कार्यस्तर पर लागू करने तक की अब तक की यात्रा आगे नहीं बढ़ पा रही है। जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की प्रजातियों के विनाश और जैव विविधता के ह्रास का खतरा बढ़ रहा है। धरती के नीचे प्रवाहित जल हमारे जीवन का स्रोत है। उसके क्रोड़ में विभिन्न धातुएँ-कोयला, सोना, चाँदी, लोहा, हीरा, मोती हैं, ऊर्जा का स्रोत पेट्रोल है। क्या कुछ नहीं है उसमें।

धरती के नीचे प्रवाहित जल हमारे जीवन का स्रोत है। उसके क्रोड़ में विभिन्न धातुएँ-कोयला, सोना, चाँदी, लोहा, हीरा, मोती हैं, ऊर्जा का स्रोत पेट्रोल है। क्या कुछ नहीं है उसमें। बहुत से पदार्थ ऐसे भी हैं जो रत्नगर्भा पृथ्वी ने अपने भीतर छिपा रखे हैं और हमें उनका ज्ञान नहीं है। ऐसी पृथ्वी जड़ नहीं है और हमें अपने अस्तित्व को उसके हिस्से के रूप में देखना चाहिए। हमारा पृथ्वी से सम्बन्ध एक समग्र रचना या अंगी के अंग के रूप समझना चाहिए। पृथ्वी को देवता माना गया। पृथ्वी रक्षणीय और वंदनीय हो गयी। भूमि को माता का दर्जा मिला। परंतु आज की स्थिति भिन्न है। अब वैश्विक स्तर पर सभी देशों को प्रभावित करने वाली चुनौतियों में जलवायु - परिवर्तन को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। ग्लेशियरों के बहुत बड़े पैमाने पर पिघलने की घटना से प्राकृतिक संतुलन खतरे में पड़ रहा है । हम सब प्रकृति और मनुष्य अलग-अलग देखने लगे हैं। प्रकृति का संसाधन वाला रूप बड़ा आकर्षक लगता है। विगत वर्षों में पर्यावरण से जुड़े हादसों में बड़ी तेजी से वृद्धि हुई है किंतु मनुष्य अपने सीमित स्वार्थों के चलते बाज नहीं आता। उसे यह विस्मृत हो जाता है कि प्रकृति विकल्पहीन है।उसे खोने का खतरा हमें कहीं का न रखेगा। यूरोप और अमेरिका के विकसित देशों में बाढ़, लू, सूखा और तूफान जैसी चरम स्थितियों का कई कई बार सामना करना पड़ा है। भारत के अनेक क्षेत्रों में बाढ़ की विभीषिका का असर हुआ था। दुबई में हुई ताजा वर्षा और बाढ़ अभूतपूर्व है।

सभी देश पर्यावरण की रक्षा के लिए जरूरी मानकों, मानदंडों और पाबंदियों को स्वीकार न करके छूट लेने की फि राक में हैं। ग्रीनगैस के उत्सर्जन को लेकर आज जो हालात हैं उसमें यह स्थिति खास तौर पर दिख रही है। अब पृथ्वी पर तापमान में वृद्धि अनियंत्रित होती जा रही है। विडम्बना यह भी है कि इस वैश्विक पैमाने पर आ रही विपत्ति का नुकसान अक्सर कम विकसित देशों को ही भुगतना पड़ता है। अनुमान है कि विश्व को 2.5 से 2.9 सेल्सियस तापमान से गुजरना होगा। मौसम में होने वाले इस तरह के क्रांतिक बदलाव के भयानक परिणाम हो सकते हैं।

आज प्रौद्योगिकी का जिस तेजी से विकास हो रहा है वह प्रकृति की संभावनाओं को कुंठित और करने वाला साबित हो रहा है । खेती में में रासायनिक खाद और कीटनाशकों आदि के विविध रूप विष की तरह मानव शरीर में पहुँच कर अनेक रोगों को जन्म दे रहे हैं। यही हाल आणविक ऊर्जा के उत्पादन से जुड़ी समस्याओं का भी है। वृक्षों आदि विभिन्न वनस्पतियों, मनुष्य और अन्य जीव जंतु सभी परस्पर निर्भर हैं। ये सभी एक दूसरे के लिए पूरक की तरह सक्रिय हो कर काम करते हैं। परंतु मनुष्य प्रकृति से लेता तो है पर उसे देने की बात याद नहीं रहती है। हाँ, कई लोगों को मन में यह भ्रम जरूर है कि प्रकृति असमाप्य है, कभी खत्म न होगी। हम प्रकृति को जड़ या निर्जीव मान कर मनोवांछित तरीके से इच्छानुसार उसके शोषण और दोहन में शामिल हो जाते हैं। यह हमारे स्वभाव का हिस्सा बनता जाता है। हम असंवेदनशील और असहिष्णु हो कर हिंसक बनते जाते हैं।

पृथ्वी से मिलने वाले प्रसाद का सेवन श्रेयस्कर होता है न कि लोभवश अंधाधुंध शोषण। पृथ्वी की अकूत सम्पदा में बहुत कुछ यदि पुनर्नवीकरण करने लायक (रिन्यूएबिल) होता है तो बहुत कुछ उपयोग के साथ क्रमशः खत्म होता जाता है। परंतु यह सब देख हम पृथ्वी को एक संसाधन मान बैठते हैं जिसका शोषण करने लगते हैं। पृथ्वी को उपभोग्य और उसके सभी पक्षों का उपभोग करते रहना हम अपना हक सा मान बैठे है। इस उपभोग के अनियंत्रित होने से जीवन की पारिस्थितिकी खतरे में पड़ने लगी है क्योंकि सब कुछ परस्पर सम्बंधित है।

पृथ्वी को जन की धात्री कहा है। उपेक्षा की जगह जागरूक हो कर पृथ्वी की सेवा-सुश्रूषा अपेक्षित है। भौतिक समृद्धि के साथ आध्यात्मिक उन्नति भी होनी चाहिए। एकांगी भौतिक विकास के परिणाम जलवायु परिवर्तन के दृष्टि से घातक हैं। मातृभूमि के संवर्धन में ही सबकी वृद्धि है।

मतभेद, प्रतिस्पर्धा और हिंसा के फलस्वरूप मातृभूमि की हानि और सामान्य जन जीवन की भी हानि होती है। दोनों परस्पर निर्भर हैं। हर तरह की विविधता को परे करते हुए मातृभूमि सभी का ख़्याल रखती है। मातृभूमि का भाव निर्मल करने वाला होता है और वह बिना किसी के साथ भेद-भाव किए वह विभिन्न प्रकार के लोगों और समुदायों का भरण पोषण करती है।

**देश** के युवाओं!

कांग्रेस आपको 5 ऐतिहासिक गारंटियां दे रही है जो आपकी तकदीर बदल देगी।

1. भर्ती भरोसा : 30 लाख सरकारी पदों पर तत्काल स्थायी नियुक्ति की गारंटी।
2. पहली नौकरी पक्की : हर ग्रेजुएट और डिप्लोमाधारी को एक लाख रू प्रतिवर्ष स्टाइपेंड के अप्रेंटिसशिप की गारंटी।

**– राहुल गांधी, कांग्रेस**

आपके ट्वीट

**उलगुलान** न्याय महारैली के मंच पर आदरणीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी का स्वागत किया। उनके मार्गदर्शन में झारखंड की धरती से जो उलगुलान शुरू हुआ है, वह देश की राजनीति की दशा एवं दिशा बदल कर रख देगा।

**– चंपई सोरेन, सीएम**





**जालौर** में उमड़ा ये जनसागर साफ संकेत है कि इंडी अलायंस के झूठे वादे पर मोदी की गारंटी भारी है। इस बार भी पूरा राजस्थान कमल खिलाने को तैयार है।

**– नरेन्द्र मोदी**

खास बात

## गाजा में युद्ध थमे

उम्मीद की जानी चाहिए कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पारित प्रस्ताव के बाद इस्राइल गाजा पर निरंतर जारी हमलों पर रोक लगाएगा। उल्लेखनीय है कि पारित प्रस्ताव में सुरक्षा परिषद ने रमजान के महीने के दौरान गाजा में तुरंत युद्धविराम लागू करने, बंधकों की बिना शर्त रिहाई तथा युद्धग्रस्त इलाकों में मानवीय सहायता सुनिश्चित करने को कहा है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि मतदान से दूरी बनाकर अमेरिका ने संकेत दिया है कि वह गाजा मे शांति प्रयासों को साकार होता देखता चाहता है। वहीं अमेरिका का प्रस्ताव को वीटो न करना यूएसए व इस्राइल संबंधों में खटास आने का भी संकेत है। जिसको लेकर इस्राइल के नेता अमेरिका पर हमलावर हैं। इस्राइल ने अपने सदाबहार दोस्त अमेरिका पर संकट के समय साथ न देने का आरोप लगाया है। यहां तक कि इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक इस्राइली प्रतिनिधिमंडल की अमेरिका यात्रा रद्द करके अपनी नाराजगी जाहिर की है। हालांकि, कहना कठिन है कि इस्राइल और हमास सुरक्षा परिषद के पारित प्रस्ताव का किस हद तक पालन करते हैं, लेकिन एक बात तो तय है कि फिलहाल अमेरिका व इस्राइल के रिश्तों में खटास आ चुकी है। हालांकि, अब तक बाइडेन प्रशासन इस्राइल को पर्याप्त सैन्य मदद देता रहा है और हमास को समाप्त करने के उसके लक्ष्य का समर्थन भी करता आया है।

लेकिन इसके बावजूद अमेरिका चाहता रहा है कि संघर्ष में आम लोगों की मौत कम से कम हो। उल्लेखनीय है कि 7 अक्तूबर 2023 को इस्राइल पर हुए हमास के क्रूर आतंकवादी हमले के बाद इस्राइल के जवाबी हमले में बत्तीस हजार से अधिक फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं। जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे व महिलाएं भी शामिल हैं। एक बड़ी आबादी भुखमरी के कगार पर पहुंच गई है। इस अभूतपूर्व मानवीय संकट के बावजूद इस्राइली हमले जारी हैं।

तमाम अंतर्राष्ट्रीय दबाव के बावजूद दोनों ही युद्धरत पक्षों के रुख में नरमी नहीं आ रही है। जहां इस्राइल के हमले जारी हैं, वहीं अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थों द्वारा पेश युद्धविराम व बंधकों की रिहाई के लिये मध्यस्थता के नये प्रस्ताव को हमास ने खारिज कर दिया है।

# शिवराज की जीत का कीर्तिमान बनाएंगी लाडली बहनें

प्रमोद भार्गव

चुनाव 2024

**मध्य प्रदेश** लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को लाडली बहनों का साथ मिल गया तो वे मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा मतों से जीतने वाले प्रत्याशी हो सकते हैं। वैसे भी मतदान में इस आधी आबादी की लगभग बराबर की हिस्सेदारी है। प्रदेश में 2,73,87,122 महिला मतदाता हैं, जो कुल मतदाताओं की 47.75 फीसदी हैं। इनमें से एक करोड़ 29 लाख से अधिक लाडली बहनों को 1250 रुपए प्रतिमाह मिल रहे हैं। उज्वला योजना की 80 लाख और पात्र लाडली बहनों को 450 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर मिल रहा है। महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान मुख्यमंत्री शिवराज के कार्यकाल में ही हुआ है। महिला स्व-सहायता समूह की 62 लाख सदस्यों में से 15 लाख लखपति दीदी हैं। विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, भारिया और सहरिया जनजाति की 2 लाख 33 हजार महिलाओं को पोषाहार भत्ता का प्रावधान शिवराज के समय ही हुआ था। इसीलिए हम देख रहे हैं कि विदिशा संसदीय क्षेत्र से शिवराज के प्रत्याशी घोषित होने के बाद शिवराज भैया को चुनाव लड़ने के लिए धन दे रही हैं। विदिशा को शिवराज का गढ़ माना जाता है। 19 साल बाद शिवराज इस सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। जनता ने उनसे भाई और मामा का रिश्ता बना हुआ है। भांजे-भांजी उनके लिए गुल्लक में पैसे इकट्ठे करके दे रहे हैं। एक मोची ने शिवराज को 10 रुपए का चंदा दिया। यहां धनराशि को छोटी या बड़ी राशि के रूप में देखने की बजाय उसे शिवराज की लोकप्रियता के रूप में देखने की जरूरत है।

2018 के विधानसभा चुनाव की तुलना में 2023 में 1.52 प्रतिशत मतदान अधिक हुआ था। इसे लाडली बहनों का करिश्मा बताया गया है। शहर से कहीं ज्यादा ग्रामीण मतदाता की मतदान के प्रति जागरूकता दिखी है। इसीलिए ग्रामों में महिलाओं की लंबी-लंबी कतारें देखने में आईं थीं। साफ है, जिस उत्साह से मतदाता घर से बाहर निकला उससे उसका लोकतंत्र के प्रति दायित्व बोध झलका ही, शिवराज के प्रति विश्वास भी नजर आया था। यही करिश्मा विदिशा लोकसभा सीट पर दिखाई देगा। इस बहुचर्चित विदिशा संसदीय क्षेत्र में 7 मई को मतदान होना है। यह सीट वैसे भी जनसंघ और भाजपा का गढ़ मानी जाती रही है। यहां से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर सुषमा स्वराज भी लोकसभा का चुनाव जीत चुकी हैं। स्वयं शिवराज इस सीट से पांच बार चुनाव जीत चुके हैं। यहां से कांग्रेस ने प्रताप भानु शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। शर्मा सातवीं और आठवीं लोकसभा में विदिशा से सांसद रह चुके हैं। वे कोई ज्यादा दमखम दिखा पाएंगे ऐसा लग नहीं रहा है। इसलिए शिवराज का पलड़ा ही भारी दिख रहा है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की उदार कार्यशैली का परिणाम ही रहा था कि विधानसभा चुनाव में भाजपा को 166 सीटों पर बड़ी जीत मिली थी। शिवराज सिंह चौहान के नवाचार निरंतर देखने में आते रहे हैं। बालिकाओं की संख्या कम होना किसी भी विकासशील समाज के लिए बड़ी चुनौती थी। इस चुनौती से तभी निपटा जा सकता है, जब स्त्री की आर्थिक हैसियत तय हो और समाज में समानता की स्थितियां निर्मित हों। इस नजरिए से मध्यप्रदेश में ह्यलाडली लक्ष्मी योजनाह्य एक कारगर औजार साबित हुई। दिल्ली, हरियाणा और पंजाब ने ही नहीं पूरे देश ने इस योजना का अनुसरण किया और बेटी बचाने के लिए जुट गए। क्योंकि बेटी बचेगी, तभी बेटे बचेंगे और सृष्टि की निरंतरता बनी रहेगी। जैविक तंत्र से जुड़े इस सिद्धांत को हमारे ऋषि-मुनियों ने भलि-भांति आज से हजारों साल पहले समझ लिया था, इसीलिए भगवान शिव-

# जब मॉडल बनते- बनते रह गए सत्यजित राय

अजय कुमार शर्मा

सिनेमा

**भारत** की आधुनिक सांस्कृतिक पहचान के दो विश्वव्यापी चेहरे रहे हैं- एक रवींद्रनाथ टैगोर और दूसरे सत्यजित राय। विश्व-प्रसिद्ध फि ल्म-निर्देशक होने और देश विदेश के अनेकों प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करने के बावजूद सत्यजित राय की आर्थिक स्थिति साधारण ही थी। अपने पूरे जीवन में उनके पास कभी इतना पैसा नहीं रहा कि वे अपना खुद का घर भी खरीद सकें। सार्वजनिक जीवन में वे अत्यंत ईमानदारी से आचरण करते थे। प्रारंभ की कुछ फि ल्मों को छोड़ कर बाद की अपनी सभी फि ल्मों में वे खुद ही संगीत भी देते थे, मगर वे निमार्ता से केवल निर्देशन के लिए तय पैसा ही लेते थे।

जनवरी 1988 में क्लेरियन विज्ञापन एजेंसी के कुछ लोग सत्यजित राय के घर यह प्रस्ताव लेकर पहुंचे थे। तब सत्यजित राय कुछ काम में व्यस्त थे तो उनकी पत्नी विजया ने उनसे बातचीत की। उनके पुत्र संदीप भी तब वहां मौजूद थे। सत्यजित राय की उम्र तब 67 साल की थी। काम कुछ ज्यादा नहीं था। दोनों पति-पत्नी को बस हाथों में चाय का कप लेकर बैठना था और एक दो वाक्य बोलना था। कंपनी छोटे से विज्ञापन के लिए भारी रॉयल्टी देने को तैयार थी। विजया जी को लगता था कि इस विज्ञापन का काम उन्हें स्वीकार कर लेना चाहिए। इसका एक और कारण भी था। पिछले करीब पांच सालों में सत्यजित राय ने एक भी फि ल्म निर्देशित नहीं की थी। इसके चलते आय एकदम घट गई थी। ऐसे में ही 1983 में उन्हें दिल का जबर्दस्त दौरा पड़ा था। उनकी दवाइयों का खर्च बहुत बढ़ गया था। चूंकि राय एक लोकप्रिय लेखक भी थे, इसलिए उनकी पुस्तकों और अनुवाद की रॉयल्टी से घर चलाने जितनी राशि मिल जाती थी। अंततः विजया जी ने क्लेरियन के अधिकारियों को हामी भर दी। जब यह बात संदीप को पता चली तो वह थोड़ा नाराज हो गया। चकित होती हुई विजया जी बोलीं, 'इसमें क्या समस्या है? जब वे लोग आए थे, तब तो तुम वहीं पर थे। तब तुमने कुछ क्यों नहीं कहा?

'देखो माँ, क्या पिताजी के स्तर के व्यक्ति का पैसों के लिए विज्ञापन में काम करना ठीक लगेगा? क्या तुमने यह सोचा है कि उन्हें इस बात का कितना बुरा लगेगा?' इस पर विजया जी का जवाब था कि मैंने ऐसा विचार किया ही नहीं। मैं केवल विज्ञापन से मिलने वाले पैसों के बारे में ही सोच रही हूं । एक छोटे-से विज्ञापन के लिए वे लोग लाखों रुपया देने को तैयार हैं। मेरे कुछ जरूरी और रुके हुए कार्य इससे पूरे हो जाएंगे। तुम इस बारे में अपने पिता से कोई बात मत करना। बड़ी मिन्नत से मैंने उन्हें तैयार किया है।'

विज्ञापन एजेंसी के अधिकारियों को यह विज्ञापन कलकत्ता में शूट नहीं करना था। उन्होंने इसे राय बाबू की पसंदीदा जगह करने का निर्णय लिया था। सत्यजित राय ने उन्हें काठमांडू का सुझाव दिया। एजेंसी वाले इसके लिए तैयार हो गए। संदीप उस वक़्त किशोर कुमार पर एक डॉक्यूमेंट्री बना रहे थे और उन्हें मुंबई जाना था। इसके चलते सत्यजित, विजया जी और फोटोग्रॉफर निमाई घोष तीनों काठमांडू चले गए। विजया जी समझ गईं कि संदीप नाराज है इसलिए बहाना कर मुंबई चला गया है। उनके मन में पहली बार यह संदेह उपजा कि वे जो कर रही हैं, वह ठीक है अथवा गलत।

काठमांडू में होटल ओबेरॉय में रॉय के रहने की व्यवस्था की गई थी। सुबह एजेंसी के लोग आए और उन्होंने हाथ में चाय के कप पकड़े इस जोड़े के अनेक फोटो निकाले। दूसरे दिन संदीप भी मुंबई से सीधे काठमांडू पहुंच गया। जब विजया जी ने उसे बताया कि विज्ञापन शूट हो चुका है, तो उसका चेहरा उतर गया। सत्यजित राय वहीं बैठे हुए थे। तब तक उन्हें भी अंदाजा हो गया था कि संदीप नाराज है। अचानक वे बोले, 'यदि संदीप को उचित नहीं लगता होगा तो हम अभी भी उन्हें मना कर सकते हैं।' विजया जी हक्का-बक्का रह गईं। इतना कुछ होने के बाद अब उन्हें कैसे 'मना' किया जा सकेगा? उसमें क्या हुआ? अब मुझे लगता है कि इस विज्ञापन को स्वीकार कर मैंने गलती की है। मैंने पैसों को कभी भी बहुत महत्त्व नहीं दिया है। उनसे कह दो, मुझे यह स्वीकार नहीं है। उनसे यह भी कह दो कि काठमांडू आने-जाने और रहने का हमारा खर्च हम ही करेंगे।

## स्पीड न्यूज

### मतदान को लेकर मेहंदी प्रतियोगिता




**रजरप्पा।** झारखंड स्टेट लाइवली हूड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) द्वारा लारीकलां आजीविका महिला संकुल संगठन मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत लारीकलां में मेहंदी प्रतियोगिता हुआ, जिसमें सभी समूह की दीदी लोग अपने-अपने हाथ में मेंहदी लगाकर मतदाता को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। जिसमें जिला सौरभ प्रसाद एवं बीपीएम अंजना सिंह, सीसी बिरजू मुंडा, आईपीआरपी गीता देवी, जेंडर सीआरपी पुष्पा कुमारी रूबी कुमारी सहित समूह दीदी माधुरी देवी, बबीता देवी, कुसुमा कुमारी, गीता देवी, सोनी देवी, निर्मला देवी, जगदम्बा देवी, सारथी देवी आदि सदस्य उपस्थित थे।

### वरिष्ठ नागरिक मंच की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पंचायत भवन में शनिवार की शाम वरिष्ठ नागरिक मंच की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस क्षेत्र के जितने भी वरिष्ठ नागरिक हैं, वे सभी महीना में दो बार बैठक करेंगे। कहा गया की मंच का उद्देश्य सभी वरिष्ठ नागरिक को एकजुट करते हुए एक मंच पर लाना है। ताकि एक-दूसरे का दुख सुख का भागीदार बना जा सके। वक्ताओं ने कहा कि वरिष्ठ के दुख को सुनने वाला कोई नहीं हैं। इस क्षेत्र में जितने भी वरिष्ठ नागरिक हैं सब को एक मंच पर लाकर समस्याओं का समाधान व दुख बांटने का प्रयास किया जायेगा। मौके पर अशोक कुमार चौहान, परमजीत सिंह धामी, केपी मुखर्जी, प्रवीण शर्मा, रणविजय सिंह, रामजन्म सिंह, सुबोध सिन्हा, सुबोध सहाय, बृजलाल सिन्हा, अशोक शर्मा, आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### यज्ञ में बह रही है भक्ति की बयार



**कुजू।** श्री श्री 1008 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ बोंगावार में तीसरे दिन रविवार को कई धार्मिक अनुष्ठान कार्य संपन्न कराये गये। इस दौरान यज्ञाचार्य मनोज पांडेय के देख रेख में उनके सहयोगी आचार्य धीरज कुमार पांडेय, अजीत तिवारी, मनीष पांडेय, रजनीश पांडेय, अतुल कुमार पांडेय अमित पाण्डेय, मौसम पांडेय अभिषेक पांडेय, मोदी, आशीष पांडेय ने यजमान बने चौधरी महतो, सुखदेव महतो, नारायण महतो, लक्ष्मण महतो, मक्खन महतो, प्रकाश महतो, रामजतन महतो, तरुण गिरी, अर्जुन प्रजापति, खुशलाल महतो, महेश कुशवाहा, धर्मनाथ महतो, इंदू करमाली, राजेंद्र महतो, लछु महतो, सुरेश महतो सह पत्नीक के हांथों विधिवत कई अनुष्ठान को संपन्न कराया। पंडितों ने पूरे वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच प्रातः काल में वेद पाठ, वेदी पूजन, मंडप पूजन, हवन, अन्ना धिवास, फलाधिवास, पुष्पा धिवास, संध्या आरती, पुष्पांजलि, भोग निवेदन आदि अनुष्ठान को कराया गया।

### उलगुलान रैली में शामिल हुए कांग्रेसी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रांची में आयोजित इंडिया गठबंधन कि उलगुलान न्याय महारैली में पतरातू प्रखंड से सैंकड़ों कार्यकर्ता हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी जेपी पटेल एवं विधायक अंबा प्रसाद निर्देश पर रवाना हुए। इस दौरान कांग्रेस के पतरातू प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल के नेतृत्व में अनिल सिंह, बबीता सिंह, मो. क्युम अंसारी, प्रदीप साहू सहित सैकडों कार्यकर्ता रविवार को रांची में आयोजित इंडिया गठबंधन कि उलगुलान न्याय महारैली में शामिल होने के लिए रवाना हुए। इधर झामुमो नेता बिरेंद्र यादव के नेतृत्व में कुरसे व बलकुदरा से सैंकड़ो झामुमो कार्यकर्ता इंडिया गठबंधन कि उलगुलान न्याय महारैली में शामिल होने के लिए रांची रवाना हुए।

### शुभम और आयुष को मिला ब्लैक बेल्ट



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कराटे फेडरेशन ऑफ शोतोकान इंडिया सह मॉडर्न मार्शल आट्र्स कराटे डू फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में रविवार को पतरातु रसदा निवासी शुभम पाठक एवं पीटीपीएस निवासी आयुष घोष को ब्लैक बेल्ट सोदान फर्स्ट डॉन की उपाधि से नवाजा गया। दोनों कराटेकारों को यह उपाधि हैदराबाद के सिहान जीके गणेश, प्रेसिडेंट केएफएस के द्वारा दिया गया है। ज्ञात हो को ये दोनो सेंसी विकास पाठक ब्लैक बेल्ट तृतीय डॉन के पास पिछले 7 साल से मार्शल आट्र्स कराटे सीख रहे हैं। इधर रसदा स्थित इंटरनेशनल मार्शल आट्र्स कराटे ट्रेनिंग सेंटर में एक दिवसीय मार्शल आट्र्स प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रामगढ़ जिला के लगभग 100 बच्चों ने भाग लिया। शिविर में संस्था के मुख्य प्रशिक्षक सेंसी विकास पाठक और महिला प्रशिक्षिका सुमित्रा ब्लैक बेल्ट तृतीय डॉन के द्वारा काता, कुमिते फाईट और किहोंन का प्रशिक्षण दिया गया। सीनियर ब्लैक बेल्ट और ब्राउन बेल्ट कराटेकारो को लाठी, डंडे डबल नांन चाकू, तलवार चलाने का प्रशिक्षण दिया गया।

# रामनरेश यादव की तृतीय पुण्यतिथि पर शरबत वितरित

### नेशनल जर्नल इडुनिक बुलेटिन का हुआ विमोचन



खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** रामनरेश यादव की तीसरी पुण्यतिथि पर गौतम बुद्ध शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज हजारीबाग के प्राचार्य डा.अरविंद कुमार यादव ने शरबत वितरण किया। झील परिसर स्थित प्रेस क्लब हजारीबाग के सहयोग से मुख्यद्वार के निकट रविवार को शरबत वितरण सेवा के अलावा नेशनल जर्नल इडुनिक बुलेटिन का विमोचन भी किया गया।

शरबत वितरण पितामह रामनरेश यादव स्मृति कोष, जौनपुर उत्तर प्रदेश से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. गजेन्द्र सिंह, प्रो. मृत्यंजय सिंह, शिक्षक शिक्षाविद् सह झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष और गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष मनोज कुमार, विशिष्ट अतिथि निशांत यदूवेन्द्र, प्रो. सत्यप्रकाश सिंह, प्रो. चेतलाल प्रसाद, डॉ. शशिकांत यादव, डॉ. परीक्षित लायक, प्रेस क्लब हजारीबाग के उपाध्यक्ष अभय सिंह कोषाध्यक्ष डॉ. अमरनाथ पाठक, कार्यकारिणी सदस्य बबलू कुमार, प्रमोद खंडेलवाल, संगीत प्राध्यापक अशोक कुमार सिन्हा, आकाशवाणी के सूरज कुमार आदि ने ₹इडुनिक बुलेटिन₹ का विमोचन किया। मौके पर संत जेवियर्स स्कूल सातवीं के छात्र आयुष्मान पाठक और विवेकानंद सेंट्रल स्कूल के छात्र सह रामनरेश यादव के प्रपौत्र अनमोल कुमार ने शरबत वितरण सेवा में भरपूर सहयोग किया। मौके पर रामावतार रविदास, छोट्टीलाल प्रसाद, गुलशन कुमार, विनोद सिंह, महेश प्रसाद, अनिल कुमार, संदीप कुमार सिन्हा, विकास कुमार, नंदकिशोर आदि के सहयोग से सैकड़ों लोगों को भीषण गर्मी में शरबत सेवा से राहत पहुंचाई गई। इस दौरान सांस्कृतिक विकास केंद्र की बच्चियों ने इतनी शक्ति हमें देता...सुर बिखेर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर प्राचार्य ने अंगवस्त्र भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। सभी अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना की और रामनरेश यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्राचार्य ने कहा कि आज दादाजी की प्रेरणा से वह इस मुकाम पर हैं। अतिथियों ने उनकी भावनाओं को सलाम किया और सामाजिक सेवा कार्यक्रम में आमंत्रित किए जाने पर आभार जताया।

# जी का जंजाल बना है बरही में ट्रैफिक जाम

### कई घंटों जाम रहता है चौक, गर्मी में जनता को हो रही है परेशानी

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही।** बरही को राष्ट्रीय चौराहा कहा जाता है लेकिन यह राष्ट्रीय चौराहा ट्रैफिक जाम से जूझ रहा है। यहां की ट्रैफिक व्यवस्था काफी स्लो है, जो लोगों के जी का जंजाल बनी हुई है। पुलिस प्रशासन की भी सारी नीतियां फेल हो चुकी हैं। आर्थिक राजधानी कही जाने वाला बरही की सड़कों पर वाहनों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। सड़कों पर वाहनों की बढ़ती संख्या के कारण लोगों को ट्रैफिक का भी सामना करना पड़ रहा है। राष्ट्रीय चौराहा होने के कारण एम्बुलेंस, वीआईपी, वीवीआइपी लोगों का भी आवागमन इसी रास्ते से होता है बावजूद इसके जाम की स्थिति से निपटने के लिए कोई ठोस कदम नही उठाया जा रहा है। जाम में घंटों तक फंसे लोग न केवल परेशान होते हैं, बल्कि उन्हें अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचने में भी देरी होती है। जाम में फंसे लोगों के समय और वाहन के ईंधन दोनों की बबार्दी होती है। इसके अलावा बढ़ते वाहनों की संख्या के चलते प्रदूषण भी बढ़ रहा है। प्रचंड गर्मी में घण्टों घण्टा बरही चौक पर लग रहे जाम से यात्री परेशान नजर आ रहे है और कोई दूसरे रास्ता को तलाश रहे है।

### मजदूरों की समस्याओं का होगा हल : रघुनंदन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में रविवार को कोल फील्ड मजदूर यूनियन के महामंत्री एवं जेबीसीसीआई 11 के सदस्य सह स्टैंडर्ड स्टेजेशन कमेटी के टेक्निकल सब कमेटी सदस्य राघवन रघुनंदन एवं सहायक मंत्री चंदेश्वर सिंह का बरका-सयाल क्षेत्र में संगठनात्मक समीक्षा को ले आगमन हुआ। बैठक में दर्जनों मजदूरों ने अपनी समस्याओं से राघवन रघुनंदन को अवगत कराया। कहा गया कि कैटगिरी वन मजदूर जिससे प्रबंधन डम्पर, डोजर, ड्रिल, शॉवेल मशीन आदि चलवाता है तथा प्रबंधन के द्वारा कई कैडर को समाप्त कर दिया गया है। रघुनंदन ने कहा कि अगली टेक्निकल सब कमेटी में उपरोक्त बातों को रखकर इसका समाधान निकालने का प्रयास किया जायेगा। रघुनंदन ने कहा कि लोकसभा चुनाव में परिवार के सभी सदस्यों के साथ मतदान में भाग लें।

# बहुत कम समय में रामगढ़ वासियों के दिलों में आशीष गंगवार ने बनायी जगह

**रामगढ़।** रामगढ़ एसडीओ आशीष गंगवार ने डीसी चंदन कुमार की तरह रामगढ़ वासियों के दिलों में बहुत ही कम समय में विशेष जगह बना लिया है। वे 2021 बैच के आईएस अधिकारी हैं। इससे पूर्व उनकी पोस्टिंग एसडीओ के रूप में पलामू जिले में हुई थी। वहां भी अपने कार्यों की बदौलत उन्होंने लोगो के दिल में स्थान बना लिया था। इस बार रामनवमी जुलूस के दौरान रामगढ़ में एसडीओ द्वारा की गई विधि व्यवस्था की जिलेवासी खूब प्रशंसा कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि पहले के जुलूस के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा जुलूस में खलल पैदा किया जाता था। लेकिन इस बार एसडीओ आशीष गंगवार के कड़े रवैये के कारण असामाजिक तत्व रामनवमी के जुलूस से दूर रहे। क्योंकि उन्हें यह भय सता रहा था कि कहीं हम एसडीओ के हाथ चढ़ गए तो हमपर कार्रवाई हो सकती है। एसडीओ के कार्य की जिले के अच्छे लोग तारीफ कर रहे हैं और कह रहे हैं कि हमारे जिले को ऐसे अधिकारी की जरूरत थी। वहीं, असामाजिक किस्म के लोग इनके भय से इधर उधर भागने लगे हैं।

### 2021 बैच के आइएस अधिकारी हैं रामगढ़ एसडीओ गंगवार



**जनता की सेवा है लक्ष्य :** 30 वर्षीय युवा एसडीओ आशीष गंगवार ने कहा कि लोगों की सेवा मेरा लक्ष्य है और मैं इसी लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहा हूं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में प्रशासन पूरी तरह से चौकस है और जो भी आचार संहिता का उल्लंघन करने का प्रयास करेंगे उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### अखाड़ा की घटना से नयानगर कॉलोनी के लोग आहतः अमित



**बरकाकाना।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के प्रदेश प्रवक्ता अमित कुमार ने कहा कि रामनवमी के दौरान दुर्गा मंडप नयानगर बरकाकाना में अखाड़ा संचालन के दौरान घटित हुए घटनाक्रम से समस्त नयानगर कॉलोनी वासी आहत हैं। उन्होंने कहा कि जन्म एवं कर्म से इस क्षेत्र के निवासी होने के नाते वह महसूस कर रहे हैं कि 17 अप्रैल को अखाड़ा संचालन कार्यक्रम के दौरान जो कुछ भी घटनाक्रम विधायक अंबा प्रसाद के साथ आए कुछ कार्यकताओं एवं अखाड़ा समिति के कुछ सदस्यों के बीच घटित हुआ तथा उस घटना के उपरांत जिस तरह की गुटबंदी एवं राजनीति का दौर लगातार चल रहा है वह नयानगर कॉलोनी वासियों के लिये अत्यंत ही दुःख का विषय है। उन्होंने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम से नयानगर कॉलोनी की छवि धूमिल हो रही है। साथ ही यहां के संस्थापक एवं अभिभावक गण जिन्होंने अपने अथक प्रयासों से रामनवमी महोत्सव की शुरूआत यहां की थी उनके हृदय को भी चोट पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि 42-43 सालों से यह महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता रहा है।

# श्रीश्री 108 रूद्र महायज्ञ में कई अनुष्ठान

▶▶ मंडप की परिक्रमा व भागवत कथा सुनने के लिए उमड़ी भीड़





**भुरकुंडा (रामगढ़)।** यज्ञ समिति शिवनगर कॉलोनी के तत्वावधान में रिवर साइड भुरकुंडा स्थित शिव नगर कॉलोनी बीटीटीआई में चल रहे पांच दिवसीय श्रीश्री 108 रूद्र महायज्ञ सह प्राण-प्रतिष्ठा के दूसरे दिन रविर को यज्ञाचार्य द्वारा कई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराये गये। इस दौरान वाराणसी खैरहकला के आचार्य सुशील कुमार भारद्वाज (पाठक बाबा) के देखरेख में वाराणसी बक्सर के आचार्य नरेन्द्र पंडित, रामजी पांडेय, शिवनगर रिभर साईड के सुभाष पांडेय व भुरकुंडा के निवास पांडेय द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मंडप देवता पूजन, नगर भ्रमण व वेदी पूजन आदि अनुष्ठान संपन्न कराये गये। वहीं महायज्ञ के तीसरे दिन सोमवार को मटकोर, शिव-पार्वती विवाह, चौथे दिन मंगलवार को जलाधिवास, अन्नाधिवास, फलाधिवास, अग्नि प्रवेश, और पांचवे दिन बुधवार को प्राण प्रतिष्ठा के साथ यज्ञ की पूर्णाहुति होगी। वहीं गुरूवार को भव्य भंडारा का आयोजन होगा। इधर यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। सैंकड़ो महिला-पुरूष व बच्चों ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर अपने परिवार व क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। पूजा में बतौर यजमान सुरेश महतो व कपूर देवी, शंभू ठाकुर व पिंकी देवी, अविनाश कुमार व रेश्मी देवी, महेश साव व सुनीता देवी और लाल मोहन तिवारी व तिलोतमा तिवारी शामिल हुए। पूजा के दौरान ऊं नमः शिवाय, हर-हर महादेव सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान होता रहा। वहीं रात्रि में भागवत कथा का आयोजन हुआ। जिसमें कथा वाचक संतोष जी महाराज के अमृत वाणी की वर्षा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं महिला-पुरूषों ने डुबकी लगाई। श्रीश्री 108 रूद्र महायज्ञ सह प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान को संपन्न कराने में समिति के अध्यक्ष कमलेश कुमार, उपाध्यक्ष सूरज सिंह, सचिव हिमांशु कुमार ठाकुर, सह सचिव कुणाल सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार यादव, सह कोषाध्यक्ष सुबोध कुमार यादव, अविनाश कुमार, शंभू ठाकुर, राजकुमार सिंह, शत्रुघ्न साहनी, बबलू पांडेय, आयुष कुमार, सुधांशु कुमार, मनोज कुमार पासवान, बादल पासवान, श्याम सिंह, किशन कुमार, दीपक कुमार, नागेंद्र पंडित, रंजीत मालाकार, रामजी ठाकुर, मनोज, रेशमी देवी, सानू देवी, किरण सिंह, सुनीता देवी, आशा देवी, माता देवी, रीता देवी, पिंकी देवी, शोभा पंडित, पार्वती देवी, शकुंतला देवी, सरस्वती देवी सहित कई श्रद्धालु जुटे हैं।

## एक नजर में

### झारखंड पेंशनर्स सह बुद्धिजीवी मंच ने रविन्द्र कुमार गुप्ता के निधन पर जताया शोक



**बरही।** झारखंड पेंशनर्स कल्याण समाज सह बुद्धिजीवी मंच का बैठक हुई स्व रवीन्द्र गुप्ता के आवास पर हुई। इस बैठक की अध्यक्षता ईशो सिंह एंव संचालन महेंद्र प्रसाद दुबे ने किया। इसके अलावा मंच के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य की उपस्थिति रही। बैठक में सर्वसम्मति से स्व रविन्द्र कुमार ग्रुप्ता के असमायिक मृत्यु होने के पश्चात एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इनके मृत्यु पर सभी सदस्यों के द्वारा 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं ईश्वर से प्रार्थना किया गया उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। उनके परिजन को इस दुख के घड़ी में दुख सहने की क्षमता प्रदान करे। बताया कि स्व रविन्द्र गुप्ता के मौत से मंच ने एक सक्रिय सदस्य खो दिया। इस दुख के घड़ी में उनके परिजनों के साथ मंच के सभी सदस्य साथ रहेगे। साथ ही साथ मंच के सदस्य के निधन से एक सच्ची एंव कर्मठशील साथी खो दिए। सभी सदस्यों ने उनके सुपुत्र अमित जायसवाल एवं भाई ओम प्रकाश गुप्ता को सान्तवना प्रदान किया गया। बैठक में मंच के अध्यक्ष ईशो सिंह सचिव महेंद्र प्रसाद दुबे, संरक्षक कामता प्रसाद, रामचंद्र पांडेय, कामेश्वर सिंह, राम प्रसाद, रामनाथ प्रसाद, कैलाशपति सिंह सहित मंच के सदस्य उपस्थित हुए।

### कंटेनर ने तीन लोगों को रौंदा, एक रांची रेफर

**चरही।** थाना क्षेत्र के 15 माइल एनएच-33 के किनारे दूध से लदा कंटेनर ने बैक करने के क्रम में दीवार को तोड़ते हुए होटल में घुस गया। सोए हुए तीन लोगों को अपने चपेट में ले लिया। जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।जानकारी के अनुसार दूध से भरे कंटेनर नंबर पीबी 11सीएम/1122 रांची से पटना की ओर जा रही थी।रात होने के क्रम में 15 माइल रॉयल होटल के पास चालक ने वाहन को खड़ी कर सो गया। अहले सुबह करीब 4 बजे उसकी नींद खुली तो गंतव्य स्थान की ओर जाने के लिए वाहन को बाइक करने लगा।इसी क्रम में होटल के दीवार को तोड़ते हुए सोए हुए तीन लोगों को अपने चपेट में ले लिया।चालक दूध से भरे कंटेनर को छोड़कर भाग निकला।इस क्रम में तीन लोग आरिश रजा,रोहित कुमार और फैजन घायल हो गए।दो लोग स्थानीय अस्पताल में इलाज कराकर वापस घर लौट गए।जबकि गंभीर रूप से घायल आरिश रजा को बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया पुलिस को जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर पहुंचकर कंटेनर को कब्जे में ले लिया।

### प्रशासन को ओमप्रकाश मेहता ने दी बधाई

**इचाक।** हजारीबाग की इंटरनेशनल रामनवमी के साथ इचाक प्रखंड में शांतिपूर्ण व सौहार्द वातावरण में संपन्न कराए जाने पर जिले के डीसी-एसपी सहित सभी प्रशासनिक पदाधिकारियों समेत इचाक के थाना प्रभारी सहित अन्य पदाधिकारियों को सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश मेहता ने बधाई दी है। श्री मेहता ने कहा कि पदाधिकारियो के साथ जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने भी राम भक्तों को जिस प्रकार जुलूस में शामिल होकर उत्साह को बढ़ाया, मीडिया के साथियों ने हजारीबाग के इंटरनेशनल रामनवमी को प्राथमिकता के साथ कवरेज दिया। लोगो को साम्प्रदायिक सद्भाव बनाये रखने में पूरा साथ दिया। इसके लिए सभी बधाई पात्र हैं। चूंकि सभी के सहयोग से हजारीबाग की इंटरनेशनल रामनवमी के साथ-साथ इचाक प्रखंड में भी शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी पर्व संपन्न हुई।

### पत्रकार के मां की श्राद्ध में शामिल हुये कई लोग

**चरही।** चरही के एक हिंदी दैनिक अखबार के पत्रकार आनंद सोरेन की मां कमलपति टुडू का निधन विगत 5 मार्च को हो गई थी। शनिवार देर शाम को आदिवासी रीति-रिवाज के साथ उसकी श्राद्ध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। साथ ही उनके तस्वीर पर लोगों ने बारी-बारी से पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया।इस अवसर पर झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह राज्य समन्वय समिति के सदस्य फागू बेसरा,केंद्रीय सदस्य रामकिशोर मुर्मू, मन्नू टुडू, गणेश मांझी,पूर्व मुखिया महादेव सोरेन,महालाल हंसदा, शिक्षक मनोज हंसदा, पूर्व मुखिया बबली पीटर होरो,परमेश्वर महतो,सहित कई गण्यमान व्यक्ति औरग्रामीण उपस्थित थे।

### आम बागवानी में आग लगने से झुलसा पेड़

**टाटीझरिया।** प्रखंड के भराजो पंचायत के अमनारी में संचालित मनरेगा योजना के तहत धानेश्वर पासवन और मंजु देवी के आम बागवनी में आग लगने से पेड झुलस गया है और उसमें लगे फल भी झुलस गया है। यह आम बागवनी 2021-22 वर्ष से संचालित था। धानेश्वर पासवन ने बताया कि अपने आम बागवनी में प्रतिदिन जा कर देखभाल करता था उसी प्रकार शनिवार को भी शाम में घर गया और रविवार को सुबह आने पर देखा कि आग लगकर सभी पेड झुलस गया है और उसमें लगे फल भी झुलस कर गिरा हुआ है। लाभुक के द्वारा तुरंत मुखिया प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय को सुचना दिया। मुखिया प्रतिनिधि ने पहुंच कर देखा कि सभी आग से पेड झुलस गया है। मुखिया प्रतिनिधि द्वारा इसकी सुचना रोजगार सेवक,बीपीओ एवं बीडीओ को बताया।

### रामनवमी को ले वारसी ने प्रशासन को दी बधाई



**बरही।** कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने अनुमंडल पुलिस प्रशासन द्वारा रात और दिन के कड़ी परिश्रम के बाद ऐतिहासिक मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम जी का जन्मोत्सव रामनवमी को आपसी एकता, शांति, हर्षोल्लास तथा साम्प्रदायिक सौहार्द के वातावरण में संपन्न कराए जाने पर प्रशासन व पुलिस प्रशासन कि सराहना करते हुए बधाई के पात्र बताया है। अब्दुल मनान वारसी ने बयान जारी कर कहा है कि बरही व जिले का अंतरराष्ट्रीय रामनवमी सफलतापूर्वक समापन को लेकर जहां एक ओर रामनवमी महासमिति द्वारा विशेष तैयारी की गई थी, वहीं दुसरी ओर रामनवमी संचालन समिति ने रामनवमी के सफल संचालन को लेकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सबसे बड़ी बात जिस तरह से रामभक्तों ने अपनी अच्छी सूझबूझ का परिचय दिया है जो काबिल ए तारीफ है, उसके लिए सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

### वाहन ने बाइक को कुचला, महिला की मौत

रामगढ़। चुटूपालू घाटी में अज्ञात वाहन ने एक बाइक को कुचल दिया। रविवार को हुए इस हादसे में बाइक पर सवार पिता गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी बेटी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस हादसे में एक वर्षीय बच्चा विशांक बाल बाल बच्चा है। लेकिन उसे भी इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार रांची जिले के ओरमांझी थाना क्षेत्र के बजरा मरार निवासी खिरोधर महतो अपनी स्प्लेंडर बाइक संख्या जेएच 01 ईएल 9478 से अपनी बेटी को लेने के लिए उसके ससुराल रामगढ़ के बुढ़ाखुखरा महादेवटांड़ पहुंचे थे। बेटी और अपने एक वर्षीय नाती को लेकर अपने घर के लिए निकले। इसी बीच चुटूपालू घाटी में अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। इस घटना में 19 वर्ष प्रिया कुमारी पति चैलेंजर कुमार की मौत मौके पर यहां हो गई। जबकि खिरोधर महतो गंभीर रूप से घायल हो गए।

# लूट से हटे जनता का ध्यान, इसीलिए हो रहा उलगुलान : अन्नपूर्णा देवी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि उलगुलान अत्यंत पवित्र शब्द है, यह ारती आबा भगवान बिरसा मुंडा के उस संघर्ष का बीजमंत्र है, जो उन्होंने इस देश की और जनजातीय समुदाय की जमीन बचाने के लिए किया था। जिन्होंने खुद झारखण्ड की जमीन, जनजातीय समुदाय की जमीन हड़पी और जमीन हड़पने के लिए संगठित तरीके से साजिश की, उनके द्वारा उलगुलान की बात करना हास्यास्पद लगता है। इंडी गठबांन के घटक दल अपनी लूट से जनता का यान हटाने के लिए



आज रांची में उलगुलान रैली कर रहे हैं। मगर इनकी लूट के सारे कारनामे प्रमाण और तथ्य सहित जनता की नजर में हैं, इसलिए इनका ढोंग अब कारगर नहीं होगा। वहीं अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि तथाकथित इंडी गठबांन भ्रष्टाचारियों का अनूठा गठजोड़ है। इस गठबांन में शामिल दल इसलिए इकट्ठे नहीं हुए हैं कि उनकी नीतियों, योजनाओं, कार्यक्रमों में कोई एकरूपता है, ऐसा भी नहीं कि इस गठजोड़ के सभी दलों को किसी एक के नेतृत्व में आस्था है। मगर यह सब केवल एक बात पर एकमत हैं कि इन्हें मोदी को हटाना है, भाजपा को हटाना, इसलिए इनके लिए जीवन-मरण का प्रश्न बन गया है। क्योंकि इनमें से कोई सजायाफ्ता है, कोई बेल पर है, कोई जेल में है तो कोई जेल जाने की तैयारी कर रहा है। इन्हें लगता है कि मोदी जी को हटाकर यह अपने कुकर्मों और घोटालों की सजा पाने से बच जाएंगे। जनता देख रही है कि जांच एजेंसियां जहां भी हाथ डाल रही है, वहां ठोस प्रमाण मिल रहे हैं, करोड़ों की नकदी मिल रही है, पैसों के लेन देन के प्रमाण मिल रहे हैं, दस्तावेजों में हेराफेरी के प्रमाण मिल रहे हैं। और तो और..क़रीबी सहयोगियों के स्वीकारोक्ति बयान भी आ गए हैं। लेकिन इनकी ढिठाई देखिए, जिस अपराा के लिए इन्हें राज्य की जनता से माफी मांगनी चाहिए, उसी को छिपाने के लिए ये उलगुलान को ढाल बना रहे हैं। इसे भारतीय लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत ही माना जाएगा कि प्राानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईमानदारी की वजह से कानून अपना काम कर रहा है, भ्रष्टाचारी पकड़े जा रहे हैं और बचने के लिए सभी भयंकर विरोााभाषों के बावजूद एक साथ इकट्ठे हो गए हैं। प्रेस वार्ता में वीरेंद्र सिंह, चंद्रशेखर जोशी, केदार यादव, राजकिशोर प्रसाद, श्याम सुन्दर सिंघानिया, दिनेश्वर प्रसाद, कृष्णा ब्रहपुरिया, किशोर पंडित, राजु यादव आदि उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### पत्रकार को पितृ शोक

**चतरा।** चतरा प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष सह प्रातः आवाज के चतरा जिला ब्यूरो अजित सिन्हा के पिता लाला वंशी धर का 72 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन पर जिले भर के पत्रकारों ने शोक संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

### टेंपो को हाईवे ने मारी टक्कर, एक गंभीर

**चतरा।** हंटरगंज-चतरा मुख्य मार्ग पर प्रतापपुर मोड के पास एक हाईवा ने टेंपो को टक्कर मार दी, जिससे टेंपो पर सवार नीमा गाँव के चमारीक साव (50 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गया मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। टेंपो शेरघाटी नीमा से हंटरगंज के काशी केवाल गाँव तिलक चढ़ाने जा रहा था। हाईवा चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया।

### 23 अप्रैल को वीर कुंवर सिंह शौर्य दिवस का आयोजन

**चतरा।** कान्हाचट्टी प्रखंड के शैल बगीचा में 23 अप्रैल, मंगलवार को सुबह 11 बजे वीर कुंवर सिंह शौर्य दिवस मनाया जाएगा। क्षत्रिय समाज के चतरा जिला अध्यक्ष गोपाल सिंह ने बताया कि बाबू वीर कुंवर सिंह की वीरता की गाथा और अंग्रेजी हुकूमत के सामने उनका शौर्य हमें प्रेरणा देता है। उनके जन्म और पुण्यतिथि पर उन्हें याद कर उनकी शौर्यता को जीवित रखना हमारा कर्तव्य है। गोपाल सिंह ने शैल बगीचा पहुँचकर वीर कुंवर सिंह को श्रद्धांजलि देने का अनुरोध किया।

### आजसू पार्टी के सत्येन्द्र जयसवाल चतरा लोकसभा प्रभारी बने



**चतरा।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निर्देश पर केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहाय ने चतरा लोकसभा प्रभारी सत्येन्द्र जयसवाल को नियुक्त किया है। सत्येन्द्र जयसवाल ने पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी एनडीए गठबंधन से चतरा लोकसभा के प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में काम करेगी। कालीचरण सिंह को रिकॉर्ड मत से जीतने के लिए आजसू पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता जी तोड़ मेहनत करेंगे। चतरा लोकसभा के प्रभारी बनाए जाने पर सत्येन्द्र जयसवाल को जिला कमेटी और सभी प्रखंड कमेटी की ओर से बधाई दी गयी।

### अवैध अंग्रेजी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**सतगावां (कोडरमा)।** लोकसभा चुनाव 2024 को स्वच्छ, निष्पक्ष शांतिपूर्ण व भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर स्थानीय पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक काले रंग का हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक जिसका रजिस्ट्रेशन संख्या बीआर27टी/6267 से एक व्यक्ति जुट के बोरे में मुख्य मार्ग से अवैध अंग्रेजी शराब पड़ोसी राज्य बिहार ले जा रहा है। तब पुलिस ने गुप्त सूचना का सत्यापन के लिए गश्ती दल हवलदार रामदेव प्रसाद यादव, आरक्षी पवन कुमार तथा आरक्षी चालक शहबाज अहमद के साथ ग्राम खैरा पहुंच कर वाहन चेकिंग के क्रम में उक्त बाइक को रुकने का इशारा किया, मगर बाइक चालक भागने का प्रयास किया। जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ा गया। वहीं उसके बाइक पर लदे जुट के बोरे की जांच करने पर बोरे से रॉयल स्टैग प्रीमियम व्हिस्की 750 एमएल 10 बोतल, रॉयल स्टैग प्रीमियम व्हिस्की 375 एमएल 6 बोतल तथा मैजिक मोमेंट 375 एमएल कंपनी 6 बोतल अंग्रेजी शराब पाया गया। बाइक समेत युवक को सतगावां थाना लाया गया।

# दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव आज से

## शोभायात्रा सुंदरकांड पाठ व सवा 25 घंटे का अखंड ज्योत के साथ भजन कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नगर की धार्मिक संगठन श्री हनुमान संकीर्तन मंडल दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव सह मंडल का 43वां वार्षिक उत्सव 22 और 23 अप्रैल को धूमधाम से शहर के अड्डी बंगाल स्थित मेसर्स केदारनाथ रामगोपाल फैक्ट्री में आयोजित किया जाएगा। सोमवार की सुबह 7 बजे स्टेशन रोड स्थित हनुमान मंदिर से झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें स्थानीय कलाकार भजन प्रस्तुत करते हुए झंडा चौक, दुर्गा कॉम्प्लेक्स होते हुए सीएच स्कूल, पूर्णिमा टॉकीज गली, बिग बाजार होते हुए ब्लॉक रोड, गुरुद्वारा रोड, मनोहर प्रेस गली होते हुए अड्डी बंगाल स्थित



कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर संपन्न होगी। मंडल के अध्यक्ष नवीन सिन्हा, सचिव विक्की केशरी एवं कोषाध्यक्ष बबलू पांडेय ने बताया कि शोभायात्रा के उपरांत कार्यक्रम स्थल पर पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इस अवसर पर विभिन्न देवी देवताओं का अलौकिक श्रृंगार के साथ दरबार सजाया जाएगा, वहीं सवामणि का भोग लगाया जाएगा। सुबह 11 बजे से सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा, जिसे कतरास के पंकज शर्मा के द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। इसके बाद 2 बजे से अखंड ज्योत के साथ सवा 25 घंटे का भजनों का कार्यक्रम शुरू होगा। जिसमें स्थानीय लगभग एक दर्जन भजन मंडली दो दिनों तक अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा ानबाद के अभिषेक सिंघल, दीपक अरोड़ा, जमशेदपुर की गायिका अनुराा सिंह के अलावे गायत्री शक्तिपीठ के द्वारा दीप यज्ञ, नटखट प्ले स्कूल, रिदम डांस एकेडमी, आकाश योगा केंद्र के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की जाएगी। कार्यक्रम का साा प्रसारण यूट्यूब और फेसबुक पर किया जाएगा। जिसे लोग यूट्यूब चैनल द-मीडिया रिपोर्ट्स पर लाइव देख पाएंगे। दूसरे दिन 23 अप्रैल को स्थानीय गायक नवीन पंड्या, श्याम शरण में आजा रे, सहित कई भजन मंडली कार्यक्रम प्रस्तुत करेगी। दोपहर 3 बजे हवन, भव्य गजरा अर्पित करने के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इसके अलावा मंगलवार को शहर के कई अन्य मंदिरों में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर भजन संध्या, भक्ति जागरण का भी आयोजन किया जा रहा है।

### ग्रिजली विद्यालय में मनाई गई महावीर जयंती

**कोडरमा (कोडरमा)।** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय में जैन समुदाय के प्रमुख संत भगवान महावीर की जयंती श्रद्धा और उत्सव के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुवात भगवान महावीर जी के चित्र पर विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता, उप प्राचार्या अंजना कुमारी एवं शिक्षकों के द्वारा माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित कर की गयी। वहीं छात्रा प्रतीक्षा सिंह ने हिंदी भाषण एवं छात्र जीशान अंसारी ने अंग्रेजी में भाषण प्रस्तुत किया। वहीं छात्र समर्थ पांडेय एवं आदित्य कुमार सिंह ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के मायम से भगवान महावीर जी की जीवनी सबके सामने प्रस्तुत की। इस अवसर पर विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने कहा की भगवान महावीर जी ने समाज सुार और आत्मकल्याण के लिए कई उपदेश दिए हैं जो आज भी प्रासंगिक बने हुए है।

# भाजपा नेता जयप्रकाश सिंह भोगता ने की बगावत

## निर्दलीय चुनाव लड़ने का किया ऐलान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** दो बार के विधायक रहे भाजपा नेता जयप्रकाश सिंह भोगता ने पार्टी के खिलाफ बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। उनके इस फैसले से भाजपा सहित अन्य दलों और उम्मीदवारों में हलचल मच गई है। जयप्रकाश सिंह भोगता के पिता दिवंगत महेंद्र सिंह भोक्ता भी चतरा से दो बार विधायक रह चुके हैं। जयप्रकाश सिंह भोगता फिलहाल भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य और एससी मोर्चा के उड़ीसा प्रभारी हैं। उन्होंने 2009 में झारखंड विकास मोर्चा के टिकट पर सिमरिया विधानसभा से पहली बार विधायक के रूप में जीत हासिल की थी। मार्च 2014 में उन्होंने भाजपा की सदस्यता ले ली थी और उसके बाद 2014 में भाजपा के टिकट पर चतरा विधानसभा का चुनाव लड़ा और जीत हासिल की थी। 2019 में पार्टी ने उनका टिकट काट दिया था और चतरा से पूर्व विधायक जनार्दन पासवान को मौका दिया था। उसके बाद से जयप्रकाश सिंह भोक्ता नेपथ्य में चले गए थे। हाल के दो वर्ष पहले अनुसूचित जाति मोर्चा में राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य बनाए गए थे। उसके बाद संगठन में सक्रियता दिखलाई। चतरा लोकसभा में भाजपा के टिकट के लिए उनका उछला था। भाजपा ने चतरा के सोनबिगहा निवासी कालीचरण सिंह को टिकट दे दिया था। उसके बाद से जयप्रकाश सिंह भोगता नाराज चल रहे थे।? नॉमिनेशन से एक सप्ताह पहले उन्होंने निर्दलीय के रूप में दावेदारी कर चतरा की राजनीति में भूचाल खड़ा कर दिया है।

### मतदाता सूची में नाम जोड़ने की अपील

**चतरा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में लोकसभा आम चुनाव 2024 के सफल क्रियान्वयन को लेकर गूगल मीट के माध्यम से बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से छूटे हुए मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने के लिए प्राप्त किए जा रहे प्रपत्र-6 की स्थिति, सीएपीएफ लोकेशनवार मूलभूत सुविधाएं, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल द्वारा निर्माण कराए जा रहे स्नानागार एवं शौचालय आदि कार्यों, शौचालय निर्माण किस मद से कराया जा रहा है, जिले के सभी बूथों पर पेयजल की समुचित व्यवस्था, स्वीप गतिविधि, विद्युत की उपलब्धता समेत अन्य की बिंदुवार समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सीएपीएफ लोकेशन पर किए जा रहे शौचालय निर्माण कार्य का निरीक्षण करने का निर्देश सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि वे मतदाता जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में शामिल नहीं हो सका है।

# जेल अदालत सह विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में रविवार को मंडल कारा में लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से प्रभारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह सीजेएम प्रताप चंद्रा उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पैसे के अभाव में कोई भी बंदी न्याय से वंचित नहीं रह सकता है। उन्होंने कहा कि गरीबों असहायों की मदद के लिए डालसा हमेशा तत्पर है। वहीं एलएडीसी अरुण कुमार ओझा ने कहा कि आप सभी अपने आचरण और व्यवहार में सुधार करें, यहां से निकलने के उपरांत सामान्य नागरिक जीवन जीने का प्रयास करें। अपनी गलतियों से सबक लेकर आगे गलती न करने का प्रण ले। उन्होंने कहा कि निर्धन एवं असहाय बंदियों की मदद के लिए डीएलएसए के अधिवक्ता एलएडीसीएस पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य कर रहा है। बंदियों की ओर से बाद निष्पादन के निमित्त एक भी आवेदन नहीं आने के कारण मौके पर एक भी मामले का निष्पादन नहीं हो सका। वही शिविर में उपस्थित बंदियों को उनके केस से संबंधित जानकारी अधिवक्ता अश्विनी शरण द्वारा दी गई। जिस बंदी का केस पैरवी हेतु कोई भी अधिवक्ता नहीं थे, वैसे बंदियों को बंदी आवेदन भेजने को कहा गया। वैसे बंदी जिन्हें न्यायालय द्वारा सजा सुनाई गई है और वह अपना अपील उच्च न्यायलय में दाखिल करने में असमर्थ है, या नहीं कर सके है, पहचान की गई।

# इंडिया गठबांन के पक्ष में देशवासियों का आशीर्वाद एक बदलाव का द्योतक साबित होगा : मनोज सहाय पिंकू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव मनोज सहाय पिंकू ने इंडिया गठबांन द्वारा रांची के प्रभात तारा मैदान में आयोजित उलगुलान न्याय महारैली की अभूतपूर्व सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए झारखंड के सम्मानित जनता सहित महारैली की सफलता में उपस्थित इंडिया घटक दल के सभी ऊर्जावान कार्यकर्ताओं के प्रति आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा है कि झारखंडी परंपरा के प्रतीक सीधे-सादे मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के नेतृत्व में रांची के प्रभात तारा मैदान से न्याय उलगुलान की घोषणा की गई, जिसका संदेश झारखंड सहित पूरे देश में गूंजेगी। श्री सहाय ने कहा कि जिस तरह धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा ने सन् 1875-1900 में सामंती ताकतों एवं अंग्रेजी



हुकूमत के खिलाफ उलगुलान का बिगुल फूंककर देश की आजादी में अहम भूमिका निभाई थी, उसी प्रकार आज पूंजीपतियों की हिमायती भाजपा सरकार से देश को मुक्त करने के लिए युवा न्याय, महिला न्याय, किसान न्याय, मजदूर न्याय एवं भागीदारी न्याय हेतु कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन, नेत्री कल्पना सोरेन, राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, सपा नेता पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, आप नेत्री सुनीता केजरीवाल, मुख्यमंत्री भगवंत मान, पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला, सीपीआईएमएल नेता दीपांकर भट्टाचार्य, प्रियंका चतुर्वेदी, आप सांसद संजय सिंह सहित इंडिया गठबांन घटक दल के सभी सम्मानित नेताओं के अगुवाई में महागठबंधन के कार्यकर्ता देश के मतदाता तक पहुंचकर जनता की लडाई लडने का काम करेंगे एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को न्याय दिलाने के लिए लड़ाई लड़ेंगे। वहीं श्री सहाय ने दावा किया कि 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले चरण 19 अप्रैल को ही इंडिया गठबांन के पक्ष में देशवासियों का आशीर्वाद एक बदलाव का द्योतक साबित होगा।

### अगलगी में चार घर जलकर राख

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कादोडीह पंचायत स्थित ग्राम गगरेसिंगा में शनिवार की देर शाम खपरैला घर में आग लगने से घर पूरी तरह जलकर राख हो गयी। इस घटना में गृहनी का लाखों रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ। बताते चलें कि आग की लौ इतनी तेज थी कि देखते ही देखते पुरा घर आग की चपेट में आ गयी। वहीं आग की खबर सुन कर गांव के ग्रामीण जमा हो गये एवं आग बुझाने का प्रयास करने लगे, मगर आसपास न तो चापानल था और न ही तालाब, घर के बगल सूखा कुंआ था। जिसके बाद ग्रामीण एकजुट होकर घर के पानी से आग बुझाने का प्रयास किया मगर तेज हवा चलने के कारण आग विकराल रूप ले लिया। वहीं ग्रामीणों ने अग्निशमन विभाग को सूचना दी। परंत रास्ता संकीर्ण रहने के कारण वाहन घटनास्थल पर समय से नही पहुंच पाई।

## एक नजर में

### चतरा पुलिस ने 1 करोड़ 40 लाख रुपये के अवैध अफीम के साथ पिता-पुत्र को किया गिरफ्तार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिद्धौर।** चतरा पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक करोड़ चालीस लाख रुपये के अवैध अफीम के साथ पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है।

एसपी विकास पांडेय को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सिमरिया एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित गिद्धौर थाना पुलिस की स्पेशल टीम ने थाना क्षेत्र के बरली टोला में छापेमारी की। पुलिस ने मवेशी सेड में स्टॉक कर रखे 28 किलो अफीम के साथ तस्कर महेंद्र दांगी और दीपेंद्र दांगी को गिरफ्तार किया। तस्करी में प्रयुक्त विभिन्न कंपनियों के दो मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं।

तस्कर अफीम के खेप को तस्करी के लिए बाहर भेजने की फिराक में थे। एसडीपीओ अजय कुमार केशरी ने कार्रवाई की पुष्टि की है। अभियान में एसडीपीओ के अलावा थाना प्रभारी अमित गुप्ता और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस की इस कार्रवाई से तस्करों में हड़कंप मच गया है।

### भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने हंटरगंज में पदयात्रा कर चलाया जनसंपर्क



**खबर मन्त्र संवादाता**

**चतरा।** हंटरगंज चतरा भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह रविवार को दो दिवसीय दौरे पर हंटरगंज प्रखंड पहुंचे। उन्हें प्रतापुर मोड पर गाजे-बाजे के साथ माल्यार्पण एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। भाजपा प्रत्याशी सबसे पहले हिरिंग गांव पहुंचे, उन्होंने वारा मंदिर में पूजा-अर्चना की और भगवान से आशीर्वाद लिया। वहीं, भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उन्हें हर जगह भावपूर्ण स्वागत किया गया। हंटरगंज बाजार में उन्होंने पैदल जनसंपर्क अभियान चलाया और अपने पक्ष में वोट करने की अपील की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों को लोगों को गिनाते हुए भाजपा को वोट देने की बात कही गई। हर वर्ग के लोगों का उन्हें समर्थन मिल रहा है। इस मौके पर पलामू प्रमंडल प्रभारी श्री निवास कुमार, मंडल अध्यक्ष अरुण चौरसिया, संतोष सिंह, गुंजीत कुमार सिंह, टुनटुन सिंह, अप्पू आर्या, विवेकानंद पाठक, सरदार बलवंत सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अशोक सिंह, धनंजय सिंह, पिंटू सिंह के अलावा काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### उलगुलान रैली में राजद और कांग्रेस के कार्यकर्ता आपस में भिड़े



**खबर मन्त्र संवादाता**

**चतरा।** चतरा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के उद्घाटन रैली में राजद समर्थकों ने विरोध प्रदर्शन किया, जिसके कारण रिटायर्ड फौजी केएन त्रिपाठी के समर्थकों और राजद के कार्यकताओं के बीच झड़प हो गई। दोनों पक्षों के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए और खून-खराबा हुआ, लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि किसके कार्यकर्ता लहूलुहान हुए हैं।

### जिले में जल संकट की विकराल स्थिति, मचा हाहाकार



**खबर मन्त्र संवादाता**

**चतरा।** जिले में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच गया है, जिससे लोगों का शरीर जलने लगा है और पेयजल संकट विकराल रूप ले चुका है।

कई मोहल्लों में जल का संकट शुरू हो गया है और 56 नल सूख गए हैं। चुड़िहार मोहल्ला, सदर अस्पताल, जवाहर नवोदय विद्यालय, जज कॉलोनी और देव मोहल्ला जैसे क्षेत्रों में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है।

नगर परिषद द्वारा प्रतिदिन टैंकर से पानी की आपूर्ति की जा रही है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। जवाहर नवोदय विद्यालय में बोरिंग पूर्ण रूप से फेल हो चुकी है और सदर अस्पताल में मोटर खराब होने के कारण पानी की समस्या उत्पन्न हुई है। लक्ष्मणपुर बांध में भी पानी इतना कम हो गया है कि मुश्किल से एक महीने का पानी का आपूर्ति हो पाएगा। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ने लगी है, उपरोक्त स्थान के अलावा अन्य मोहल्लों में भी पेयजल संकट घर आने लगा है। सक्षम परिवार के लोग जार वाला पानी खरीदकर काम चला रहे हैं, परंतु जो लोग सक्षम नहीं हैं, उन्हें पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।

# गर्मी में दम तोड़ने लगा है हर घर नल जल योजना

## बारी पंचायत के सियानी टोले में पीने के पानी के लिये ग्रामीण परेशान, विभाग से लगाई गुहार


खराब पड़े नल जल के यूनिट को दिखाते ग्रामीण ।

➲ करोड़ो खर्च होने के बाद भी जमीरा, माल्हन, चेतर, बारी समेत प्राय: पंचायतों में हाथी का दांत साबित हो रहा है योजना

**खबर मन्त्र संवददाता**

**चंदवा।** शहर हो या फिर गांव प्रत्येक व्यक्ति के घरों तक स्वच्छ पेयजल मुहैया हो इस उद्देश्य से जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत चंदवा प्रखंड के सभी 17 पंचायत में हर घर नल योजना के तहत सैकड़ो यूनिट लगाए गए हैं, लेकिन गर्मी के शुरू होते हीं प्राय: पंचायत में लगे नल जल योजना के यूनिट दम तोड़ने लगा है। हुटाप, बोदा, जमीरा, माल्हन, चेतर, बारी समेत अन्य पंचायतों के ग्रामीण इलाकों से नल जल योजना के यूनिट के खराब होने की शिकायत लगातार सामने आ रही है। ताजा मामला प्रखंड के बारी पंचायत अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य सियानी टोले से आई है, जहां नल जल योजना के यूनिट के लगने के बाद से ही खराब होने के कारण ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। ग्रामीण विले उरांव, संतोष उरांव, मिटकु उरांव, मुनिता देवी, रेणु देवी, सीतामणी देवी, नागमणि देवी ने बताया कि गांव में पीने के पानी के लिए कोई समुचित व्यवस्था नही है। टोले में घर घर नल जल योजना का यूनिट लगा है, लेकिन लगने के बाद से यूनिट की उपयोगिता शून्य है। ठंड के मौसम में गांव के कुएं से किसी प्रकार प्यास बुझ रही थी, लेकिन गर्मी शुरू कुआं भी सुख गया है। अब स्थित यह है कि ग्रामीणों को पाने के लिए भटकना पड़ रहा है। संबंधी विभाग के अधिकारियों से हम लोगो ने शिकायत की है, लेकिन अबतक कोई समाधान नही हुआ है। इन्होंने जिले के उपायुक्त से पेयजल व्यवस्था को ठीक कराने की मांग की है। इधर मामले को लेकर संबंधित विभाग के एसडीओ से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया।


सूखा कुआं।

# मनिका थाना क्षेत्र के बरवैया में आग लगने से एक गरीब का घर जलकर हुआ राख

➲ बेटी के शादी के लिए लोन लिया हुआ एक लाख समेत अन्य जमा पूंजी खाक

➲ पीड़ित परिवार ने जिला प्रशासन से मदद का लगाया गुहार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित बरवैया खुर्द गांव निवासी सिपाही भुइयां के घर में अचानक आग लगने से घर पूरी तरह से जलकर राख हो गया है। वहीं भुक्तभोगी सिपाही भुइयां ने बताया कि अपनी बेटी के शादी के लिए उसने एक लाख रूपए लोन लिया था वह पैसा भी घर में ही रखा हुआ था साथ ही अन्य जमा पूंजी व खाद्य सामग्री घर में ही जलकर खाक हो गया। वहीं पीड़ित परिवार ने बताया कि हम लोग बहुत ही गरीब हैं और मजदूरी का काम करके बेटी के शादी के लिए पैसे, कपड़े, अनाज व अन्य सामग्री जमा कर रहे थे। घर में आग कैसे लगी इसका हम लोगों को पता नहीं है आग लगने के कारण घर में रखे सभी सामग्री जलकर बर्बाद हो चुके हैं। घर में टोटल 10 परिवार रहते हैं जिसमें छोटे-छोटे बच्चे भी शामिल है और अभी रहने के लिए कोई आशियाना नहीं है स्थिति ऐसी है कि घर के लोगों को खाने के लिए भी सोचना पड़ रहा है। मौके पर पीड़ित परिवार के लोगों ने जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाया है। वहीं युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान ने पीड़ित परिवार के प्रति दुखः प्रकट करते हुए जिला प्रशासन से सरकारी प्रावधान के तहत इन्हें रहने के लिए तत्काल आवास मुहैया एवं खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए अपील किए हैं।


जला हुआ घर व पीड़ित परिवार के लोग।

## राजा मेदिनीराय की जयंती कुटमू मोड़ पर मनाई जाएगी


तैयारी में लगे लोग।

**बेतला।** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के बेतला पंचायत अंतर्गत ग्राम कुटुमू मोड़ स्थित राजा मेदनीराय के प्रतिमा के समक्ष आगामी 23 अप्रैल को इस वर्ष राजा मेदनीराय जी की जयंती कार्यक्रम की तैयारी की गई है। जिसमें बिहार, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, झारखंड, के गुमला,सिमडेगा, खुंटी, पलामू, लातेहार, गढ़वा, जिले से चेरो आदिवासी समुदाय के गणमान्य लोक के साथ-साथ कुरुक सरना प्रार्थना सभा के अगुआ आदिवासी धर्मगुरु, नीलांबर पीतांबर यूनिवर्सिटी के जनजातीय प्रोफेसर संजय बारा, इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके साथ ही अतिथियों के स्वागत के लिए केचकी, कुटमु, मंगरा, मोरवाई, कोलपुरवा, गाड़ी, बेतला, कंचनपुर समेत दर्जनों गांव के आदिवासी चेरो समाज के लोग मौजूद रहेंगे। मौके पर विनोद प्रसाद सिंह, रूपाली देवी, उमेश रजक, मनोज सिंह खरवार समेत कई लोग मौजूद थे।

# वोटरो के बीच किया जा रहा मतदाता मार्ग दर्शिका का वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** प्रशासनिक स्तर वोटरो को जागरूक करने के लिए कई तरह के कार्यों का संपादन किया जा रहा है। बीएलओ द्वारा संबंधित मतदान केंद्र के मतदाताओं के बीच डोर टू डोर संपर्क अभियान चलाकर मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण किया जा रहा है। मार्गदर्शिका वितरण के दौरान मतदाताओं को जागरूक करते यह बताया जा रहा है कि आगामी 20 मई को होनेवाले लोकसभा चुनाव के दिन सभी मतदाताओं को अपने मतदान का प्रयोग करना है। रविवार को बीलओ विद्या रानी समेत अन्य कई बीएलओ द्वारा संबंधित बूथ के मतदाताओं से संपर्क कर उनके बीच मार्गदर्शिका का वितरण किया गया। मतदान दिवस के दिन सबसे पहले मतदान की अपील की गई। मार्गदर्शिका प्राप्त करने के बाद कुछ वोटरों ने मतदान पहचान पत्र नहीं होने की स्थिति में मतदान कैसे करें की जानकारी ली। बताया गया कि यदि किसी कारण से किसी वोटर तक मतदाता पहचान पत्र नहीं पहुंच पाया है और उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज है तो वो आधार कार्ड, पैन कार्ड, सेवा पहचान पत्र, बैंक अथवा पोस्ट आफिस द्वारा जारी फोटो युक्त पासबुक, स्वास्थय बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस, पासपोर्ट पेंशन दस्तावेज, एनआरपी के तहत आरजीआई द्वाा जारी स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, सासंद विधायक पार्षद का जारी कार्ड, विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र आदि के माध्यम से मतदाता पर्ची के साथ मतदान कर सकते हैं। चुनाव पूर्व किए जा रहे मार्गदर्शिका वितरण को लेकर वोटर उत्सुक दिखें। कुछ वोटरों ने यह भी कहा कि मतदाता पर्ची भी साथ-साथ देना चाहिए। बीएलओ द्वारा बताया गया कि मतदाता पर्ची प्राप्त होने के बाद उन्हें उपलब्ध करा दिया जाएगा।


मतदाता मार्ग दर्शिका का वितरण करते लोग।

## हरीश दूहान ने किया मगध खदान का दौरा


दौरा करते पदाधिकारी।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोल परियोजना में सीसीएल के निदेशक तकनीकी (संचालन) हरीश दूहान रविवार को पहुंचें। जहां उनका स्वागत बुके देकर महाप्रबंधक नृपेंद्रनाथ ने किया। इसके बाद हरीश दुहान ने खदान के व्यू पॉइंट से खनन गतिविधियों का जायजा लिया एवं खदान संचालन से संबंधित विभिन्न विषयों पर मगध के महाप्रबंधक नृपेंद्रनाथ के साथ चर्चा की। इस दौरान उन्होंने खनन में और तेजी लाने एवं निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने की बात कही। इसके अलावा उत्पादन व डिस्पैच सम्बंधी गतिविधियों और खदान के विस्तार योजना का भी जायजा लिया और कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। वहीं महाप्रबंधक ने चार्ट के माध्यम से खदान में हो रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दिया। मौके पर क्षेत्रिय महाप्रबंधक नृपेंद्रनाथ, मगध परियोजना पदाधिकारी एस. सत्यनारायणा, खान प्रबंधक मो.अकरम सहित परियोजना के कई अधिकारी मौजूद थे।


## गर्मी के आगाज से ही सूखने लगी नदियां और तालाब, पशु पक्षी बेहाल

## जलसंरक्षण योजनाओं के अभाव में नदियों की स्थिति खराब

➲ मई व जून की भीषण गर्मी की अभी होने वाली है शुरूआत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** सूरज की तपिश से जहां आम इंसान परेशान है। वहीं अपनी प्यास बुझाने के लिए व्याकुल बेजुबान पशु- पक्षियों पर क्या गुजर रही होगी यह किसी से छुपी हुई नहीं है। इस भीषण गर्मी में जहां नदी, तालाब आदि सुख गए है। आम लोगों को भी पानी बहुत मुश्किल से नसीब हो रही है।गांवों में पानी की विभिन्न जरूरतों के लिए बड़ा स्रोत तालाब होते हैं, भूमि सरंक्षण विभाग से विगत दस वर्षो में बरवाडीह प्रखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों की लागत से अनेकों तालाबों का जीर्णोद्वार कराया गया है। तालाब जीर्णोद्वार का मुख्य उद्देश्य किसानों के खेतों में पानी पहुंचाना था। लेकिन धरातल पर देखा जाए तो एक भी तालाब उस स्थिति में नजर नहीं आयेगी। अधिकांश तालाब सूखे पड़े हुए हैं, जिसके चलते किसानों के साथ-साथ सबसे ज्यादा संकट पशुओं के लिए खड़ा हो गया है। पशु पक्षी पानी की तलाश में इधर उधर भटक रहें है। जिन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए विभाग द्वारा तालाबों का जीर्णोद्वार कराने का काम किया गया उसका फायदा आमजनों को नहीं मिल रहा है। वहीं अप्रैल में ही भीषण गर्मी के चलते क्षेत्र के नदी, नाले, जलाशय, कुएं व डेम के जलस्तर गर्त में जा रहे है, और क्षेत्र के बचे खुचे कुछ तालाबों में पानी दिनों दिन सूखते जा रही है, जबकि मई व जून की गर्मी अभी प्रारंभ होने वाली है।


आहर।

### सुखी पड़ी है लाइफलाइन कोयल नदी

प्रखंड की महत्वपुर्ण और लाइफलाइन जलस्त्रोत कोयल नदी आस पास के दर्जनो गांवों के लोगों के लिए जीवनदायी बनी रहती है। एक बडी आबादी को इस नदी से जलस्तर बनाए रखने मे मदद मिलती है। मगर गर्मी के दिनों में यह नदी भी सूखने के कगार पर है। जलसंरक्षण योजनाओं के अभाव में यह लोगों के लिए जीवनदायिनी नहीं रही है। नदी से निकाले गए लाखों ट्रक बालू आज इसकी दुर्दशा का मुख्य कारण हैं।

# मंडल कारा लातेहार में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

लातेहार। झालसा के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के आदेशानुसार रविवार को जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी मो. अब्दुल नसीर व न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी राहुल कुमार शामिल हुए। मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी मो. अब्दुल नसीर ने कैदियों को कानून के विभिन्न पहलुओं को बताया। बेल, वाद की प्रक्रिया, वादों का निपटारा, डीएलएसए के द्वारा दी जाने वाली सुविधा संबंधित जानकारियां दी। उन्होंने कैदियों को उनके अधिकार और उन्हें मिलने वाली सरकारी सुविधाओं के बारे में भी जानकारियां दी। उन्होंने कैदियों को प्लीड गील्टी, वन अधिनियम कानून एवं सुलहनीय वादों के बारे में विस्तार से बताया और कैदियों के मन में उठ रहे सवालों के जवाब भी दिये। न्यायिक दण्डाधिकारी राहुल कुमार ने कैदियों को उनके मौलिक अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने कैदियों को जेल से निकलने के बाद मुख्य धारा में लौटने की अपील की। श्री कुमार ने छोटे-मोटे मुकदमें का निपटाना सुला समझौता के आधार पर कराने का सुझाव भी दिया। अधिवक्ता दीपक कुमार ने बंदियों को एलएडीसी के माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बताया। साथ ही कहा कि उन्हें किसी प्रकार का कानूनी सलाह व सुझाव चाहिए तो उनसे मिल सकते है। कार्यक्रम में मंच का संचालन एलएडीसी के अधिवक्ता राहुल कुमार ने किया। मौके पर प्रभारी जेलर प्रदीप मुण्डा, डालसा सहायक सौरभ कुमार, पीएलवी राजकुमार सिंह सहित जेल के कर्मचारीगण एवं सैकड़ों कैदी मौजूद थे।


संबोधित करते पदाधिकारी।

# भाजपा का शक्ति केंद्र के संयोजक एवं सह संयोजकों की बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका चतरा लोकसभा अंतर्गत मनिका विधानसभा के मनिका मंडल में मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार के अध्यक्षता में एवं भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह मनिका विधानसभा संयोजक सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह के मार्ग दर्शन में शक्ति केंद्र के संयोजक एवं सह संयोजकों की बैठक संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड राज्य सभा के सांसद सह पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश उपस्थित रहे। वहीं बैठक से पूर्व लातेहार जिला के राजनीतिक के भीष्म पितामह कहे जाने वाले स्वर्गीय राजेश्वर प्रसाद यादव के सिंजो स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। वहीं बैठक का संचालन मंडल महामंत्री मनदीप कुमार गुप्ता ने किया व समाप्ति की घोषणा मंडल महामंत्री धर्मजीत राय के द्वारा किया गया। मौके पर प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित सिंह, लोकसभा विस्तारक सक्षम सिंह, जिला महामंत्री बंशी यादव, जिला परिषद सदस्य पूनम देवी, पूर्व जिला परिषद सदस्य महेश सिंह,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष छोटू राजा, जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह, प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, पूर्व जिला परिषद सदस्य शिल्पा कुमारी, वरिष्ठ भाजपा नेता भरत प्रसाद, भाजपा लातेहार जिला सोशल मीडिया प्रभारी पंकज यादव, शंकर दुबे, सत्यनारायण प्रसाद,गंगा प्रसाद यादव, रणधीर सिंह, समेत कई लोग उपस्थित थे।


कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ता।

# शिक्षकों ने शिक्षा पदाधिकारी से किया मुलाकात

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिला अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव,सचिव प्रदीप कुमार सिंह एवं मीडिया प्रभारी संदीप पासवान के नेतृत्व में लातेहार जिला शिक्षा पदाधिकारी से मुलाकात किया गया। जिसमें लातेहार जिला का मैट्रिक परीक्षा-2024 के अच्छे रिजल्ट के लिए हर्ष व्यक्त की गई और खेद भी व्यक्त की गई कारण लातेहार जिला का रिजल्ट चौथा स्थान में आया है। वहीं 3 माह से वेतन और एरियर बकाया है। लंबित वेतनमान का शीघ्र भुगतान करने की मांग की गई साथ ही झारखंड के सभी योजना मद वाले विद्यालय गैर योजना में कर दिए गए हैं इसके बावजूद भी लातेहार जिला में प्रखंड स्तरीय वेतन भुगतान हेतु डीडीओ स्तर के विद्यालय का नामित नहीं किया गया है। जिसे झरोटेप के पदाधिकारी द्वारा मांग की गई है कि इसे शीघ्र लागू किया जाए, क्योंकि सुदूरवर्ती प्रखंड को अनुपस्थिति विवरणी जिला तक आने में काफी परेशानी होती है। मौके पर धीरज कुमार, रवि भूषण राजे, पिंटू कुमार, प्रमोद कुमार यादव, मनीष तिर्की, विनय कुमार, अमित कुमार पांडे, समेत दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे।



मौके पर उपस्थित शिक्षक।

# भाजपा अजजा मोर्चा की लोकसभा स्तरीय बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** आगामी लोकसभा चुनाव के निमित भाजपा अजजा मोर्चा की लोकसभा स्तरीय बैठक स्थानीय इंदिरा गांधी चौक के समीप हुई। बैठक की अध्यक्षता अजजा मोर्चा जिला अध्यक्ष मंगल उरांव व संचालन मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक गुमला शिव शंकर उरांव, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, जिला परिषद सदस्य सरोज देवी, स्टेला नगेसिया, नपं अध्यक्ष सीतामणि तिर्की, जिला प्रभारी सुरेश उरांव, लातेहार विधानसभा प्रभारी रामदेव सिंह, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष शीला देवी, जिला अध्यक्ष पंकज सिंह जिला, प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा, पूर्व जिला परिषद महेश सिंह, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी व मोर्चा के चतरा जिला अध्यक्ष भिखलाल मुंडा, मनिका जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह, पूर्व जिला परिषद शिल्पा कुमारी, मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद थे। सर्वप्रथम सभी लोगों ने पंडित दीनदयाल एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समीप दीप प्रज्वलित की बारी-बारी से पुष्प अर्पित नमन किया। प्रदेश अध्यक्ष श्री उरांव ने कहा कि आगामी लोक सभा चुनाव में हम सभी को देश को सुदृढ़ बनने के लिए मतदान करना है। आगे कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है हम एक-एक बूथ एवं पन्ना प्रमुख के बीच में भी पहुंचे हैं। बावजूद कभी-कभी चुनाव के दौरान हम पीछे रह जाते हैं, इसमें मंथन करने की जरूरत है। आदिवासी समाज की सभ्यता व संस्कृति अद्भुत है, देश की आजादी में भी आदिवासी समाज से कई महापुरुषों ने बलिदान दिए हैं। मोदी सरकार ने ऐसे महापुरुषों को सम्मान देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि समाज को विभिन्न जाति वर्ग में बांटने व तोड़ने के लिए कई पार्टियों तैयार है और भाजपा देश विरोधी ताकत से लड़ने व देश को मजबूत करने के लिए लड़ रही है। इसलिए आगामी चुनाव में एक जुटता दिखाएं व अब की बार 400 पार के लक्ष्य को पूरा करें। बैठक में चुनाव की रणनीति बनाने से संबंधित विस्तार से चर्चा की गयी। मौके पर चेतलाल रामदास, देव मोहन सिंह, मंजू देवी, विनय कुमार, दीपक निषाद, सकिन्द्र मुंडा समेत पूरे चतरा लोकसभा क्षेत्र से अजजा मोर्चा के पदधारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।


बैठक करते लोग।

## रुस्तम अंसारी ने जंगल में आग नहीं लगाने को लेकर किया लोगों को जागरूक


रुस्तम अंसारी।

**लातेहार।** लातेहार सदर प्रखंड के सांसग पंचायत के वन समिति अध्यक्ष रुस्तम अंसारी ने लातेहार जिले में प्रचंड गर्मी को देखते हुए। जंगल में आग नहीं लगाने के रोकथाम को लेकर लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि जिले पिछले एक महीनों से गर्मी मौसम की शुरूआत हो चुकी है। इस मौसम मे पछुआ हवा चलने की संभावना बनी रहती है। ऐसी स्थिति में मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में आग लगी की घटनाओं की संभावना ज्यादा बढ़ जाती है। इसका मुख्य कारण है कि ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोग अपनी एक निजी फायदे को लेकर बिना सोचे समझे ही महुआ चुनने के दौरान जंगल में आग लगा देते है। उनके एक गलती से जंगल का भारी नुकसान होता है। क्योंकि हवा का तेज रफ्तार चलने के कारण आग धीरे- धीरे पूरे जंगल में फैल जाता है। आग कि चपेट में आने से कई छोटे-मोटे कीड़े मकौड़े कि मौत हो जाती है। साथ ही साथ जंगल के बेस कीमती पौधे भी इनकी चपेट में आकर जल जाते है जिसका नतीजा है कि आज पूरा जंगल धीरे-धीरे खत्म होते जा रहा है। जंगल में रहने वाले जानवर जंगल छोड़ गांव की तरफ प्रवेश कर जाते हैं और वे गांव में रहने वाले छोटे-मोटे बकरी गाय को अपना शिकार बनाने लगते हैं।

स्पीड न्यूज

## शैलेन्द्र सिंह आजसू के केन्द्रीय सचिव मनोनीत

**गढ़वा।** आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने गढ़वा निवासी शैलेन्द्र कुमार सिंह छोटन को पार्टी का केन्द्रीय सचिव मनोनीत किया है। जिस पर गढ़वा जिला प्रभारी सह पलामू लोकसभा प्रभारी सतीश कुमार ने बधाई देते हुए कहा कि छोटन को केन्द्रीय सचिव बनाये जाने से गढ़वा जिला में पार्टी को मजबूती प्रदान होगी। लगातार गढ़वा जिला में मिलन समारोह में अन्य दलों को छोड़कर आजसू पार्टी मे शामिल होने की प्रक्रिया तेज हो गई है। बधाई देने वालों मे गढ़वा जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा, केन्द्रीय सचिव शंकर विश्वकर्मा, डॉ अफजल अंसारी, दशरथ चौधरी, संतोष केशरी, रबिन्द्र नाथ ठाकुर, डॉ इस्तयाक राजा, जय राम पासवान, चम्पा देवी, महिला जिलाध्यक्ष रीता देवी, पूजा शर्मा, विकास चन्द्रवंशी आदि का नाम शामिल है।

## बस की चपेट में आने से मौत

**रमना।** बंशीधर नगर भाया गढ़वा मुख्य मार्ग पर रमना-डंडई मोड़ के समीप बस के चपेट में आने से रमना निवासी मानिकचंद ठाकुर 55 वर्ष की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने बस में तोड़फोड़ करते हुए उसमें आग लगा दी। हालांकि बस में लगी आग को थोड़ी देर में ही बुझा दिया गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे रमना थाना प्रभारी अशफाक आलम ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन लोग नहीं माने। जिसके बाद पुलिस ने इसकी सूचना अपने वरीय पदाधिकारी को दी। जिसके बाद घटनास्थल को पुलिस ने छावनी में तब्दील कर दिया। जानकारी के अनुसार लगन के कारण घटनास्थल पर सड़क पूरी तरह जाम हो गया था। इसी दौरान सड़क पार कर रहे मानिकचंद ठाकुर बस की चपेट में आ गया।

## नदी किनारे झाड़ी से भारी मात्रा में नेपाली शराब बरामद

**पूर्वी चंपारण।** जिले के रघुनाथपुर थाना क्षेत्र में धनौती नदी के किनारे से पुलिस ने भारी मात्रा में नेपाली और देशी चुलाई शराब जब्त किया है। हालांकि पुलिस को देख कारोबारी मौके से फरार हो गये। थानाध्यक्ष विकास कुमार पासवान ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि धनौती नदी के किनारे भारी मात्रा में शराब रखा हुआ है, जिसे कारोबारी बेचने के फिराक में है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम ने छापेमारी की, जहां कुछ लोग पुलिस को देखते ही फरार हो गए। तलाशी के दौरान नदी के किनारे झाड़ी में और नदी में शराब छुपाया गया था। 30 कार्टन नेपाली कस्तूरी और 62 लीटर देशी चुलाई शराब जब्त हुआ है। थानाध्यक्ष ने मामले में एफआईआर दर्ज किया है, जिसमे रघुनाथपुर के शराब कारोबारी अमीर सहनी को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। कारोबारी को पकड़ने के लिए पुलिस छापेमारी में जुटी है।

## जैन धर्म के 24वें तीर्थकर महावीर जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

**अररिया।** जैन धर्म के 24वे तीर्थकर अहिंसा के पुजारी भगवान महावीर स्वामीजी की 2623वीं जयंती पर रविवार को सकल जैन समाज एवं मारवाड़ी संप्रदाय के सभी अनुयायिओं ने शहर में भव्य शोभा यात्रा निकाली। शोभा यात्रा शहर के विभिन्न मार्गो का भ्रमण करते हुए स्थानीय समता भवन पहुंची। स्थानीय जैन तेरापंथ समाज, जैन श्वेतांबर साधु मार्गी समाज ,दिगंबर जैन समाज, तथा श्री पारसनाथ श्वेतांबर मंदिर मार्गी समाज की संयुक्त रूप से एक विशाल एवं आकर्षक शोभा यात्रा प्रभात फेरी के रूप में निकाली गई। प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में जैन धर्म के अनुयाई शामिल थे ।जुलूस में महिलाएं पुरुष युवक युवतियां अपने पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए । प्रभात फेरी में भगवान महावीर के जीवन आदर्शो एवं सिद्धांतों से सुसज्जित जीवंत झांकियों की प्रस्तुति छोटे-छोटे बच्चों द्वारा दी गई जो महावीर स्वामी की जीवनी को दर्शा रहे थे। महावीर स्वामी का जयकारा करते हुए तेरापंथ भवन से शुरू हुई जो सिद्ध सागर भवन से होती हुई समता भवन तक पहुंची।

# बिहार अब बदल चुका है, एनडीए सभी सीटें जीतेगा : नीतीश

### जंगल राज में तो केवल हिंदू-मुस्लिम का झगड़ा होता था

एजेंसी

**पटना।** लोकसभा के दूसरे चरण की पांच सीटों पर होने जा रहे चुनाव को लेकर एनडीए ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। रविवार को भाजपा नेता अमित शाह के साथ कटिहार में मंच साझा करते हुए नीतीश कुमार ने लालू राबड़ी राज पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने लालू-राबड़ी के राज को जंगल रार करार देते हुए करते हुए कहा कि उस समय केबल हिंदू-मुस्लिम का झगड़ा होता था। उस दौर को हमलोगों ने तो बिल्कुल ही खत्म कर दिया। उन्होंने दावा किया कि बिहार में 40 में से 40 सीट हमलोग जीतेंगे। देशभर में चार सौ से ज्यादा सीट हमलोग जीतने जा रहे हैं। नरेंद्र मोदी फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे और देश और तेजी से आगे बढ़ेगा और जब देश आगे बढ़ेगा तो बिहार भी उसी तेजी से आगे बढ़ता जाएगा।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच रखा। उन्होंने दावा किया कि बिहार में 40 में से 40 सीट हमलोग जीतेंगे। देशभर में चार सौ से ज्यादा सीट हमलोग जीतने जा रहे हैं। नरेंद्र मोदी फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे और देश और तेजी से आगे बढ़ेगा और जब देश आगे बढ़ेगा तो बिहार भी उसी तेजी से आगे बढ़ता जाएगा।

मुस्लिमों के लिए आये अच्छे दिन सीएम नीतीश ने कहा कि पहले जो लोग थे वो कोई काम कर रहे थे। यहां मुस्लिम लोगों के लिए भी पहले कहां कुछ करते थे। उन्होंने कहा



कि लोग भाजपा के बारे में कुछ कुछ बोलते रहते थे, लेकिन जब हमलोग साथ आ गए तो कहां कही बिहार में हिंदू-मुस्लिम का झगड़ा होता है। पहले हमेशा झगड़ा ही होता रहता था। हम आये तो ये सब बंद हुआ। हिंदू हों, मुस्लिम हों या कोई भी जाति के लोग हों सबके लिए हमलोगों ने काम किया। सबके हित में काम किया। इसलिए सबकी हालत भी अच्छी हुई है।

**बिहार अब बदल चुका है :** चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि भाजपा के साथ आज से संबंध नहीं है, बल्कि जब बीजेपी नामकरण हुआ था उसके पहले भी हम लोग साथ थे। हम तो अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार में भी रहे और वे भी कई बार यहां आकर हमको मुख्यमंत्री बनाते रहे, लेकिन यहां पर 2005 से जो हम लोगों ने मिलकर काम किया, तो हम लोगों ने सब चीज को ठीक कर दिया। पहले लोग शाम में घर से नहीं निकलते थे, लेकिन अब कोई दिक्कत है? अब लड़का-लड़की सब रातभर घूमते रहते हैं। हम लोगों ने लोगों के हित में सब काम कराया।

**बिहार में सबके लिए काम हुआ :** मुख्यमंत्री ने कहा कि लड़कियों के पढ़ने के लिए काम हुआ। अब लड़कियां कितनी बड़ी संख्या में पढ़ाई कर रही हैं। महिलाओं को हम लोगों ने पंचायत और नगर निकाय चुनाव में पचास फीसदी आरक्षण दिया। अब कितनी बड़ी संख्या में महिलाएं आगे आ रही हैं। पुलिस की नौकरी में 35 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को देने का काम किया। इसके बाद सभी नौकरियों में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दे दिया। उन्होंने कहा कि मुस्लिम हो या महिला हों सभी के लिए हम लोगों ने काम किया। केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के हित में काम होता है। बिहार के लिए मदद कर रहे हैं।

## भगवान महावीर की जयंती समारोह आयोजित



एजेंसी

**सहरसा।** सर्व नारायण सिंह रामकुमार सिंह महाविद्यालय सहरसा के स्मार्ट क्लास में प्राचीन इतिहास विभाग एवं इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में भगवान महावीर की जयंती मनाई गई। इस समारोह की अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रो डॉ अशोक कुमार सिंह ने की वही कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ विभूति भूषण ने किया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ सिंह ने भगवान महावीर एवं जैन धर्म से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर ज्ञान एवं दर्शन पर अपना विचार व्यक्त किया। डॉ सुधीर कुमार सिन्हा ने कहा की सत्य अहिंसा शांति के मार्ग पर चलने और वर्तमान समय में उनको याद करते हुए उनके विचार को अपने आचरण में उतरना चाहिए। डॉ अवधेश कुमार मिश्रा ने कहा कि अहिंसा, शांति, सत्य हर युग में हर परिस्थिति में अपनाने योग्य है। डॉ अनुज ने महावीर स्वामी को एक समाज सुधारक कहीं। कार्यक्रम के समापन में डॉ विभूति भूषण ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा की कुरीतियों से समाज को बाहर निकालने के लिए जैन धर्म की उत्पत्ति हुई।

## जेल में बाहुबली अनंत सिंह की बिगड़ी तबीयत

### किडनी में समस्या आने पर पटना के अस्पताल में हुए भर्ती

एजेंसी

**पटना।** एक तरफ जहां लोकसभा चुनाव का रण शुरू हो चुका है और बिहार का सियासी पारा भी चरम पर चढ़ता दिख रहा है तो वहीं दूसरी ओर मोकामा के पूर्व विधायक बाहुबली अनंत सिंह की तबीयत जेल में खराब हो गयी. जिसके बाद उन्हें पटना के आइजीआइएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अनंत सिंह को किडनी से संबंधित समस्या आयी है। डॉक्टरों ने उनकी जांच की है और उनका इलाज किया जा रहा है।

**जेल में बिगड़ी अनंत सिंह की तबीयत :** बाहुबली और मोकामा से पूर्व विधायक अनंत सिंह की जेल में अचानक तबीयत खराब होने के बाद उन्हें आइजीआइएमएस में भर्ती कराया गया। यहां आने के बाद डॉक्टरों ने जांच किया तो पेट व किडनी संबंधित बीमारी पायी गयी। इसके बाद उन्हें भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। वहीं संस्थान के डॉक्टरों का कहा कि तीन दिन पहले विधायक अनंत सिंह की तबीयत खराब होने के बाद उन्हें संस्थान में लाया गया, जांच में किडनी की परेशानी मिली।



### डॉक्टर ने बतायी समस्या..

डॉक्टर ने अनंत सिंह के सेहत से जुड़ी जानकारी देते हुए बताया कि उनका क्रियेटिनिन लेवल भी बढ़ गया है। दवा आदि से इलाज चल रहा है। हालांकि डॉक्टरों का कहना है कि तीन दिन के अंदर उनके इलाज में काफी सुधार आया है। फिलहाल वह आइजीआइएमएस के प्राइवेट वार्ड के डीलक्स रूम नंबर 51 में भर्ती हैं, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में इलाज चल रहा है।

**मुंगेर में इस बार एनडीए को अनंत का समर्थन :** गौरतलब है कि पूर्व विधायक अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी अब एनडीए के साथ हैं।

हाल में ही जब बिहार में सियासी उलटफेर हुआ तो नीलम देवी राजद का दामन छोड़कर एनडीए के साथ शामिल हो गयीं। वहीं मुंगेर लोकसभा सीट पर इस बार अनंत सिंह ने एनडीए के प्रत्याशी ललन सिंह को अपना समर्थन दिया है। ललन सिंह के नामांकन में लोगों को आमंत्रित करते हुए अनंत सिंह के पोस्टर भी लगाए गए थे।

वहीं पिछले लोकसभा चुनाव में जहां अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी ने एनडीए उम्मीदवार ललन सिंह के खिलाफ ताल ठोका था तो वहीं इस चुनाव में नीलम देवी ही ललन सिंह की प्रस्तावक बनीं।

## बाईक के आमने-सामने की टक्कर में तीन घायल, एक रेफर

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के आमर गांव के समीप बैरवदानी कनवाह के समीप दो मोटरसाइकिल के आमने-सामने के टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान पलामू जिला के कोसियारा गांव निवासी जनेश्वर राम के 35 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार, 22 वर्षीय पुत्री प्रियंका कुमारी एवं बिहार के नौहट्टा गांव निवासी राजकुमार राम के 28 बच्चे पुत्र मिथुन कुमार के रूप में हुई। घटना के संबां में घायल मनीष कुमार ने बताया कि मैं अपनी छोटी बहन प्रियंका कुमारी को बीएड का एग्जाम दिलवा कर डाल्टनगंज से अपने गांव कोसियारा जा रहा था। इसी बीच आमर गांव के समीप कनवाह के पास मझिआंव से गढ़वा की ओर विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार की मोटरसाइकिल ने अनियंत्रित होकर मेरे मोटरसाइकिल में टकरा



गया। जिसमें गिरकर हम सभी लोग घायल हो गए। इसके बाद मोटरसाइकिल चालक टक्कर मारते हुए फरार हो गया। वहीं दूसरी घटना में कांडी थाना क्षेत्र के चोराटी घाट में एक टेंपो के पलटने से उसपर से गिरे सामान के चपेट में आने से पीछे से जा रहा मोटरसाइकिल चालक घायल हो गया। घायल मोटरसाइकिल चालक की पहचान घोड़दाग गांव निवासी सूर्यदेव राम के लगभग 40 वर्षीय पुत्र गुड्डू कुमार रवि के रूप में हुई। घटना के संबां में घायल गुड्डू कुमार रवि ने बताया कि मैं अपने गांव घोड़दाग से अपने साला अक्षय कुमार के साथ एक मोटरसाइकिल से कांडी जा रहा था। चोराटी घाट पर पहुंचते ही आगे से जा रही सामान से लदा टेंपो डिवाइडर से टकराकर पलट गया और उस पर लदा सामान मेरे ऊपर गिरा और मैं घायल हो गया। घायल मनीष कुमार एवं गुड्डू कुमार रवि को एक्स-रे कराने हेतु गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## 93.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सिम्मी बनी प्रखंड टॉपर

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने मैट्रिक की परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। जिसमें राजकीय उच्च विद्यालय धुरकी की छात्रा हकीमुद्दीन अंसारी की पुत्री सिम्मी खातून ने 93.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रखंड टपर बनी। उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा में 467 अंक प्राप्त किए है। सिम्मी ने हिंदी में 95, अंग्रेजी में 92, गणित में 94, विज्ञान 97, सामाजिक विज्ञान में 89, आईटीएस में 86 अंक प्राप्त किया। वहीं राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय खुटिया के राजेश बेदिया के पुत्र श्रीराम बेदिया ने 88.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन्हे मैट्रिक में 441 अंक प्राप्त मिला। राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय अंबाखोरेया के बसंत ठाकुर की पुत्री रिया कुमारी ने 87.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विालय में प्रथम



स्थान प्राप्त किया। राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय टाटीदीरी के अशोक साह के पुत्र संस्कार कुमार ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इन्हे 460 अंक मिला है। प्रखंड टॉपर सिम्मी खातून ने कहा कि मैट्रिक की रिजल्ट से वे संतुष्ट है। उन्होंने कहा कि मैट्रिक परीक्षा की तैयारी को लेकर प्रतिदिन 5 से 6 घंटे पढ़ाई करती थी। परिश्रम करने वाले लोगों की कभी हार नही होती है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता सहित शिक्षकों व परिजनों को दिया।

## भाजपा नेता ने दिया विद्युत विभाग के विरोध में आंदोलन करने का अल्टीमेटम

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र समेत ग्राम पंचायत के गांवों में लचर विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग को लेकर युवा समाजसेवी सह भाजपा नेता मारुति नंदन सोनी ने अपने सहयोगियों के साथ प्रेस के माध्यम से विद्युत विभाग के विरोध में आंदोलन करने का अल्टीमेटम दिया है।

कहा कि मझिआंव, बरडीहा एवं कांडी प्रखंड क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की व्यवस्था में सुार नहीं होने पर विद्युत विभाग के अधिकारियों के विरोध में पुरजोर



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते मारूति नंदन सोनी

आंदोलन किया जाएगा। गत 13 अप्रैल को उपायुक्त एवं विद्युत विभाग के विद्युत अधीक्षण अभियंता असगर अली से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति कराए जाने को लेकर अनुरोध किया गया था। उनके द्वारा भरोसा दिलाया गया था कि दो-चार दिन में उत्तर प्रदेश के रिहंद से बिजली के आपूर्ति हर हाल में करा दी जाएगी। लेकिन बिजली की व्यवस्था में सुधार नहीं हो सका। अब उन पर उग्र आंदोलन के अलावा कोई रास्ता नहीं बचता है। कहा कि क्षेत्र में तापमान बढ़ने से क्षेत्र की जनता बेहाल है। ऐसे में सच कहा जाए तो बिजली विभाग के रवैया के कारण क्षेत्र में बिजली के समस्या लोगों की समस्या और बढ़ा दी है।

जिससे बिजली विभाग के रवैए के कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इसके बावजूद भी संबंधित विभाग के अधिकारियो के प्रति काफी नाराजगी देखी जा रही है। व्यवस्था में सुधार के लिए कई बार आवेदन दिया गया है। लेकिन आवेदन का असर अभी तक नहीं पड़ा। उन्होंने कहा कि गढ़वा मुख्यालय शहर में 24 घंटे में लगभग 20 घंटे बिजली के आपूर्ति कराई जा रही है। इसी तरह भवनाथपुर में 24 घंटे के अंदर 16 घंटे बिजली के आपूर्ति की जा रही है। इसी तरह अन्य प्रखंडों में भी बिजली की स्थिति लगभग ठीक-ठाक है। लेकिन बहुत बड़ी दुर्भाग्य है कि मझिआंव, बरडीहा, एवं कांडी प्रखंडों में बिजली की घोर समस्या है। मौके पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विजय कमलापुरी, कृष्णानंद मिश्रा, प्रेमानंद त्रिपाठी, डॉ धनंजय सिंह, बृज बिहारी सिंह, विवेक सोनी, पप्पू जायसवाल आदि उपस्थित थे।

खबर एक नजर में

## आर्केस्ट्रा ग्रुप में छापेमारी,दो नाबालिग लड़की को कराया गया मुक्त

**पूर्वी चंपारण।** जिले के तुरकौलिया थाना क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित आर्केस्ट्रा के नाम पर नाबालिक लड़कियों को बहला फुसलाकर देह व्यापार कराने की सूचना पर सामाजिक संस्था व मानवाधिकार रक्षक ट्रस्ट संगठन पूर्वी चंपारण के द्वारा रविवार को छापेमारी की गई। जहां से दो नाबालिक लड़कियों को संगठन ने मुक्त कराया है। संगठन के जिलाध्यक्ष प्रिया कुमारी ने आर्केस्ट्रा से मुक्त कराई गई दोनो लड़कियों को थाना को सौंपा है। साथ ही उन्होंने आवेदन देकर आर्केस्ट्रा संचालक हरसिद्धि के धवही गांव के सुरेश पटेल के पुत्र राजा कुमार पटेल को नामजद अभियुक्त बनाया है। उन्होंने एफआईआर में कहा है कि अवैध रूप से आर्केस्ट्रा के आड़ में नाबालिक लड़कियों से अवैध कार्य कराने की सूचना पर छापेमारी की गई थी। जहा आर्केस्ट्रा संचालक राजा ने पश्चिम बंगाल से दो नाबालिक लड़की को लाकर अवैध कार्य करा रहा था। उन्होंने बताया कि नाबालिक लड़कियों को मुक्त कराने का कार्य लगातार जारी रहेगा। थानाध्यक्ष सुरेश कुमार यादव ने बताया कि आर्केस्ट्रा संचालक राजा पटेल के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित अन्य सुसंगत धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है। मुक्त कराई गई लड़की को बालिका गृह में भेजा गया है।

## फारबिसगंज में तेज रफ़्तार बाइक की टक्कर से एक महिला की मौत

**फारबिसगंज/अररिया।** फारबिसगंज-जोगबनी रोड में मिथिला पब्लिक स्कूल के समीप एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने सड़क क्रॉस कर रही एक महिला को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को स्थानीय लोगों की मदद से अनुमंडलीय अस्पताल फारबिसगंज लाया गया,जहां अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। वही, सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अररिया भेज दिया। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर मामला की तहकीकात कर रही है। मृतक महिला की पहचान फारबिसगंज थाना क्षेत्र के मटियारी वार्ड संख्या 3 निवासी मो बबलू की पत्नी सकीना खातून रूप में हुई है।

## पूर्णिया रेंज के डीआईजी विकास कुमार ने हवाई फिल्ड में सुरक्षा का लिया जायजा

**अररिया।** फारबिसगंज हवाई फील्ड के मैदान में 26 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की होने वाली चुनावी जनसभा को लेकर पूर्णिया रेंज के डीआईजी विकास कुमार रविवार को फारबिसगंज पहुंचे,जहां उन्होंने अररिया एसपी अमित रंजन,फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा और थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह के साथ हवाई फील्ड मैदान के सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चुनावी सभा में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया। डीआईजी ने सभा स्थल के साथ साथ बांस से होने वाले बेरेकेडिंग, डी एरिया के निर्माण,हैलीपेड स्थल का निरीक्षण किया।साथ ही चुनावी सभा में उमड़ने वाली भीड़ के मद्देनजर आवाजाही के लिए सड़क आदि का भी जायजा लिया।उन्होंने अधिकारियों और आमजनों के आवाजाही के लिए अलग रूट तैयार करने के निर्देश दिए।

## 12 किमी लंबे रोड शो में शामिल हुए मुख्यमंत्री, उमड़ा जनसैलाब, हुई पुष्प-वर्षा

**पूर्णिया।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को पूर्णिया संसदीय क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी संतोष कुमार कुशवाहा के पक्ष में पोठिया से फलका बाजार तक रोड शो किया। दोपहर बाद 3.30 बजे मुख्यमंत्री मंत्री विजय कुमार चौधरी,राज्य सभा सांसद संजय कुमार झा,विधान पार्षद ललन सर्राफ के साथ नरहैया स्थित हाई स्कूल मैदान पर निर्मित हेलीपैड पर उतरे। जहां एनडीए प्रत्याशी संतोष कुशवाहा ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।इसके बाद मुख्यमंत्री का काफिला सतबहेरा पहुंचा जहां रोड शो के लिए बस खड़ी थी। सतबहेरा से काफिला आगे बढ़कर पोठिया बाजार में रुका जहां जनसैलाब मुख्यमंत्री का इंतजार कर रहा था। यहां हजारों की भीड़ ने मुख्यमंत्री का पुष्प-वर्षा से स्वागत किया।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों का अभिभादन किया और प्रत्याशी संतोष कुशवाहा को जिताने की अपील की। मुख्यमंत्री का काफिला पोठिया के विभिन्न चौक-चौराहे पर रुका जहां लोगों का उन्होंने अभिवादन किया। मुख्यमंत्री के वाहन के आगे-आगे हजारों की भीड़ पैदल चल रही थी वहीं सैकड़ों बाइक के साथ कार्यकर्ता पीछे-पीछे चल रहे थे।

## पेज एक का शेष

### इंडी नेता अपने...

कांग्रेस ने हमेशा दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को डराया और आज भी भांति-भांति के डर और झूठ फैला रहे हैं, लेकिन अब इनका झूठ नहीं चल रहा है. पीएम मोदी ने कहा कि आज देश में एक स्थिर सरकार का होना बहुत जरूरी है।

**देश को ऐसी कांग्रेस नहीं चाहिए :** उन्होंने कहा कि देश को ऐसी कांग्रेस सरकार नहीं चाहिए। देश को 2014 के पहले जो हालात थे, वो हालात दोबारा नहीं चाहिए। उन्होंने भाजपा और जालोर सिरोही का रिश्ता बहुत खास बताते हुए कहा आपने हर बार भाजपा को भरपूर आशीर्वाद दिया है और इस बार भी जालोर सिरोही यही कह रहा है- फिर एक बार मोदी सरकार।। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पांच वर्ष तक जो कांग्रेस की सरकार थी उसने पानी की योजना में भी घोटाला किया जबकि हम हर घर पानी पहुंचाने का काम कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को राजस्थान से राज्यसभा भेजा गया, लेकिन क्या आपने उन्हें फिर से राज्य में देखा। अब पार्टी का एक और नेता राजस्थान से राज्यसभा में चला गया है। उन्होंने सोनिया गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग चुनाव नहीं लड़ सकते और जीत नहीं सकते वे इस बार राजस्थान में आये हैं। देश का युवा कांग्रेस से इतना नाराज है कि वह उनका साथ नहीं देखना चाहता। मोदी ने कहा, परभणी वह भूमि है जिसके लोग शिवसेना के संस्थापक दिवंगत बाल ठाकरे से प्रेरणा लेते हैं। उन्होंने भीड़ से पूछा कि क्या रजाकार मानसिकता के लिए यहां कोई जगह होनी चाहिए।

### एनडीए की सरकार...


रविवार को सीमांचल में जनसभा में श्री शाह ने कहा, मैं लालू यादव को कहना चाहता हूं कि इसी कांग्रेस ने पिछड़ों का विरोध किया। मंडल कमीशन का विरोध किया। अब पिछड़ा समाज के विरोधी कांग्रेस की गोद में लालू और उनके बेटे बैठे हैं। भाजपा ने सबसे पहले पिछडा-अति पिछड़ा वर्ग के गरीब चाय बेचने वाले को प्रधानमंत्री बनाया है। गृह मंत्री अमित शाह ने अपने भाषण की शुरूआत भारत माता की जय के नारे लगवा कर की। उन्होंने कहा कि देश की जनता को ये तय करना है कि अगले पांच साल के लिए देश का प्रधानमंत्री कौन होगा। पूरे देश में लोग मोदी-मोदी के नारे लगाते हैं। कटिहार वालों को कहने आया हूं कि आप मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं तो तीर छाप पर वोट दें। आपका एक-एक वोट मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनायेगा। लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे फेज में सीमांचल के तीन सीटों पर मतदान होना है। कटिहार शहर के राजेंद्र स्टेडियम में गृहमंत्री अमित साह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संयुक्त रूप से एनडीए की ओर से उतारे गये जदयू के प्रत्याशी दुलाल चंद्र गोस्वामी के समर्थन में सभा को संबोधित किया। अमित शाह ने कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे पूछते हैं कि राजस्थान और बिहार का कश्मीर से क्या लेना देना है। खरगे जी, आपको मालूम नहीं है कि बिहार का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए जान देने के लिए तैयार है। धारा 370 को कांग्रेस व लालू यादव की पार्टी दबाकर बैठी थी जिसे मोदी सरकार ने समाप्त कर दिया।

स्पीड न्यूज

### शराब घोटाला:इडी ने पूर्व आइएएस टुटेजा को किया गिरफ्तार

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के (सेवानिवृत्त) अधिकारी अनिल टुटेजा को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। शराब घोटाला मामले में बयान दर्ज करवाने के लिए पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा और उनके पुत्र यश टुटेजा ईओडब्ल्यू-एसीबी कार्यालय पहुंचे थे जहां से श्री टुटेजा की गिरफ़्तारी की गई है। दरअसल कुछ दिनों पहले शराब घोटाला मामले में ईडी ने नई एफआईआर दर्ज की थी।

### अक्षरा का गाना पढ़ लिख के बबुनी रिलीज



**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री अक्षरा सिंह की फिल्म अक्षरा का गाना पढ़ लिख के बबुनी रिलीज हो गया है। फिल्म अक्षरा का सोहर गीत पढ़ लिख के बबुनी वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। सोहर गीत 'पढ़ लिख के बबुनी' जिसमें बेटी पैदा होने पर हर्षोल्लास के साथ खूब खुशियाँ मनाई जा रही है और गीत गवनही गाया जा रहा है। जिस तरह से बेटा पैदा होने पर लोग जश्न मनाते हैं वैसे ही इस घर में बेटी के जन्म लेने पर सब खुश होकर नाच गा रहे हैं। इस गाने में अक्षरा सिंह संस्कारी बहु के रूप में नजर आ रही हैं। इस गाने को अल्का झा, विकास सोनकर ने गाया है। इसके गीतकार प्यारेलाल यादव कवि जी और संगीतकार ओम झा हैं।

### झालावाड़ में ट्रेलर और मारुति में टक्कर, नौ मरे

**जयपुर।** राजस्थान में झालावाड़ जिले के अकलेरा थाना क्षेत्र में ट्रेलर और मारुति वैन के टकराने से रविवार को नौ लोगों की मौत हो गई।जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर पचोला पास बारातियों से भरी वैन को एक तेज रफ्तार ट्रैलर ने टक्कर मार दी। हादसे में नौ लोगों की मृत्यु हो गई जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा इतना भयानक था कि टक्कर के बाद वैन के परखच्चे उड़ गए और मौके पर चीख-पुकार मच गई। अकलेरा थाना प्रभारी संदीप बिश्नोई ने बताया कि हादसा थाने से करीब पांच किलोमीटर दूर भोपाल मार्ग पर हुआ।

### छत्तीसगढ़ के स्कूलों में गर्मी के चलते छुट्टी

रायपुर। छत्तीसगढ़ में अप्रैल माह में पिछले कुछ दिनों से तेज गर्मी के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है जिसको देखते हुए स्कूलों में सोमवार से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया है। बदलते मौसम के कारण बच्चे बीमार हो रहे हैं। इस स्थिति को देखते हुए अभिभावकों ने स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश की मांग की थी।

### आगरा में एक्सप्रेस-वे पर हादसा, पांच मरे

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में कुबेरपुट कट के पास एक्सप्रेस-वे पर शनिवार देर रात एक कार का टायर फटने से पांच बारातियों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हुए हैं। मृतकों में दूल्हे का भाई भी है। यह बारात ग्रेटर नोएडा से देवरिया जा रही थी। पुलिस के मुताबिक ग्रेटर नोएडा के निवासी संतोष की बरात देवरिया जा रही थी। रास्ते में कार का टायर फटने से यह हादसा हुआ। मृतकों की पहचान नोएडा निवासी चंदन कुमार , बिहार के गौतम कुमार , सुदेश कुमार, संजीव शर्मा और प्रवीण के रूप में हुई है।

# मोदी ने 10 साल में 12 करोड़ नौकरी छीनी : खड़गे

## युवाओं के लिए रोजगार, चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा

- प्रधानमंत्री ने सैंकड़ों रैलियों में कभी नहीं कहा, सरकार ने 10 साल में कितने रोजगार दिए
- देश के युवाओं पर थोपी गई अग्निवीर बंद करेगी कांग्रेस



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर साल 2 करोड़ नौकरी देने का वादा किया था,और 10 साल में 20 करोड लोगों को रोजगार देना था,लेकिन इस अवधि में उल्टे 12 करोड लोगों की नौकरी छीन ली। खड़गे ने कहा कि युवाओं के लिए रोजगार, चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा है। मोदी जी की सैंकड़ों रैलियों में आपने उनके मुँह से कभी ये नहीं सुना कि उनकी सरकार ने पिछले 10 साल में कितने रोजगार दिए। दस साल में 20 करोड़ नौकरियां देनी थी, 12 करोड़ से ज्यादा छीन ली। उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी युवा न्याय के तहत रोजगार क्रांति लाएगी, ताकि भर्ती परीक्षाओं से नौकरी मिलने तक का सफर हम आसान बना सके। भर्ती भरोसा - 30 लाख सरकारी नौकरियों के पद भरेंगे।

**पहली नौकरी पक्की :** अप्रेन्टिसशिप के अधिकार से हर डिग्री, डिप्लोमा धारक की पहली नौकरी पक्की व एक साल में एक रुपये लाख मानदेय। पेपर लीक से मुक्ति दी जाएगी और नौकरी परीक्षाओं के लिए पेपर लीक होने के मामलों का निपटारा करने के लिए फास्ट ट्रैक अदालतों का गठन कर पीड़ितों को मुआवजा प्रदान करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि गिग इकॉनॉमी के लिए सामाजिक सुरक्षा हम गिग इकॉनॉमी में कार्यरत श्रमिकों के अधिकारों के संरक्षण के लिए सामाजिक सुरक्षा का कानून बनाएँगे। युवा रोशनी के तहत स्टार्ट-अप के लिए फंड ऑफ फंड्स योजना का पुनर्गठन करेगी और उपलब्ध फंड का 50 प्रतिशत, 5,000 करोड़ रुपए, जहां तक संभव हो, देश के सभी जिलों में समान रूप से आवंटित करेगी ताकि देशभर में 40 वर्ष से कम उम्र के युवाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए धन उपलब्ध कराया जा सके जिससे वो अपने व्यवसाय को बढ़ा सके और रोजगार के अवसर पैदा करें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देशभक्त युवाओं पर थोपी गई अग्निवीर योजना बंद करेगी। व्यापक बेरोजगारी के कारण, कांग्रेस सभी छात्र शैक्षिक ऋणों के संबंध में 15 मार्च 2024 तक ब्याज सहित ऋण की देय राशि को माफ करेगी और बैंकों को सरकार द्वारा प्रतिपूर्ति की जाएगी। 21 वर्ष से कम आयु के प्रतिभाशाली और उभरते खिलाड़ियों को प्रति माह 10,000 रुपये की खेल छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस सरकार सरकारी परीक्षाओं में आवेदन शुल्क समाप्त करेगी। उन आवेदकों को एक बार कि राहत दी जाएगी जो महामारी के समय 1 अप्रैल 2020 से 30 जून 2021 के दौरान सरकारी परीक्षा देने में असमर्थ रहे। अमल करेंगे अपनी हर बात। हाथ बदलेगा हालात ।

## सरकार बनी तो संसद के पहले सत्र में ही सीएए होगा वापस : चिदंबरम



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने रविवार को कहा कि आईएनडीआईए की सरकार बनी तो नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को वापस लिया जाएगा। कांग्रेस ने भले ही अपने घोषणापत्र में इसका जिक्र नहीं किया लेकिन संसद से पहले सत्र में इसे वापस लिया जाएगा। कांग्रेस के घोषणापत्र के जारी होने बाद कुछ मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया था कि पार्टी ने आखिरी समय में इसे अपने घोषणा पत्र से हटाया है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में सीएए का उल्लेख नहीं होने से पार्टी वाम दलों के निशाने पर है। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने इसको लेकर पार्टी की आलोचना की थी। चिदंबरम ने तिरुवनंतपुरम में पत्रकारों से कहा कि पार्टी कई कानूनों को वापस लेगी। वे घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष रहे हैं। घोषणापत्र में भले ही इसका उल्लेख नहीं किया गया लेकिन इसे वापस लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी ने इसका विरोध में संसद में भी किया था। तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर ने इसके खिलाफ संसद में पार्टी की ओर से पक्ष रखा था। चिदंबरम ने कहा कि गठबंधन सरकार बनने पर एक विशेष कानून लाया जाएगा। इसके तहत जमानत नियम, जेल अपवाद होगा। केरल के महान सपूत जस्टिस कृष्णा के शब्दों में जमानत नियम है, जेल अपवाद है। निचली न्यायपालिका, मजिस्ट्रेट और जिला न्यायाधीशों में इस नियम का शायद ही कभी पालन किया जाता है। हर कोई जमानत पाने के लिए सुप्रीम कोर्ट नहीं जा सकता है।

### पंजाब में चरम पर है नशे, फिरौती और गैंगवार : अनुराग

**जालंधर।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने रविवार को कहा कि आम आदमी पार्टी ने नशा मुक्त पंजाब की बात की थी लेकिन नशा युक्त पंजाब बना दिया है। ठाकुर ने कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद यहां नशे का कारोबार, फिरौती, गैंगवार और भ्रष्टाचार का खेल चरम पर है। उन्होने कहा कि आजादी के बाद से शायद यह पहले पार्टी की सरकार होगी जिसका स्वास्थ्य मंत्री, शिक्षा मंत्री, उप मुख्यमंत्री और स्वयं मुख्यमंत्री जेल में हैं। पंजाब में भी सरकार बनने के दो महीने के अंदर स्वास्थ्य मंत्री का इस्तीफा हो जाता है। श्री ठाकुर ने कहा कि सरकार बनने से पहले नैतिकता की दुहाई देने वाले आज जमानत के लिए तरह-तरह के षड्यंत्र रच रहे हैं। राजनीति में आने से पहले केजरीवाल कहते थे कि भ्रष्टाचार खत्म करने आ रहे हैं। खुद भ्रष्टाचार के दलदल में डूबे हुए हैं। कहते थे इस कुर्सी में ही खोट है जो बैठता है भ्रष्टाचारी हो जाता है। स्वयं अपनी बात को चरितार्थ कर रहे हैं।



### छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में योगी का अनोखा स्वागत

**छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में रविवार को भाजपा के स्टार प्रचारक एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगमन से पूर्व बुलडोजर रैली निकाली गयी। योगी के बुलडोजर एक्शन और उनकी लोकप्रियता को लेकर शहर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुलडोजर रैली निकाली।**

# देश की सीमाएं सुरक्षित

## आतंकवाद और नक्सलवाद के सामने घुटने नहीं टेकता भारत : योगी

**एजेंसी**

**कोरबा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को छत्तीसगढ़ के कोरबा में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दस साल में हमने बदलते भारत को देखा है।एक ऐसा भारत जिसका विश्व में सम्मान बढ़ा है। आज भारत की सीमाएं सुरक्षित हैं। आज का भारत आतंकवाद और नक्सलवाद के सामने घुटने नहीं टेकता है। कोरबा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की प्रत्याशी सरोज पांडे के समर्थन में सीएसईबी ग्राउंड में आयोजित जनसभा में आदित्यनाथ ने कांग्रेस शासनकाल को याद करते हुए कहा कि उस दौरान देश में नक्सलवाद और आतंकवाद चरम पर था। तो वहीं मोदी सरकार नक्सलवाद और आतंकवाद को कम करने में सफल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत जहां 80 करोड़ नागरिकों को मुफ्त राशन दे रहा है, वहीं पड़ोसी पाकिस्तान में 23 करोड़ लोग भूख से लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं के हाथों में टैब होना चाहिए था लेकिन कांग्रेस सरकारों ने उन्हें पिस्तौल थमा दी। कांग्रेस युवाओं के भविष्य के साथ खेलती है और समाज को बांटने का काम करती है। जब कांग्रेस के नेता और विपक्ष के नेता कुछ नहीं कर सकते तो वो प्रधानमंत्री मोदी को गाली देना शुरू कर देते हैं लेकिन मोदीजी के लिए पूरा देश एक परिवार है। वह 140 करोड़ भारतीयों की सेवा करने के लिए काम करते हैं। वर्ष 2014 के पहले किसान आत्महत्या करता था। बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं थी। आतंकी कहीं भी घुसकर बम विस्फोट करते थे। अब कुछ भी होता है तो पाकिस्तान पहले सफाई दे देता है कि हमने कुछ नहीं किया। उसे पता है कि अगर किसी भी धमाके में पाकिस्तान का हाथ आया तो भारतीय सेना घर में घुसकर मारेगी।

### युवाओं के हाथों में टैब होना चाहिए था, लेकिन कांग्रेस सरकारों ने थमा दी पिस्तौल




### भगवान राम का ननिहाल है छत्तीसगढ़

आदित्यनाथ ने कहा कि यह भगवान राम का ननिहाल है। माता कौशल्या का मायका है। इसलिए रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का सबसे ज्यादा उल्लास कहीं था तो छत्तीसगढ़ में था। ऐसा कौन है जिसे ननिहाल अच्छा नहीं लगता। हमारे लिए भी यह ननिहाल है।

# बंगाल में बदमाशों का हौसले बुलंद और डरे हुए हैं शरीफ : राजनाथ

- संदेशखाली में इडी-सीबीआई जांच के लिए आते हैं तो उनके ऊपर हमले करते हैं गुंडे
- भाजपा का शासन स्थापित होते ही सभी गुंडे काबू में होंगे



**एजेंसी**

**कोलकाता।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में अराजकता का माहौल है। देश में पश्चिम बंगाल अपने अपराध के लिए जाना जा रहा है और सांप्रदायिकता के लिए इसके चर्चे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां गुंडे, बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। शरीफ लोग डरे हुए हैं। राजनाथ सिंह ने रविवार को बंगाल के मुर्शिदाबाद में चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान राजनाथ ने प्रदेश की ममता बनर्जी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यहां एक महिला मुख्यमंत्री के रहते संदेशखाली जैसी घटनाएं होती हैं। यहां ईडी-सीबीआई जांच के लिए आते हैं तो उनके ऊपर गुंडे हमले करते हैं। संदेशखाली की घटना से पूरी मानवता शर्मसार हुई है। राजनाथ ने कहा कि यह विद्वानों की धरती है, लेकिन अब पश्चिम बंगाल अराजकता और अपराध के लिए जाना जाता है। यहां संदेशखाली जैसी घटनाएं होती हैं, वो भी तब, जब एक महिला मुख्यमंत्री है। उन्होंने कहा कि भाजपा का शासन स्थापित होते ही सारे गुंडे काबू में आ जाएंगे। एक बार पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी का झंडा फहरा दीजिए, फिर हम देखते हैं कि किसकी हिम्मत है जो संदेशखाली जैसी घटना को दोहराने की जुर्रत कर सके।

### इजरायली हिंसा के विरोध में वेस्ट बैंक में हड़ताल

यरूशलेम। तुल्कर्म और गाजा पट्टी के शरणार्थी शिविरों में इजरायल द्वारा फिलिस्तीनियों की हत्या के विरोध में वेस्ट बैंक में रविवार को हड़ताल है।हड़ताल का आह्वान अन्य समूहों के अलावा फतह आंदोलन ने भी किया है। रविवार सुबह रामल्लाह की सड़कों पर बहुत कम गाड़ियां दिखी और दुकानें बंद हैं। इस बीच, उत्तरी वेस्ट बैंक शहर हेब्रोन में रविवार सुबह इजरायली सैनिकों ने दो फिलिस्तीनियों की गोली मारकर हत्या कर दी। फि लिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि उसे इजरायल के अधिकारियों ने ही मौत की सूचना दी। फिलिस्तीनियों ने पहले एक चेकपॉइंट पर इजरायली सैनिकों पर हमला किया था। 7 अक्टूबर को गाजा पट्टी में इजरायल और हमास के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से वेस्ट बैंक में स्थिति काफी खराब हो गई है।



### अमित शाह ने सिलचर में किया रोड शो

**कछार। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को बराक घाटी के कछार जिला मुख्यालय सिलचर में रोड शो किया। इस दौरान गृहमंत्री के साथ मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्व सरमा, सिलचर सीट से भाजपा के उम्मीदवार परिमल शुक्लबैद्य के साथ ही कई वरिष्ठ भाजपा के नेता मौजूद थे।**

### बेरोजगारी व महंगाई को लेकर प्रियंका ने मोदी पर बोला हमला

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने रविवार को छत्तीसगढ़ में बालोद जिले के हथौद और राजनांदगाव के ग्राम मोहड़ में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। प्रियंका ने बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे पर केंद्र की मोदी सरकार के साथ-साथ छत्तीसगढ़ की सरकार पर जमकर निशाना साधा। प्रियंका ने कहा कि चुनाव के मौके पर दो बहुत जरूरी मुद्दों को अपने मन में रखें। देश का भविष्य क्या होगा और आपकी मेहनत और संघर्ष की सुनवाई हो रही है या नहीं। उन्होंने कहा कि 45 सालों में यहां पर बेरोजगारी चरम पर है, आज हम अपने जीवन से संघर्ष कर रहे हैं, पैसे कमाते है लेकिन बचत नहीं होती, क्योंकि महंगाई बहुत है।

# एसबीआइ लाइफ ने लॉन्च किया आइडिएशनएक्स

SBI Life
Apne liye. Apno ke liye.

- देश भर के बिजनेस स्कूलों के युवाओं को अभिनव बीमा समाधान अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना उद्देश्य

**नयी दिल्ली।** देश की सबसे भरोसेमंद निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, ने आइडिएशनएक्स का पहला संस्करण लॉन्च किया है। यह एक अग्रणी पहल है, जो बीमा उद्योग के भविष्य में क्रांति लाने का वादा करती है। इस इनोवेटिव प्लेटफॉर्म का उद्देश्य देश भर के बी-स्कूलों के युवाओं को सोचने, नए-नए रिसर्च करने और लीक से हटकर जीवन बीमा समाधान पेश करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

इस पहल के पीछे मुख्य उद्देश्य युवाओं और उनकी सोच को शामिल करना विभिन्न बीमा आवश्यकताओं की पहचान करना और उन जरूरतों को पूरा करने वाले उत्पाद समाधानों की अवधारणा को प्रस्तुत करना है। 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए भारत का सुनहरा भविष्य जीवन बीमा उद्योग के लिए एक विशाल अवसर प्रस्तुत करता है। भारत में 3% की बीमा पैठ के साथ ही साथ इसमें विकास की अपार संभावनाए हैं, जो लाखों लोगों को वित्तीय सुरक्षा, डिजिटल परिवर्तन, रोजगार और इनकम का निर्माण करता है। आईआरडीएआई के '2047 तक सभी के लिए बीमा' के विजन को आत्मसात करते हुए एसबीआई लाइफ के आइडिएशनएक्स का लक्ष्य नवाचार और विचारों से युक्त एल लीडरशिप को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं को शामिल करना और उन्हें प्रेरित कर सशक्त बनाना है, जो लंबे समय में उपभोक्ताओं और इस क्षेत्र के लिए फायदेमंद साबित होगा। एसबीआई लाइफ-आइडिएशनएक्स के उद्घाटन संस्करण में पुणे में एनआईए, अहमदाबाद में निरमा, मुंबई में एसआईईएस, मुंबई में केजे सोमैया, कोलकाता में आईएमआई, गुड़गांव में बीएमएल मुंजाल, हैदराबाद में आईएमटी और बंगलूरू में क्टए जैसे बी-स्कूलों का प्रतिनिधित्व करने वाले 1000 से अधिक युवाओं की उत्साही भागीदारी देखी गई। स्क्रीनिंग टेस्ट के बाद लगभग 320 श्रेष्ठ छात्रों का चयन किया गया और अंतिम दौर में प्रत्येक टीम में पांच सदस्यों की आठ टीमें शामिल थीं। इन आठ फाइनलिस्ट टीमों में से, आइएमई बैंगलोर अपने गैर परंपरागत विचार के लिए एसबीआई लाइफ आइडिएशन एक्सविनर के प्रतिष्ठित खिताब का दावा करते हुए विजेता बनकर उभरा, जिसका उद्देश्य आज के उपभोक्ताओं और बड़े पैमाने पर उद्योग की अनूठी बीमा जरूरतों को पूरा करना है एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के चीफ एक्चुअरी व चीफ रिस्क ऑफिसर, सुभेंदु बाल ने कहा कि हम एसबीआई लाइफ आइडिएशन एक्स के पहले संस्करण के लिए जबरदस्त प्रतिक्रिया से अभिभूत हैं। यह अपनी तरह की अनूठी पहल है जो रचनात्मक शक्तियों को उत्प्रेरित करती है। देश भर में बी-स्कूल के छात्रों को बीमा क्षेत्र के लिए आउट-ऑफ-द-बॉक्स समाधान खोजने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवा छात्रों द्वारा प्रस्तुत असाधारण विचार उन प्लेटफॉर्म्स के महत्व को दर्शाते हैं, जो उद्योग के लीडर्स के रूप में स्प्रिंग-बोर्ड प्रबंधन छात्रों को समस्या के समाधान पेश करते हैं।

### 2023-24 में प्रत्यक्ष कर 17.70 % बढ़ा

**नयी दिल्ली।** वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह (अनंतिम) केन्द्रीय बजट में किए गए अनुमान से 1.35 लाख करोड़ रुपये यानी 7.40 प्रतिशत अधिक रहा है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने रविवार को बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में शुद्ध कर संग्रह 19.58 लाख करोड़ रुपये का रहा, जोकि पिछले वित्त वर्ष 2022-23 के 16.64 लाख करोड़ रुपये के शुद्ध संग्रह की तुलना में 17.70 प्रतिशत अधिक है। मार्च में समाप्त वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष कर राजस्व का बजटीय अनुमान (बीई) 18.23 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था, जिसे संशोधित किया गया और संशोधित अनुमान (आरई) 19.45 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किया गया। प्रत्यक्ष कर संग्रह (रिफंड का शुद्ध) बजटीय अनुमान से 7.40 प्रतिशत और संशोधित अनुमान से 0.67 प्रतिशत अधिक हो गया है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !